मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.1 | 18.1 |
| जमशेदपुर | 29.5 | 16.0 |
| डालटनगंज | 30.6 | 13.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची एवं पटना से प्रकाशित

रांची ● शनिवार, 25 नवंबर 2023 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 12, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 217

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in




पेज 8-9

## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- चीन में बच्चों में सांस संबंधी बीमारी पर सरकार गंभीर
- फिलीस्तीन पर अपने पहले के बयान से पलटे पाक राष्ट्रपति
- पीएम सुनक को सर्वेक्षणों में मामूली बढ़त मिली
- चीन 5 यूरोपीय देशों को बगैर वीजा के यात्रा की अनुमति देगा

**नेशनल**
- एमपी में बेरोजगारों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार
- सिटी बैंक, बीओबी, आईओबी पर 10.34 करोड़ का जुर्माना
- देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 595.40 अरब डॉलर पर
- आज 'चेंज ऑफ गार्ड' राष्ट्रपति भवन में नहीं होगा

**स्टेट**
- गोड्डा में पासपोर्ट सेवा केंद्र का विदेशमंत्री ने किया उद्घाटन
- सीएम नीतीश कुमार भरेंगे झारखंड जदयू में जोश
- हाथियों की मौत मामले में दोषियों पर होगी कार्रवाई
- झारखंड पुलिस के पास 75769 मामले पेंडिंग

**स्पोर्ट्स**
- डेविस कप : सुमित-शशि का पाक जाने से इनकार
- पंजाब राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचा
- भारत 'ए' क्रिकेट टीम का द. अफ्रीका दौरा 26 दिसंबर से
- गौरी ने डीजीसी एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप जीती

## किसने क्या कहा

- नरसिंह राव हमेशा कांग्रेस की दिवंगत नेता इंदिरा गांधी के साथ थे : **प्रियंका गांधी**
- 'राम मंदिर' पूर्वजों के बलिदान और भावनाओं की सिद्धि : **योगी आदित्यनाथ**
- जब भी मैं और शाहरुख साथ आते हैं तो इतिहास बन जाता है : **सलमान खान**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,300 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

## ब्रीफ खबरें

### चीन में फैली बीमारी पर भारत की नजर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों और एच9एन2 संक्रमण के मामलों पर निकटता से नजर रख रहा है.मंत्रालय ने कहा कि चीन में सामने आए एवियन इन्फ्लूएंजा के मामले और श्वसन संबंधी बीमारियों से भारत को कम जोखिम है. उसने कहा कि भारत चीन में इन्फ्लूएंजा की स्थिति से उत्पन्न हो सकने वाली किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है. उपलब्ध जानकारी के अनुसार, चीन में पिछले कुछ सप्ताह से श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले बढ़े हैं. इसको लेकर पूरी दुनिया में चिंता है.

### इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम

**गाजा पट्टी।** इजराइल और हमास के बीच समझौते के तहत चार दिवसीय युद्ध विराम शुक्रवार को सुबह प्रभावी हो गया और इसी के साथ इजराइल में कैद फलस्तीनियों और गाजा में उग्रवादियों द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों की अदला-बदली का मंच तैयार हो गया है. युद्ध विराम के कुछ घंटे बाद संघर्ष की कोई खबर नहीं है. इस कूटनीतिक सफलता से गाजा में 23 लाख लोगों के लिए कुछ राहत दिखाई दे रही है, जिन्होंने हफ्तों तक इजराइली बमबारी को सहा है. यह इजराइल में उन परिवारों के लिए भी राहत भरी खबर है जो 7 अक्टूबर के हमास के हमले के दौरान बंदी बनाए गए अपने प्रियजनों को लेकर चिंतित हैं.

### राजस्थान में मतदान आज, तैयारियां पूरी

**जयपुर।** राजस्थान में विस चुनाव के लिए वोट शनिवार को होगा. तैयारियां पूरी हैं. राजनीतिक गलियारों में राज्य के इस चुनाव को राज (सरकार) और रिवाज बदलने की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है. बीते कुछ दशकों में, परंपरागत रूप से राज्य में हर विधानसभा चुनाव में राज यानी सरकार बदल जाती है. एक बार कांग्रेस एक बार भाजपा. भाजपा को बाकी बातों के अलावा इस ''रिवाज'' से बड़ी उम्मीद है जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि इस बार यह ''रिवाज'' बदलेगा और दोबारा उसकी सरकार बनेगी.

### चतरा में नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**चतरा।** भाकपा माओवादी संगठन का सबजोनल कमांडर बबन भोक्ता गिरफ्तार हुआ है. जिले के एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस की टीम ने बबन भोक्ता को चतरा-गया जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार किया. गिरफ्तार नक्सली कमांडर से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है. हालांकि गिरफ्तारी की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है. नक्सली कमांडर की लंबे समय से पुलिस को तलाश थी. वह पुलिस के साथ कई हुए मुठभेड़ों में भी शामिल रहा था. इसके अलावा बबन भोक्ता के ऊपर चतरा के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं.

## गोड्डा में मलेरिया बेकाबू



# सुंदरपहाड़ी में 4 की मौत, सैकड़ों पीड़ित

### प्रशासन अलर्ट » अब तक 1500 लोगों की हुई जांच, 138 लोग पॉजिटिव मिले

संवाददाता। गोड्डा

जिले के सुदूरवर्ती सुंदरपहाड़ी प्रखंड के दुर्गम इलाके की बड़ा सिंदरी पंचायत में मलेरिया का भीषण प्रकोप फैल गया है. इसकी सूचना मिलते ही प्रशासन बचाव के लिए हरकत में आ गया है.

जिला मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग की टीम इलाके में कैंप कर रही है. गोड्डा डीसी जीशान कमर ने मलेरिया से चार लोगों की मौत की पुष्टि की है. साथ ही डीसी ने बताया कि पंचायत के 138 से अधिक लोग मलेरिया की चपेट में आ गए हैं.

### आयुक्त कर चुके हैं दौरा, डीसी कर रहे मॉनिटरिंग

इसको लेकर संथाल के आयुक्त लालचंद डाडेल हालात का जायजा ले चुके हैं. वहीं डीसी जीशान कमर भी मॉनिटरिंग कर रहे हैं. टीम को मलेरिया प्रभावित गांव में सर्वे का कार्य पूरा



करने का निर्देश दिया है. डीसी ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि गांवों में कैंप कर रही टीमों को स्पष्ट निर्देश है कि एक-एक व्यक्ति की जांच कर जरूरी दवाएं उपलब्ध कराएं. अब तक 1500 लोगो की जांच की जा चुकी है. जिनमें 138 मलेरिया पॉजिटिव मिला है. इन्हें मलेरिया की दवा कुनैन और क्लोरोक्वीन दी जा रही. इसके साथ ही मेडिकेटेड मच्छरदानी समेत अन्य किट भी उपलब्ध कराई गई है. दवा का सेवन कैसे करना है, इसकी जानकारी दी जा रही है. जबकि गंभीर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है. सभी डॉक्टरों को स्वास्थ्य केंद्र में रहने का सख्त निर्देश दिया गया है.

### सुंदरपहाड़ी के 16 गांवों में फैला मलेरिया

बता दें कि सुंदरपहाड़ी के 16 से अधिक गांवों में मलेरिया का फैल गया है. इसको लेकर प्रभावित गांवों में हर व्यक्ति की मलेरिया की जांच करने का निर्देश दिया गया है. साथ ही हर परिवार को कुनैन टैबलेट और क्लोरोक्वीन का वितरण करने का निर्देश दिया गया है. साथ ही दवा का सेवन कैसे करना है यह भी निर्देश दिया गया है. प्रशासन ने कहा कि गंभीर रूप से बीमार लोगों को तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराना का निर्देश दिया गया है. सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को रात में भी अस्पताल में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है. इसको लेकर गोड्डा एसपी ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षा का भरोसा दिया है.

### दुर्गम इलाके में सेवा पहुंचाना चुनौती

गौरतलब है कि सुंदरपहाड़ी का इलाका दुर्गम होने के साथ ही नक्सल प्रभावित भी रहा है. हालांकि बरसात के बाद पहाड़ों के लिए मलेरिया हर बार मुसीबत लेकर आती है. जिसमें लोग मलेरिया के साथ ही कालाजार के भी शिकार होते हैं. कालाजार में तो मरीज की बीमारी लंबी खिंचती हैं, लेकिन मलेरिया जानलेवा होता है. वहीं दूसरी ओर बरसात में दुर्गम रास्ते बारिश के कारण और भी खराब हो जाते हैं. इस कारण स्वास्थ्य सेवाएं पहाड़ों तक पहुंचाने में परेशानी होती है. साथ ही आज भी इन इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. क्षेत्र में शिक्षा, सड़क और बिजली की घोर समस्या है. अब जब मुसीबत आई है, प्रशासन की नजर समस्याओं पर पड़ी है.

## झारखंड सरकार की नई एमएसएमई पॉलिसी

# खुलेंगे रोजगार के द्वार

**शुभम संदेश खास खबर**

कौशल आनंद। रांची

झारखंड सरकार द्वारा तैयार की गयी नई एमएसआई (माइक्रो, स्मॉल एवं मीडियम इंटरप्राइजेज) प्रोत्साहन नीति से झारखंड में विकास और रोजगार के नए द्वार खुलने के आसार हैं. राज्य सरकार ने इसमें कई ऐसे प्रावधान किए हैं, जिसका फायदा आम लोगों को मिलेगा. इस नीति की सहायता से लोगों को आधुनिकतम तकनीकी उन्नयन, आवश्यक सुविधाएं, उत्पाद डिजाइन सहित उत्पाद लिकेंज प्रदान किए जाएंगे. इसके साथ ही बाजार सहायता और आकर्षक वित्तीय एवं गैर वित्तीय प्रोत्साहन की सुविधा प्रदान कर उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाने के उपाए किए गए हैं.

**संगठित तरीके से वनोत्पाद को बाजार उपलब्ध कराना लक्ष्य :** योजना में किए गए प्रावधानों के तहत अब राज्य का युवा वर्ग खुद अपने स्तर से अपना लघु एवं सूक्ष्म उद्यम आसानी से लगा सकेंगे. इससे न केवल रोजगारों का सृजन होगा, बल्कि राज्य के युवा अपने पैरों पर खड़े होकर राज्य के आर्थिक विकास में अपना सहयोग करते हुए छोटे, मंझोले उद्यमी की श्रेणी में आकर खड़े हो सकते हैं. दरअसल झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में वनों पर आधारित कई उत्पाद हैं, जिनकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत डिमांड है. ग्रामीण क्षेत्रों में वनों पर आधारित उत्पाद तो तैयार हो रहे हैं, लेकिन उन्हें संगठित तरीके से बाजार नहीं मिल पा रहा है. इसे देखते हुए झारखंड सरकार ने केंद्र की एमएसआई पॉलिसी से अलग अपनी नई पॉलिसी तैयार कर ली है.



### मुख्य बातें

- अब राज्य के युवा सूक्ष्म, लघु उद्योग लगा कर बन सकेंगे उद्यमी
- राज्य की आर्थिक प्रगति में कर सकेंगे अपना योगदान
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मार्केट में खुद को कर सकेंगे स्थापित
- वन और ग्रामीण उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है लक्ष्य

### क्या है योजना का उद्देश्य

- राज्य में नई एवं मौजूदा एमएसएमई इकाई के विकास को बढ़ावा देना
- **मौजूदा एमएसएमई इकाई के विस्तार एवं विविधीकरण को बढ़ावा देना**
- रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और युवा उद्यमियों को समर्थन देना.
- **एमएसएमई के बीच औपचारिकीकरण और डिजिटलीकरण की गति में तेजी लाना**
- नई एवं नवोन्मेशी प्रौद्योगिकियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना
- **कौशल एवं रोजगार को अधिक कुशलता से एकीकृत करना**
- समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं और एससी/एसटी उद्यमियों पर जोर देना
- **विभिन्न वित्तीय, तकनीकी और विपणन समस्याओं पर नियंत्रण पाकर ग्रामीण और कुटीर उद्योगों को मजबूत करना**
- रेशम उत्पाद, हस्तकरघा, हस्तशिल्प, कपड़ा, खादी सहित मौजूदाग्रामीण उद्योगों को पुनर्जीवित करना

### ये होंगे मापदंड

- **सूक्ष्म उद्यम :** प्लांट एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश 1 करोड़ रुपए तक सीमित है. वार्षिक कारोबार अधिकतम 5 करोड़ रुपए तक है.
- **लघु उद्यम :** प्लांट एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश की सीमा 10 करोड़ रुपए है. वार्षिक कारोबार अधिकतम 50 करोड़ रुपए तक है.
- **मध्यम उद्यम :** प्लांट एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश की सीमा 50 करोड़ रुपए है. वार्षिक कारोबार अधिकतम 250 करोड़ रुपए है.

### नई पॉलिसी में क्या है खास

- राज्य ने एमएसएमई क्षेत्र के विकास और वृद्धि के लिए राज्य स्तर पर एमएसएमई का एक समर्पित निदेशालय और प्रत्येक जिले में जिला एमएसएमई केंद्र (डीएमसी) स्थापित करने की परिकल्पना की है.
- **राज्य एमएसएमई निदेशक उचित कार्यान्वयन और संचालन सुनिश्चित करने के लिए डीएमसी राज्य कार्यक्रमों और योजनाओं का आवधिक मूल्यांकन करेंगे.**
- डीएमसी (जिला एमएसएमई केंद्र) उद्यम पंजीकरण में एमएसएमई इकाइयों की सहायता करेंगे. सह पंजीकरण प्रकिया और उसके द्वारा दिए जाने वाले लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करेंगे.

### सरकार देगी प्रोत्साहन, करेगी सहयोग

**समेकित परियोजना निवेश अनुदान**

- एफसीआई का 40 प्रतिशत अधिकतम 15 करोड़ सूक्ष्म इकाइयों के लिए एससी/एसटी/महिलाओं / दिव्यांग उद्यमियों के लिए 5%
- **एफसीआई का 35 प्रतिशत अधिकतम 15 करोड़ छोटी इकाइयों के लिए एससी/एसटी/महिलाओं / दिव्यांग उद्यमियों के लिए 5 प्रतिशत**
- एफसीआई का 30 प्रतिशत अधिकतम 15 करोड़ मध्यम इकाइयों के लिए एससी/एसटी/महिलाओं / दिव्यांग उद्यमियों के लिए 5%

**ब्याज और सब्सिडी :**

- वाणिज्यिक उत्पादन की तारीख से 5 साल की अवधि के लिए सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों/बैंकों से लिए गए कुल ऋण पर प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से, कुल अधिकतम सीमा के अधीन
- **सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रमश: 25 लाख और 1 करोड़**
- मध्यम उद्यमों के लिए 2 करोड़




साहिबगंज के बरहेट में लाभुकों को चेक सौंपते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन. साथ हैं मंत्री आलमगीर आलम.

## संथाल में गरजे हेमंत, रघुवर, बाबूलाल और राज्यपाल को लपेटा, कहा

# भ्रष्टाचारी को बना दिया राज्यपाल

- **राज्यपाल राजनीतिक व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे हैं**

विशेष संवाददाता। रांची/साहिबगंज

सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को अपने संथाल दौरे के पहले दिन तेवर में नजर आए. बरहेट में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उन्होंने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लपेटे में लिया. अपनी सरकार पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर पूरे तेवर के साथ पलटवार किया.

उन्होंने राज्य में सीबीआई, आईटी और ईडी की कार्रवाई को विपक्ष की साजिश बताते हुए इशारों-इशारों में ही ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पर हमला किया. कहा कि विपक्ष हमारी सरकार और परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाता है. लेकिन जिसने राज्य में भ्रष्टाचार कर बेड़ागर्क कर दिया, उस भ्रष्टाचारी को गवर्नर बना कर भेज दिया. उन्होंने रघुवर का नाम लिए बिना कहा कि पिछले महीने ही पूर्व सीएम को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है. -शेष पेज 10 पर

### अहम विधेयक पर कुंडली मार कर बैठे हैं राज्यपाल

सीएम ने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पर भी हमला किया. कहा कि हमने आदिवासियों की पहचान के लिए सरना धर्म कोड विस से पारित कराया, लेकिन उसे केंद्र की मंजूरी नहीं मिली. ओबीसी आरक्षण बिल पर राज्यपाल कुंडली मार कर बैठे हैं. सीएम ने राज्यपाल पर राजनीतिक व्यक्ति की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बाकी गैर बीजेपी शासित राज्यों में भी यही हाल है. पारित बिल को कानून नहीं बनने देते. सरकारों को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ रहा. मुख्यमंत्री ने बाबूलाल मरांडी पर पलटवार किया. कहा कि जुलाई में प्रदेश बीजेपी की कमान सौंपी गई. इससे पहले उनको नेता प्रतिपक्ष के लिए भी नामित किया गया लेकिन दल-बदल मामले को लेकर इसकी मंजूरी नहीं मिली. ऐसा एक भी दिन नहीं जाता जब मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला न बोला हो. कहा कि एक आदिवासी नेता शिबू सोरेन बनने निकला था. 14 साल तक लाख कोशिशों के बाद जब शिबू सोरेन नहीं बन पाया, तो अब उनके शावकों से उलझता है.

### अनिश्चितकाल तक बिलों को लंबित नहीं रख सकते



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपाल बिना कार्रवाई के अनिश्चितकाल के लिए विधेयकों को लंबित नहीं रख सकते. कोर्ट ने साथ ही कहा कि राज्य के गैर निर्वाचित प्रमुख के तौर पर राज्यपाल संवैधानिक शक्तियों से संपन्न होते हैं, लेकिन वह उनका इस्तेमाल राज्य विधानमंडलों द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं कर सकते. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई संवैधानिक लोकतंत्र के उन बुनियादी सिद्धांतों के विपरीत होगी जो शासन के संसदीय स्वरूप पर आधारित हैं.

## सूरते-हाल झारखंड में इस समय 8000 लघु, 500 मध्यम और 45 बड़े उद्योग हैं निबंधित

# बंद हुए 6500 उद्योग, ढाई लाख का रोजगार छिना

रवि भारती। रांची

झारखंड में लघु और मध्यम उद्योगों को जबरदस्त झटका लगा है. करीब 6500 लघु और मध्यम उद्योग बंद हो गए हैं. नतीजतन ढाई लाख लोगों का रोजगार छिन गया है. इसमें प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार करनेवाले भी शामिल हैं. खास कर ऑटोमोबाइल सेक्टर में लगभग 60 हजार लोग रोजगार से वंचित हो गए हैं.

वर्तमान में झारखंड में 8000 लघु, 45 बड़े व 300 मध्यम उद्योग निबंधित हैं. राज्य में पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने के कारण कई उद्योगों के संचालकों ने दूसरे राज्यों का रुख कर लिया है. वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटी बेयरिंग और पाट्र्स बनाने वाले लघु और मध्यम उद्योगों पर भी असर पड़ा है.

### ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटी बेयिरंग और पाट्र्स बनानेवाली कंपनियों को भी झटका

#### जमीन और बिजली रही बड़ी वजह

उद्योगों के बंद होने की सबसे बड़ी वजह बिजली और जमीन रही है. साथ बने राज्य उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में बिजली बिल में 10 साल तक 50% रिबेट देने का प्रावधान है. लेकिन झारखंड में अब तक इस तरह का कोई प्रावधान किया गया है. वहीं उद्योगों को जमीन नहीं मिलना भी एक बड़ी वजह रही है.



#### औद्योगिक विकास के लिए 500.53 एकड़ जमीन मौजूद

झारखंड में औद्योगिक विकास के लिए 500.53 एकड़ जमीन मौजूद है. बियाडा के पास 153.62 एकड़,आयडा के पास 52.59 एकड़, स्पीयाडा के पास 106.86 एकड़ और रियाडा के पास के 187.46 एकड़ जमीन मौजूद है, इसके बाद भी उद्यमियों को उद्योग लगाने की लिए जमीन नहीं मिल रही है.

#### राज्य में उद्योगों के बंद होने की बड़ी वजह

उद्योगों के बंद होने की एक बड़ी वजह दूसरे राज्यों की बड़ी कंपनियों के उत्पाद भी रहे हैं. इन कंपनियों के उत्पाद सस्ते दर पर उपलब्ध होने के कारण यहां के लघु और मध्यम उद्योगों के उत्पादों के खरीदार कम पड़ गए. धनबाद में ऑटोमोबाइल सेक्टर की बड़ी और नामी गिरामी फैक्ट्री हिन्दुस्तान मैनेबल ऑटोमोबाइल लिमिटेड भी बंद हो गई है.

#### किस क्षेत्र में कितने उद्योग

- आदित्यपुर : 2800
- धनबाद-बोकारो : 1400
- पलामू : 1100
- हजारीबाग-कोडरमा: 1200

#### तेजी से हो रहा काम

लघु व मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां हैं. जिस पर काम हो रहा. बंद उद्योगों का पुनर्वास किया जाएगा.
**- राजेंद्र प्रसाद, उप निदेशक, उद्योग विभाग**

उद्योगों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा. बैंक लोन लेने में परेशानियां हैं. उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में 10 साल तक बिजली बिल में 50% छूट देने का प्रावधान है. लेकिन यहां नहीं है. - **अनुराग सिंह,** चेयरमैन ऑटोमोबाइल सेक्टर

# पेड़ से लटका मिला सेना के जवान का शव,हो रही जांच

संवाददाता। रांची

**उलझी पहेली**
- हत्या या आत्महत्या का मामला, जांच में जुटी पुलिस
- पैतृक गांव जाने के लिए बुक कराया था टिकट, मिला शव

जिले के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू ब्रिज के पास ही शुक्रवार को एक पेड़ से लटकता एक युवक शव बरामद हुआ. शव की पहचान आर्मी के जवान मनोज सिंह के रूप में हुई है. मनोज सिंह मूल रूप से उत्तराखंड का था. उसकी पोस्टिंग जमशेदपुर के सोनारी में थी. लेकिन वो दो दिन पहले बूटी मोड़ स्थित दीपाटोली आर्मी कैंप आया था.

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मनोज सिंह की हत्या की गयी है या फिर उसने आत्महत्या की है. पुलिस इसकी जांच कर रही है. बताया जाता है कि मनोज सिंह ने अपने गांव जाने के लिए रेलवे का टिकट बुक कराया गया था. उसकी ट्रेन गुरुवार रात 12 बजे रांची रेलवे स्टेशन से थी. लेकिन वो शाम छह बजे ही दीपाटोली कैंप से निकल गया था. जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल पाया. वहीं शुक्रवार दोपहर में उसका शव बरामद हुआ. इस संबंध में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि आर्मी के जवान का शव बरामद हुआ है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि उसकी हत्या की गयी है या फिर उसने आत्महत्या की है. इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.

### धनबाद पब्लिक स्कूल के हीरक ब्रांच में वार्षिक प्रदर्शनी का किया गया आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# चंद्रयान का लाइव मॉडल लोगों के बीच बना आकर्षण का केंद्र

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद पब्लिक स्कूल के हीरक ब्रांच में 24 नवंबर को विज्ञान व आर्ट एंड क्राफ्ट की वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी का शुभारंभ बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार ने की. उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों के वैज्ञानिक व सामाजिक कुशलता की प्रशंसा की. प्रदर्शनी में शिक्षा विकास ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच के अलावा धनबाद पब्लिक स्कूल मेन ब्रांच और विवेकानंद विद्यालय झरिया के विद्यार्थियों ने भाग लिया. जूनियर और सीनियर दो वर्गों में प्रदर्शनी प्रतियोगिता को विभाजित किया गया था.





**चंद्रयान के लाइव मॉडल से बच्चों ने दिखाया प्रक्षेपण व लैंडिंग :** 9वीं और 10वीं कक्षा के छह सदस्यीय विद्यार्थियों की टीम ने चंद्रयान का लाइव मॉडल प्रस्तुत किया. विद्यार्थियों ने बताया कि लाइव मॉडल के माध्यम से उन्होंने इसरो के वैज्ञानिक कक्ष से लेकर प्रक्षेपण और लैंडिंग का सजीव चित्रण दिखाने का प्रयास किया है. लगभग 10 मिनट के लाइव को देखने के लिए अभिभावकों की भीड़ लगी रही. टीम में यशवर्धन सिंह, अभिनव कुमार पांडे, तासु सरोज, इशिता मंडल, अरिंदम घोष और अभिजीत कुमार शामिल थे.

स्कूल के शिक्षक संजीव कुमार ने बताया कि इसके अलावा सैकड़ों मॉडल की प्रस्तुति की गई है. निर्णायक विजेताओं का चयन करेंगे. उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा. इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, अनिल डालमिया, प्रभास डोकानिया, आलोक चौधरी, विनोद तुलसियान, राजीव तुलसियान के अलावा अन्य उपस्थित थे.

**खास बातें**

- चंद्रयान के प्रक्षेपण व लैंडिंग का सजीव चित्रण का प्रयास
- चंद्रयान की लाइव देखने के लिए लगी रही लोगों की भीड़

## आपकी बात

पंचदेव घूम-घूम कर आदिवासियों को जगाने और अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए जागरूक कर रहे हैं



**नाम : पंचदेव करमाली**
**पद : समाजिक कार्यकर्ता**
**जन्मस्थल : घुटुवा , बरकाकाना**
**कार्य क्षेत्र : सम्पूर्ण झारखंड**

आदिवासी हो या अन्य समाज में पंचदेव करमाली उर्फ पंचम आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है. पंचम हमेशा से आदिवासियों को जगाने का काम कर रहे हैं. आदिवासी शिक्षा से जुड़े इसके लिए पंचम कई मुहिम चला रहे हैं. कई सुदूरवर्ती इलाकों में पंचदेव घूम-घूम कर आदिवासियों को जगाने और अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए जागरूक कर रहे हैं. आदिवासी समाज भी पंचदेव के मुहिम से जुड़ते जा रहे हैं और अपने बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ रहे है. 1977 में जन्मे पंचदेव करमाली उर्फ पंचम का जन्म घुटुवा नया नगर बरकाकाना में हुवा है. पंचदेव ने सदैव संवैधानिक तरीके से सही दस्तावेज की लड़ाई के लिए प्रयासरत रहे हैं,जिसके फलस्वरूप आदिवासी समुदाय को जागरूक करने के लिए लोहरदगा, गुमला, चाईबासा, खूंटी, जमशेदपुर, लातेहार सहित झारखंड के अनेकों जिले में अपना सक्रिय भूमिका निभाया है. 2000 में आदिवासी छात्र संघ का झारखंड में गठन किया गया. इस दौरान 2003 तक 04 वर्षों तक सक्रिय सदस्य रहते पंचदेव ने सामाजिक कार्यकर्ता बनकर कई योजनाओं को लोगों तक पहुंचा .कई लोगों को लाभान्वित किया. 2007 में आदिवासी छात्र संघ का पतरातू प्रखंड सचिव बनाये गए. पंचदेव ने रामगढ़ जिला के सभी प्रखंड एवं गांव गांव जाकर आदिवासियों के बीच शिक्षा एवं अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए जगाने का काम किया. जिसको लेकर पंचदेव पर कई कई कानूनी पेंच भी फसाया गया. कई केस भी हुई. लेकिन, फिर भी पंचदेव ने हार नहीं मानी और अपनी मुहिम को जारी रखा. जिले में आदिवासियों को जागरूक करने के पश्चात 2010 के पंचायत चुनाव में आदिवासी छात्र संघ के माध्यम से जिला में कई जिला परिषद एवं मुखिया वार्ड सदस्य के रूप निर्वाचित हुए, जिसमें पंचदेव करमाली की अहम भूमिका रही . 2012 से गांव- गांव में सरना स्थल चिन्हित कर सरना पूजा को शुरू किया गया, जिसमें सक्रिय सदस्य के रूप में भूमिका निभाते हुए ग्रुप बनाकर सरना प्रार्थना सभा का जगह-जगह गठन किया गया. 2014 में केंद्रीय समिति के द्वारा जिला प्रवक्ता के पद से पंचदेव को सुशोभित किया गया. वर्तमान समय में जिला एवं झारखंड के अन्य क्षेत्रों में आदिवासी छात्र संघ के माध्यम से आदिवासियों को जागरूक करने एवं जमीन बचाने के लिए झरना झंडा की स्थापना की जा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### विधि महाविद्यालय के छात्रों ने दिया धरना

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में चलने वाले विधि महाविद्यालय के समस्या को लेकर छात्रों ने शुक्रवार को धरना दिया.धरने पर बैठे विधि महाविद्यालय में छात्राओं ने कहा उनके भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है. वर्ष 2022 में हुए नामांकन में अनियमितताओं को लेकर पिछले लगभग दो वर्षों से छात्रों का रजिस्ट्रेशन और परीक्षा पर रोक लगा दिया गया है .

### मूल प्रमाण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 दिसंबर

**धनबाद।** बीबीएमकेयू ने द्वितीय दीक्षांत समारोह में भाग लेने व मूल प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन भरने की तिथि जारी कर दी है. विद्यार्थी 27 नवंबर से 21 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. बीबीएमकेयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ सुमन कुमार वर्णवाल के द्वारा 24 नवंबर को इस बाबत नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है.

### वोकेशनल को-ऑर्डिनेटर बनीं प्रोफेसर डोरिस दास

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन में वनस्पति विभाग की प्रोफेसर डोरिस दास को वोकेशनल का को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है. प्रो डोरिस दास ने कहा कि प्राचार्या डॉ वीणा प्रियदर्शी ने मुझे इस पद के योग्य समझा. इसके लिए उनको कोटि-कोटि धन्यवाद. मैं अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगी.



### पांच दिवसीय बाल मेले का समापन, 25000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने की शिरकत

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर



स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय बाल मेला में शामिल बच्चे.



पेंटिंग में हाथ आजमाते विधायक सरयू राय.

**संवाददाता। जमशेदपुर**

स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय बाल मेला शुक्रवार को संपन्न हो गया. अंतिम दिन कई खेल प्रतियोगितायें सम्पन्न हुईं. समापन सत्र के पश्चात 'हम भारत के लोग' थीम पर सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार उपस्थित थे. विजेताओं को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय व आयुक्त ने सम्मानित किया. अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया. वैसे इस कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को शामिल होना था लेकिन वे किसी कारणों से इसमें शामिल नहीं हो सके. कार्यक्रम के अंतिम दिन बच्चों में काफी उत्साह देखा गया.

**लगे थे कुल 45 स्टॉल :** इस बाल मेले में बच्चों को जीवन में कैसे आगे बढ़ाना है, उनके जीवन का लक्ष्य, खेलकूद का महत्व और समाज को लीड करने जैसे तमाम पहलुओं पर चर्चा की गई. इस दौर में, जबकि राजनेता अपना वोट बैंक मजबूत करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं, बच्चों की सुध तक नहीं लेते, उस दौर में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बच्चों के लिए बाल मेला का आयोजन किया था. इसमें शामिल होकर बच्चे भी काफी उत्साहित दिखे. बाल मेले का उद्घाटन 20 नवंबर को हुआ था. इसमें कुल 45 स्टॉल लगे थे और किसी भी स्टॉल के लिए एक रुपए का भी शुल्क नहीं लिया गया था. स्टॉल में ज्ञान बढ़ाने वाली पुस्तकें, रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली चीजें और पाठ्य सामग्री ज्यादा मात्रा में थी.

**प्रतियोगिता में प्रवेश नहीं लिया गया कोई शुल्क**

प्रतियोगिता में जमशेदपुर और आसपास के दर्जनों स्कूलों से 25 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल हुए . प्रतिदिन दर्जनों प्रमाण पत्र और दर्जनों मेडल वितरित किए गए . 70 से ज्यादा खेलों का आयोजन किया गया . कुश्ती, कबड्डी, ताइक्वांडो, तीन टांग रेस, क्विज प्रतियोगिता, योग जैसे दर्जनों खेल थे जो इन पांच दिनों में आयोजित किए गए . इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों पर भी दिखाई दिया . अभिभावक अपने बच्चों के साथ आते और आयोजकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते . किसी भी प्रतियोगिता में प्रवेश करने के लिए किसी भी प्रतिभागी से कोई शुल्क नहीं लिया गया . विधायक सरयू राय ने बताया कि इस आयोजन के पीछे का मूल मकसद बच्चों को नशाखोरी जैसी बुराइयों से दूर करना और पुराने जमाने के खेलों के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास करना था . निश्चित तौर पर बीते पांच दिनों में जिस तरह के आयोजन हुए उससे यह मेला अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल हुआ .



## तोपचांची में बाल मेले का आयोजन

**संवाददाता। तोपचांची**

शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी उच्च विद्यालय में बाल मेला का आयोजन किया गया. बाल मेला में विद्यालय के बच्चों द्वारा तरह तरह का व्यंजन अपने हाथों से बनाया गया. विद्यालय के बच्चों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से चंद्रयान मॉडल बनाया गया. साथ ही विद्यालय में बहुत सारे विद्यार्थियों ने अपने हाथों से विज्ञान तथा अन्य क्षेत्र के तरह-तरह के मॉडल बनाया गया. स्कूल के शिक्षिका ने कहा कि शून्य रकम के लागत से बच्चों ने जो बना कर दिखाया यह काबिले तारीफ है. साथ ही बच्चों ने सोशल नेटवर्क से दूर रहने के लिए नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, जो बहुत बड़ा एक संदेश देता है. मौके पर तोपचांची प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद मोदी, प्रमुख आनंद महतो, उप प्रमुख हेमलाल महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## बीएस कॉलेज में हुआ स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन

**संवाददाता। लातेहार**



शहर के बानपुर में अविस्थत बनवारी साहु महाविद्यालय में शुक्रवार को स्टेडेंट मोबाइलजेशन वर्कशॉप कम रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पीके तिवारी उपस्थित थे. मौके पर प्रो तिवारी ने वैसे छात्र जिनकी उम्र 18 साल हो गयी है, उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम अंकित करा लेने की अपील की. उन्होने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है. लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है. मतदान करने के लिए मतदाता सूची में नाम अंकित कराना जरूरत है. उन्होंने छात्रों को एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी. कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है. परिश्रम कर ही सफलता हासिल की जा सकती है. राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी प्रो नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि आज के युवा ही देश के भविष्य हैं. युवाओं मे देश व समाज में परिवर्तन लाने की शक्ति होती है. उन्होने अपनी उर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने की अपील छात्र व छात्राओं से की.


क्लासिफाइड










## विवि में सत्र 2023-25 पीजी के नामांकन में हो रही है देरी

**संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में पीजी सेशन 2023-24 का नामांकन लेट चल रहा है. नियम के मुताबिक, जुलाई से नए सेशन की शुरुआत हो जानी चाहिए. लेकिन इन दोनों विश्वविद्यालयों में पीजी का नामांकन नवंबर के लास्ट तक चल ही रहा है. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में 10 अक्टूबर तक नामांकन के लिए आवेदन लिया गया, वहीं रांची विश्वविद्यालय 24 नवंबर से स्नातकोत्तर का नामांकन शुरू किया गया है. दिसंबर में पहले सेमेस्टर की परीक्षा हो जानी थी. मगर दिसंबर तक तो नामांकन ही लिया जा रहा है. ऐसे में समय पर सेशन पूरा करवाने में कठिनाई हो सकती है. अगर सेशन को जल्दी-जल्दी पूरा करवा लिया जाता है, तो सिलेबस पूरा करवाना भी एक बड़ी चुनौती होगी. वहीं इस वर्ष नामांकन के लिए सीईयूटी भी लिया गया था. जिसका रिजल्ट जारी होने के बाद विश्वविद्यालयों ने नामांकन के लिए आवेदन मांगा था. रांची विश्वविद्यालय ने यूजी सेशन 2020-23 के छठे सेशन का रिजल्ट जारी करने में काफी लेट किया. वहीं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में पीजी सेशन 2022-24 के पहले सेमेस्ट की परीक्षा का रिजल्ट जारी किए बिना ही दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा ले ली गई है.

### फाइव स्टार होटलों की कार्य प्रणाली से रूबरू होंगे छात्र



**जमशेदपुर।** पोखारी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी होटल मैनेजमेंट चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप प्रोग्राम आगामी 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है. यह छात्रों के पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है. विश्वविद्यालय की ओर से 'औद्योगिक एक्सपोजर प्रशिक्षण' नामक इंटर्नशिप के लिए छात्र-छात्राओं को छह महीने के लिए भेजा जा रहा है. इस दौरान छात्र-छात्राओं को अनेक प्रयोग जानकारियां दी जाएंगी. नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग की ओर से छात्रों को विभिन्न फाइव स्टार होटलों में भेजा जा रहा है.

### दूसरे दिन भी बीबीएमकेयू गेट पर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र व शिक्षक

# छात्र और शिक्षक का आंदोलन जारी

**संवाददाता। धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के मुख्य द्वार पर जारी आजसू छात्र संघ और बीबीएमकेयू इंटरमीडिएट शिक्षक संघ की संयुक्त भूख हड़ताल 24 नवंबर को दूसरे दिन भी जारी रही. दूसरे दिन विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष (डीएसडब्ल्यू) डॉ पुष्पा कुमारी और रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार वार्ता के लिए पहुंचे. लेकिन मांगें पूरी नहीं होने की वजह से अनशनकारियों ने आंदोलन समाप्त नहीं किया. अनशनकारियों में शामिल आजसू छात्र संघ के विश्वविद्यालय अध्यक्ष विशाल महतो ने कहा कि वे इन मामलों को बहुत पहले से उठते रहे हैं लेकिन विश्वविद्यालय को छात्र हित से कोई मतलब नहीं है. वही इंटरमीडिएट शिक्षक संघ के राकेश ठाकुर और त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू किए जाने के पूर्व आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा.



**इन मांगों लेकर आंदोलित हैं छात्र व शिक्षक**

क्षेत्रीय भाषाओं में पीजी की पढ़ाई, अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई, जेनेरिक पेपर की विशेष परीक्षा का जल्द आयोजन, बंद की गई बॉटनी और जूलॉजी की पीजी की पढ़ाई दोबारा चालू करवाने, अंगीभूत कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई शुरू करवाने और लॉ कॉलेज धनबाद में स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति की मांग को लेकर दोनों संगठन के सदस्य 23 नवंबर से ही अनिश्चिततकालीन हड़ताल पर बैठे हैं . मौके पर शिक्षकों में इकबाल अंसारी, पूजा कुमारी, बिरोजा कुमारी, कांति कुमारी, मंजेश महथा, अनिल कुमार, बबीता कुमारी, रेखा कुमारी और छात्रों में विकास कुमार, विवेक महतो, विक्की कुमार, प्रेम मोदक, सोनू कर्मकार, बबलू महतो, सुदामा महतो उपस्थित थे .

**प्रतियोगिता** पहले दिन महिला और पुरुष वर्ग के 24 इवेंट्स का हुआ आयोजन

# बीबीएमकेयू इंटर कॉलेज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**संवाददाता। धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) का दो दिवसीय चौथा इंटर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता पीके रॉय कॉलेज की मेजबानी में आईआईटी-आईएसएम के लोअर ग्राउंड में शुरू हुआ. प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार ने किया. उन्होंने कहा कि खेलकूद के माध्यम से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है. कॉलेज की प्राचार्य डॉ कविता सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया व खिलाड़ियों को खेल के नियमों से परिचित कराया. उद्घाटन समारोह को विश्वविद्यालय टीम के मुख्य चयनकर्ता डॉ अमूल्य सुमन बेक, डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी, पूर्व डीएसडब्ल्यू डॉ एसके सिन्हा ने संबोधित किया.





**पहले दिन हुए महिला और पुरुष वर्ग के 12-12 इवेंट्स :** उद्घाटन समारोह के बाद सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम के 4:00 तक महिला और पुरुष वर्ग के कुल 24 इवेंट्स का आयोजन किया गया. इनमें 1500 मीटर, 200 मीटर, 4 गुना 100 मीटर, 100 मीटर हर्डल के दो इवेंट, 200 मीटर, 10000 मीटर और 4 गुना 100 रिले रेस, लांग जंप, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, हाई जंप के इवेंट्स में छात्र व छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई. मौके पर प्रो शर्मिला कुमारी, डीके चौबे, डॉ गगन पाठक, डॉ राजीव प्रधान, डॉ समांतन शील, डॉ संजय सिंह, डॉ रश्मि टोपने, डॉ एसके मंडल, डॉ एसएस महतो, अभिषेक कुमार के साथ अन्य मौजूद थे.

**खास बातें**

- महिला व पुरुष वर्ग के कुल 24 इवेंट्स का हुआ आयोजन
- इवेंट्स में छात्र व छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

### राष्ट्रीय अप्रेंटिस प्रमोशन योजना में विद्यार्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में शुक्रवार को कुवैश कॉरपोरेशन लिमिटेड (क्यूयूईएसएस) की ओर से इंटर साइंस पास एवं इससे अधिक योग्यता वाले विज्ञान के विद्यार्थियों के के लिए एक सभा का आयोजन किया गया. इसमें कुवैश के सुमित कुमार दत्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे. सभा में बताया गया कि राष्ट्रीय अप्रेंटिस प्रमोशन योजना-2023 के तहत विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग अप्रेंटिसशिप व डिप्लोमा कोर्स के लिए निशुल्क कोर्स कराया जाएगा. इसमें छात्राओं की संख्या 80 प्रतिशत एवं छात्रों की संख्या 20 प्रतिशत रखने का प्रावधान है. ट्रेनिंग के दौरान दो बार भोजन दिया जाएगा. साथ ही स्टाइपेंड भी दिया जाएगा. घर के नजदीकी बस स्टॉप पर आने-जाने की व्यवस्था रहेगी.

### तैयारी को ले पार्टी मुख्यालय में बैठक, 30 नवंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पहुंचेंगे रांची

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भरेंगे झारखंड जदयू में जोश

संवाददाता। रांची

झारखंड में जनता दल यूनाइटेड संगठन को मजबूत करने की कवायद में जुट गया है. इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री और आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार राज्य में कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए पहुंचेंगे. उनके आगमन को देखते हुए पार्टी के नेता उत्साहित है. ऐसे में प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की अध्यक्षता में सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और प्रमंडल प्रभारी की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई.



**खास बातें**

- 28 और 29 नवंबर को पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलेंगे टिप्स
- प्रभारी अशोक चौधरी करेंगे कार्यकर्ताओं के साथ मंथन

**झारखंड की धरती पर नीतीश का किया जाएगा भव्य स्वागत**

खीरू ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री और हमारे संगठन के सबसे बड़े नेता नीतीश कुमार का भव्य स्वागत किया जाएगा. इसमें लाखों की संख्या में राज्य भर के कार्यकर्ता जुटेंगे. कार्यक्रम की सफलता को लेकर बिहार सरकार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगे. वहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह का 30 नवंबर को रांची में कार्यक्रम रखा गया है. दोनों ही बड़े नेता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे.

**ये रहे मौजूद :** बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, रेणु गोपीनाथ पणिकर, डॉ आफताब जमील, श्रवण कुमार, कामेश्वर नाथ दास, मो हसीब खां, भगवान सिंह, राम स्वरूप यादव, राजू सिंह, सरयू गोप, जगदीश महतो, ज्योतिन्द्र, मुनी टुडू, सागर कुमार, अख्तर हुसैन खान, रंजन कुमार, राणा प्रताप सिंह, कोमल चौधरी, अशोक कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार वर्मा, प्रवक्ता डॉ विनय भरत तथा अन्य मौजूद थे.

### ट्रेड यूनियनों का तीन दिनी धरना-प्रदर्शन कल से

**रांची।** राजभवन के समीप 21 सूत्री मांगों को लेकर ट्रेड यूनियनों का धरना-प्रदर्शन 26 नवंबर से होगा. इनकी मांगों में चार लेबर कोड को समाप्त करना, किसानों के लिए वैधानिक एमएसपी सुनिश्चित करना, विनिवेश और एनएमपी के प्रयासों को समाप्त करना, बिजली संशोधन विधेयक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति वापस करना, अनौपचारिक क्षेत्र के कामगार ठेकेदार कामगार एवं स्कीम वर्करों के लिए कानूनी तथा सामाजिक सुरक्षा, समान काम के लिए समान वेतन, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी सहित अन्य मांगें भी शामिल हैं. यह जानकारी संयुक्त ट्रेड यूनियनों के प्रेस कांफ्रेंस में शुभेंदु सेन ने कही. उन्होंने कहा कि सेन ने बताया कि आयोजन संयुक्त किसान मोर्चा और स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर किया जा रहा है.

**आओ जानें**

### लोहरदगा से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | विधायक | दल |
|---|---|---|
| 2000 | सधनू भगत | भाजपा |
| 2005 | सुखदेव भगत | कांग्रेस |
| 2009 | कमल किशोर भगत | आजसू |
| 2015 | सुखदेव भगत | कांग्रेस |
| 2019 | रामेश्वर उरांव | कांग्रेस |



**ब्रीफ खबरें**

### सुंदरपहाड़ी के सिंदरी गांव पहुंचे निशिकांत

**गोड्डा।** मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में पचास के अधिक गरीब पहाड़िया आदिवासी बच्चों की असामयिक मृत्यु हो गई है, मगर उन्हें फुर्सत नहीं है कि वो अपने क्षेत्र के लोगों की सुध ले सके. सीएम उन्हीं क्षेत्र में पहुंचते हैं, जहां से पैसा मिलने की उम्मीद होती है. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे मलेरिया प्रभावित सुंदरपहाड़ी प्रखंड के बड़ा सिंदरी गांव का दौरा करने पहुंचे हुए थे. सांसद ने कहा कि अगर मैं इस क्षेत्र का सांसद या विधायक होता तो कब का त्यागपत्र दे चुका होता.

### आस संयोजक ने सुनी लोगों की समस्या

**किरीबुरु।** आदिवासी समन्वय समिति (आस) के संयोजक सुशील बारला गुदड़ी प्रखंड के कैन, गितिल उली, कामय, जोजोदा एवं टोमडेल का सघन दौरा किया. उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं. ग्रामीणों ने बताया कि पाण्डुवा, सिमको, गितिल-उली के कार्डधारियों को 10 किलोमीटर की दूरी तय कर सेरेंगदा जाकर अनाज लेना पड़ता है. गितिल-उली से सेरेंगदा तक सड़क जर्जर हो गई है. चारपहिया एवं दोपहिया वाहन चलना भी मुश्किल है.बरसात में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है.

### अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दें: मधु कोड़ा

**मनोहरपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को मनोहरपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा व अति विशिष्ट अतिथि प. सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मधु कोड़ा व अतिविशिष्ट अतिथि गीता कोड़ा ने कहा कि हम सभी को बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है.

### ग्रामसभा में हुई समस्याओं पर चर्चा

**मनोहरपुर।** शुक्रवार को सुदूरवर्ती सारंडा के दीघा पंचायत के मुखिया एग्नेश बारला की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना का ग्राम सभा किया गया.मुखिया एग्नेश बारला ने ग्राम सभा में कहा कि मनोहरपुर प्रखंड के सभी गांवों में बिजली है.किंतु सुदूरवर्ती सारंडा के नवागांव और रायडीह में बिजली से यहां के ग्रामीण महरूम है.सारंडा एक्शन प्लान के तहत इंदिरा गांधी आवास योजना वर्ष 2011 से 2013 तक विकास हुआ था.अबुआ आवास योजना आया है.

### गोड्डा में पासपोर्ट सेवा केंद्र का विदेश मंत्री के हाथों हुआ ऑनलाइन उद्घाटन, कहा-

# पासपोर्ट सेवा केंद्र से होगी सहूलियत

- सांसद निशिकांत दुबे रहे उद्घाटन समारोह में मौजूद
- गोड्डा में शुरू हुआ सूबे का 15वां पासपोर्ट सेवा केंद्र

संवाददाता। गोड्डा

गोड्डा वासियों के लिए शुक्रवार का दिन उपलब्धियों वाला रहा. जब विकास की कड़ी में एक और तमगा का इजाफा हुआ. अब विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट निर्माण का कार्य गोड्डा पोस्ट ऑफिस में ही पासपोर्ट सेवा केंद्र के जरिये हो सकेगा. केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑनलाइन से जुड़कर पासपोर्ट सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया, जबकि स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे गोड्डा केंद्र पर उपस्थित रहे. इस मौके पर विदेश मंत्री ने कहा कि गोड्डा डाकघर झारखंड का 15वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र हो गया.

गोड्डा के लोगों को समुचित सुविधा मिले, इसके लिए आपके सांसद हमेशा तत्पर रहते हैं और जब भी मिलते हैं तो अपने क्षेत्र के लोगों के लिए कुछ न कुछ जरूर मांग किया करते हैं और उनकी मांगें पूरी भी होती हैं. विदेश मंत्री ने कहा कि जल्द प्रयास होगा कि पासपोर्ट सेवा केंद्र को और अधिक सुविधा दिया जाए. इस केंद्र के चालू हो जाने से अब पासपोर्ट निर्माण के लिए गोड्डा के लोगों को दूसरे जिला नहीं जाना पड़ेगा.



**शिलान्यास और उद्घाटन में बहुत समय नहीं लगता है : सांसद**

इस अवसर पर गोड्डा पोस्ट ऑफिस के नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन निशिकांत दुबे द्वारा फीता काटकर किया गया. इस मौके पर सांसद श्री दुबे ने कहा कि जब मैंने पोस्ट ऑफिस के जर्जर भवन को देखा, तो इसके जर्जर स्थिति की सूचना केंद्रीय मंत्री को दिया और मुश्किल से सवा साल के अंदर नया भवन बनकर तैयार हो गया. यह देश के प्रधानमंत्री की कार्य कुशलता का ही नतीजा है कि जिसका शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी वही करते हैं. आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की धारा पूरे देश में बह रही है. यही



वजह है कि गोड्डा जैसा पिछड़ा इलाका भी अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक रहा है. सांसद ने कहा कि गोड्डा से पीरपैंती नयी रेल लाइन निर्माण के लिए प्रधानमंत्री जी ने नियम ही बदल दिए. राज्य सरकार द्वारा अपने हिस्से की राशि देने से इनकार करने पर पीएम ने पहल करते हुए लागत की सारी राशि पंद्रह सौ करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा ही देने का फैसला कर लिया.

### गोड्डा डाकघर हो गया पूर्णतः कंप्यूटरीकृत

गोड्डा मुख्य डाकघर पूर्णतः कंप्यूटरीकृत डाकघर के रूप में विकसित किया गया है. यहां से गोड्डा जिले के 13,13,551 की जनसंख्या को विविध डाक सेवाओं का सीधा लाभ मिलेगा. गोड्डा मुख्य डाकघर के अंतर्गत 35 शाखा डाकघर है व गोड्डा जिला में गोड्डा मुख्य डाकघर के अलावे 8 उपडाकघर है व उनसे सम्बद्ध 174 शाखा डाकघर हैं. मौके पर डाक विभाग के झारखंड परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, राकेश कुमार डाक महानिदेशालय नई दिल्ली से विशेष रूप से पधारे राजकुमार मिश्रा उप महानिदेशक (ग्रामीण व्यवसाय) भी उपस्थित रहे. इनके अतिरिक्त झारखंड डाक परिमंडल के निदेशक (मुख्यालय) राम विलास चौधरी, सुश्री मनिता के, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी रांची, भारतीय डाक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी वडक रविराज हरिश्चंद्र, बिनोद कुमार पंडित वरीय डाक अधीक्षक दुमका, उदयभान सिंह, वरीय डाक अधीक्षक रांची, उत्तम कुमार सिंह, वरीय डाक अधीक्षक, धनबाद व इसके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव मेहता अजीत सिंह संतोष सिंह सहित हजारों समर्थक उपस्थित थे.

## संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ रैली 26 को : शर्मा

संवाददाता। गिरिडीह



संविधान दिवस और आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को गिरिडीह में संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ रैली निकाली जाएगी. उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने शुक्रवार को दी. उन्होंने बताया कि देश के जो हालात है इस परिस्थिति में देश का संविधान और लोकतंत्र को बचाने की अब सीधी लड़ाई लड़ने की जरूरत है. नौजवानों को संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए सड़क पर उतरने की जरूरत है. श्री शर्मा ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल कर विपक्ष की आवाज को कुचलने की साज़िश रची जा रही है. अब देश का नौजवान इसे बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ रैली की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि गिरिडीह के विभिन्न प्रखंडों से मोटरसाइकिल से कार्यकर्ता झंडा मैदान में जमा होंगे. झंडा मैदान से निकलकर अंबेडकर चौक, टावर चौक , काली बाड़ी, स्टेशन रोड, वीर कुंवर सिंह चौक, गांधी चौक, नगर थाना, भगत सिंह चौक, बस स्टैंड, अम्बेडकर चौक होते हुए पचम्बा रोड़ कृष्णानगर स्थित आम आदमी पार्टी का जिला कार्यालय में कार्यक्रम संपन्न होगा.

## सरकार आपके द्वार... महज एक जुमला है : गणेश महाली

संवाददाता । आदित्यपुर



हेमंत सोरेन सरकार की आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम महज एक जुमला है. पूर्व में इस योजना के तहत आवेदन जमा लिए गए थे जिसका अब तक निष्पादन नहीं हुआ है. यह कहना है भाजपा के अजजा प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष और सरायकेला विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रहे गणेश महाली का. उन्होंने कहा कि पूर्व में हेमंत सरकार ने दो बार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया और लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ इसमें हिस्सा भी लिए. एक बार सरकार फिर से नया जुमला आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम चलाकर हेमंत सोरेन सरकार लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है. हेमंत सोरेन सरकार को पता था कि लोग आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में इस बार नहीं जुड़ेंगे.

### जिलाध्यक्ष ने रमेश टुडू के आरोपों का किया खंडन

## पद जाने से तिलमिला गए हैं पूर्व जिलाध्यक्ष : लखी सोरेन

संवाददाता। धनबाद

झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिलाध्यक्ष लखी सोरेन व सचिव मन्नु आलम ने संयुक्त रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू के आरोपों का खंडन किया है. जिलाध्यक्ष ने कहा कि 6 जुलाई को ही सुशोभन चक्रवर्ती को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया था. इसके बाद केंद्रीय समिति के निर्देश पर तीन दिनों पहले उन्हें पार्टी से 6 साल के लिए बाहर किया गया है. जिलाध्यक्ष व सचिव ने कहा कि झामुमो में पूरी तरह लोकतंत्र स्थापित है. संगठन अपने संविधान से चल रहा है और सभी बातों की जानकारी केंद्रीय समिति को है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू द्वारा मीडिया में बयानबाजी की गयी है. इससे वह पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमे वह कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे.

**पद जाने से तिलमिला गए हैं रमेश टुडू**

जिलाध्यक्ष व सचिव ने कहा कि पद जाने से रमेश टुडू तिलमिला गए हैं. उनके क्रियाकलाप से स्पष्ट है कि उनके लिए संगठन मायने नहीं रखता है. वे निजी स्वार्थ में ये सब कर रहे ओर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं. संगठन में गुटबाजी को बढ़ावा दे रहे हैं. साथ ही विपक्ष कि भूमिका निभा रहे. संगठन हित में किए जा रहे किसी भी कार्यक्रम में रमेश टुडू व उनके सहयोगी शामिल नहीं होते हैं. अगर इनके लिए संगठन सर्वप्रिय होता तो वे पार्टी फोरम में अपनी बात को रखते. संगठन को नुकसान पहुंचाने के मकसद से होटलों में बैठकर गुटबाजी करते हैं. इनके द्वारा संगठन के खिलाफ किए जा रहे सभी कार्य से केंद्रीय समिति को अवगत कराया जाएगा.

### विधायक बाबूलाल मरांडी के सौजन्य से बंटा कंबल



**तिसरी (गिरिडीह) ।** तिसरी प्रखंड में कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय लोगों को विधायक बाबूलाल मरांडी के सौजन्य से शुक्रवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम खिजूरी में किया गया. इस दौरान सैकड़ों कंबल का वितरण किया गया. भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि यह कंबल विधायक बाबूलाल मरांडी के सौजन्य और सहयोग से दिया जा रहा है. प्रखंड की सभी पंचायत में आने वाले दिनों में कंबल वितरण किया जाएगा. इस दौरान खिजुरी पंचायत के निमाड़ीह, खिजूरी और दूधपनिया में सैकड़ों कंबल का वितरण किया गया. कंबल वितरण के दौरान नुनुलाल मरांडी, रामचंद्र ठाकुर, सोनू हेमब्रॉम, राजू यादव, कुणाल सिंह, कपिल यादव मौजूद थे.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पतरोडीह पहुंचे विधायक

## जनता के पास आई सरकार : सुदिव्य

संवाददाता। गिरिडीह

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पतरोडीह पंचायत भवन तथा कन्या मध्य विद्यालय पचंबा पहुंचे. दोनों स्थानों पर सोनू ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. बारी-बारी से विधायक ने स्थल पर लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और कर्मियों को कई निर्देश दिया. पंचायत भवन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोनू ने कहा कि सरकार आपके द्वार का यह तीसरा चरण है. आंचल, ब्लॉक जाने की जरूरत नहीं, अब सरकारी अधिकारी गांव में आकर काम करेंगे.

आबुआ आवास योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें जॉब कार्ड भी जरूरी है, क्योंकि जॉब कार्ड रहा तो 2 लाख के अलावा अलग से करीब साढ़े 24000 रुपये की दी जाएगी. उन्होंने लाभुकों को आगाह किया कि आवेदन का



**खास बातें**

- पतरोडीह पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन
- लाभार्थियों को योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

पार्वती जरूर ले ताकि बाद में इस के आधार पर ही इसका लाभ दिया जा सके. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के पुल का काम अधिकारी करेंगे. विधायक ने मौके पर आवास योजना और किशोरी स्मृति योजना से संबंधित नई अपडेट के संदर्भ में लोगों को जानकारी दी. उन्होंने आम लोगों से ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण कराने का अनुरोध किया. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक सहित कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

### 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत प्रतापपुर में 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया. ज्ञात हो कि इससे पहले 25 केवीए का ट्रासंफॉर्मर लगा था, ज्यादा उपभोक्ता रहने के कारण कई महीने पहले ट्रासंफॉर्मर जल गया, ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे ,तब ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा पूर्व विधायक को सुनाई. पूर्व विधायक ने त्वारित कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों से बात करके 25 केबीए के जगह पर 63 केबीए ट्रांसफॉर्मर ग्रामीणों को दिलाया. ग्रामीणों ने पूर्व विधायक श्री यादव के प्रति आभार प्रकट किया. मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हज़ारीबाग चंदन देवी, मुखिया इरफान अंसारी, उपमुखिया रहीम अंसारी, नागेश्वर यादव, दशरथ राणा, मनिहार चौधरी, उमाशंकर यादव, अहमद अंसारी,असरफ अंसारी, मुस्तफा अंसारी, इस्राइल अंसारी, इम्तियाज अंसारी, जैनुल अंसारी मुमताज अंसारी मौजूद रहे.

**आलोचना** अपनी जमीनों को रेगुलराइज करने के लिए सीएम लाए हैं सीएनटी में संशोधन का प्रस्ताव : अरुण

# टीएसी के फैसले पर भारतीय जनता पार्टी ने उठाए सवाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व आईपीएस डॉ अरुण उरांव ने आदिवासी जमीन खरीद-बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता खत्म करने के टीएसी के प्रस्ताव पर सवाल उठाया है.. भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि इस विषय पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए थी. विशेषज्ञों से विचार विमर्श करने की जरूरत थी. उन्होंने कहा कि आखिर सरकार के आखिरी वर्ष में टीएसी से इस प्रस्ताव को पास कराने के पीछे सरकार की मंशा क्या है. ऐसा लगता है कि इसके पीछे सामाजिक प्रभाव कम और राजनीतिक इंटरेस्ट ज्यादा है. दरअसल सीएम हेमंत सोरेन ने दुमका से रांची तक इतनी जमीन खरीदी है कि उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं होगी. कहीं सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर खरीदी गई मुख्यमंत्री की बेशुमार जमीनों को रेगुलराइज करने के लिए तो यह फैसला नहीं लिया गया है

**खास बातें**

- भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में लगाए आरोप
- कहा कि- इस विषय पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए

**पिछली बार संशोधन पर झामुमो ने कर दिया था जमीन-आसमान एक :** डॉ अरुण उरांव ने कहा कि रघुवर सरकार में जब सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन हो रहा था, तब इसी झामुमो और कांग्रेस ने जमीन-आसमान एक कर दिया था. आखिर अभी कौन सा पब्लिक प्रेशर बना या फिर किस संगठन ने कहा कि उन्हें सीएनटी एक्ट में संशोधन चाहिए. उन्होंने कहा कि इस तरह के संशोधन लाने के पहले कुछ बातों पर विशेष चर्चा होनी चाहिए, जैसे थाना क्षेत्र में 5 से 10 किलोमीटर के दायरे में ही आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री हो. 5 से 10 डिसमिल जमीन की ही खरीद-बिक्री हो. खरीदार सिर्फ रेसिडेंशियल यूज के लिए जमीन खरीदें. इन सब चीजों के प्रावधान पर चर्चा के बाद इसपर फैसला होना चाहिए था.




**रघुवर सरकार की मंशा साफ थी इस सरकार की मंशा पर संदेह**

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने जब सीएनटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव लाया गया था तब सरकार की मंशा साफ थी. सरकार के विकास कार्यों में बाधा न हो इसके लिए संशोधन लाया गया था, लेकिन तब झामुमो-कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया था और पूरे प्रदेश में यह नैरेटिव बनाया कि भाजपा आदिवासी जमीन लूटने पर आमादा है, लेकिन अभी उसी झामुमो-कांग्रेस बगैर व्यापक चर्चा के संशोधन का प्रस्ताव लाए हैं.

### धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने से नाराजगी

## भाजपा ने सीएम का पुतला जलाया

संवाददाता। कतरास

बाघमारा के चिटाही में आयोजित होने वाली धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने से नाराज भाजपा कतरास मंडल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कतरास थाना चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया. इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा ने कहा कि झारखंड के सनातन विरोधी हिंदू धर्म के प्रति घोर नफरत रखने वाले झारखंड के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है.

चिटाही में आयोजित होने वाली बागेश्वर महाराज जी के कार्यक्रम की अनुमति नहीं देकर राज्य सरकार यह



साबित कर दिया कि वे धर्म विरोधी हैं. वहीं मंडल मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू ने कहा कि कार्यक्रम की अनुमति नहीं देकर राज्य सरकार ने हिंदु धर्म प्रेमियों के आस्था पर गहरा आघात पहुंचाने का कार्य किया है. मौके पर मंडल मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू जी बबलू बनर्जी, महामंत्री सूर्य देव मिश्रा, श्याम किशोर कल्लू, मुकेश झा,रवींद्र विजन, छोटू पासवान, डब्ल्यू हाड़ी, वाई के पाठक, निलेश सिंह, राकेश हजारी, रघुनाथ हजारी, संजय भुइयां, भगीरथ गौतम ऋषि, राजेश्वर भुइयां, बालक भुइयां, राजेश गुप्ता, कन्हाई पासवान, दीपक पासवान, नीरंजन विश्वकर्मा, मिथलेश गुप्ता आदि मौजूद थे.

▼ ब्रीफ खबरें

## अभिषेक बने महुआटांड़ के नए थाना प्रभारी

**बेरमो।** बोकारो एसपी ने आईईएल के थाना प्रभारी अभिषेक महतो को महुआटांड़ का नया थाना प्रभारी बनाया है, वहीं मुख्यालय में कार्यरत देवानंद कुमार को आईईएल का थाना प्रभारी बनाया गया है. इस संबंध में एसपी के हस्ताक्षर से शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया गया. ज्ञात हो कि 19 नवंबर की रात औचक निरीक्षण के दौरान महुआटांड़ थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार और सहायक पुलिस अवर निरीक्षक अर्जुन महतो बिना सूचना के थाना से गायब मिले थे.

## जसीडीह स्टेशन पर इंट्री की जमीन केस में मिला 3 सप्ताह

**रांची।** देवघर जिला के जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने का आग्रह करने वाली सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. इस मामले में कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं होने पर अतिरिक्त समय देने की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने तीन सप्ताह का समय प्रदान किया.पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सरकार ने पहले जसीडीह स्टेशन के दक्षिणी इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने की बात स्वीकारी थी.

## सड़क हादसे में बाइक सवार हुआ घायल

**चंदवा ।** चंदवा थाना क्षेत्र के रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर नावाडी के समीप गुरुवार की देर रात बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया. गुरुवार करीब रात 8 बजे बाइक सवार सामने आ रही गाड़ी की तेज रोशनी से चकमा खा गया और सड़क पर गिर पड़ा. राहगीरों ने आनन-फानन में बाइक सवार को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा लाया. जहां डॉक्टर तरुणजोश लकड़ा की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया. साथ ही बेहतर इलाज के लिए घायल बाइक सवार को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.

## डीवीसी ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**लातेहार।** जनजातीय गौरव दिवस व संविधान दिवस के अवसर पर डीवीसी के तुबेद कोयला खान परियोजना की ओर से 24 नवंबर को परियोजना क्षेत्र के मोंगर व तुबेद ग्राम के स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इसकी जानकारी डीवीसी के उप प्रबंधक मानव संसाधन रवि प्रकाश तिवारी ने दी. उन्होंने बताया कि इस शिविर में कुल 193 रोगियों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया. तुबेद स्कूल में 122 व मंगरा स्कूल में 71 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की.

## रेलवे स्टेशन पर चला जागरूकता अभियान

**महुदा ।** आद्रा मंडल में यात्रियों को अनारक्षित टिकट के लिए यूटीएस एप का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए मण्डल के विभिन्न स्टेशनो पर जागरुकता अभियान चलाया गया. भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने की दिशा में अनारक्षित टिकट लेने के लिए यूटीएस मोबाइल एप की व्यवस्था की गई है. यूटीएस एप एक मोबाइल टिकटिंग एप है, जिसके माध्यम से यात्रियों को अपने स्मार्टफोन पर अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करती है. अधिकारियों ने बताया कि इससे यात्रियों को टिकट के लिए कतार में इंतज़ार करने की आवश्यकता नहीं होगी.

## दुकानदारों ने उजाड़ीकरण विरोध दिवस मनाया

**जमशेदपुर ।** नेशनल हॉकर फेडरेशन ने शुक्रवार को पथ विक्रेता उजाड़ीकरण विरोध दिवस मनाया. इसके तहत जमशेदपुर के पथ विक्रेताओं ने बिना व्यवस्थित किये उजाड़े जाने का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया. फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि 24 नवम्बर 1996 को कोलकाता में आपरेशन सनशाइन अभियान चलाकर रात में पथ विक्रेताओ की दुकानों को तोड़ा गया था, जिस कारण 18 पथ विक्रेताओ ने आत्महत्या कर ली थी. इसी कारण उनकी स्मृति में 24 नवम्बर को भारत के 28 राज्यों में उजाड़ीकरण विरोध दिवस मनाया जाता है.

# खनन मामले की जांच करने साहिबगंज पहुंची सीबीआई टीम

**संवाददाता। रांची/साहिबगंज**

साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले की जांच करने सीबीआई की टीम पहुंची गयी है. सीबीआई की चार सदस्यीय टीम में डीएसपी कृष्णकांत सिंह, सीनियर पीपी प्रियांशु सिंह के साथ दो पदाधिकारी हैं, जो नींबू पहाड़ पर अवैध खनन की जांच करेंगे. टीम शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कोर्ट और फिर एससी-एसटी थाना भी गई. इसके अलावा वह ईडी के प्रमुख गवाह विजय हांसदा और खनन में संलिप्त एसपी, डीसी और खनन पदाधिकारी से भी पूछताछ कर सकती है. गौरतलब है कि बीते 20 नवंबर को सीबीआई ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी.

**करेगी पूछताछ**

- टीम नींबू पहाड़ पर अवैध खनन की जांच करेगी
- सीबीआई टीम कोर्ट और फिर एसटी थाने भी गई

### ईडी के बाद सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी

सीबीआई ने अपने एफआईआर में बरहेट के विधायक प्रतिनिधि और ईडी केस में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, कारोबारी विष्णु कुमार यादव, पवितर



कुमार यादव, साहिबगंज जिला परिषद के उपाध्यक्ष राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत अन्य को आरोपी बनाया है. सीबीआई ने मुफ्फसिल थाना में विजय हांसदा द्वारा दर्ज कोर्ट कंप्लेन और एसटी-एससी थाना में दर्ज केस 6/22 को टेकओवर किया है. झारखंड माइंस एंड मिनरल्स एक्ट, आर्म्स एक्ट व एसटी-एससी एक्ट की संगत धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई जांच

झारखंड के साहिबगंज में हुए अवैध खनन की जांच सीबीआई से कराने के लिए विजय हांसदा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. लेकिन बाद में विजय ने अपनी याचिका वापस लेने की कोशिश की थी. जिसके बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को मामले में पीई दर्ज कर जांच का आदेश दिया था. अदालत ने सीबीआई को सभी पक्ष में जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद सीबीआई ने अवैध खनन से जुड़ा विजय हांसदा का केस टेकओवर कर लिया.

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- भारत ने किस देश के साथ ई-वीजा सेवाएं फिर शुरू की - **कनाडा**
- किसे भारत का बिस्मार्क कहा जाता है - **वल्लभ भाई पटेल**
- गांधार का कला स्कूल किस वंश से संबंधित है - **कुषाण**
- 
- भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी का नाम - **के-2**
- क्वीन ऑफ डेकन किसे कहा जाता है - **पुणे**
- किस राज्य में वाटर स्मार्ट किड अभियान शुरू किया गया - **मेघालय**
- नारंगी और बैगनी रंग के मिलने से कौन रंग बनता है - **हरा**
- सोना किस पदार्थ में घुल जाता है - **एक्वा रेजिया**
- दिल्ली कैंट की पहली महिला कमांडिग आफिसर - **कर्नल सुनीता बीएस**
- मयूर सिंहासन किसने बनवाया था - **शाहजहां**

### करंट से पांच हाथियों की मौत के मामले में आयुक्त ने कहा

# हाथियों की मौत मामले में दोषियों पर होगी कार्रवाई

**संवाददाता। जमशेदपुर**

घाटशिला में पिछले दिनों करंट लगने से हुई पांच हाथियों की मौत के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जांच के बाद जो दोषी पाए जाएंगे उन्हें बक्शा नहीं जाएगा. उक्त बातें कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार ने जमशेदपुर प्रखंड में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कही. उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर मंगलवार को चाईबासा में एक समीक्षा बैठक रखी गई है. इसमें वन विभाग और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे.

बैठक में घटना के कारणों और भविष्य में ऐसी घटनाएं दुबारा न हो इस पर चर्चा करने के साथ-साथ रणनीति बनाई जाएगी. आयुक्त ने कहा कि कोल्हान में नक्सली घटनाओं में काफी कमी आई है. नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की किरण पहुंच रही है. पश्चिमी सिंहभूम के जामरो में कभी बिजली का एक भी पोल नहीं हुआ करता था. वहां के लोगों को किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल पाता था. लेकिन पिछले वर्ष वहां प्रशासन ने शिविर लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया. कुछ एक इलाकों में अब भी नक्सली सक्रिय है, उन्हें पूरी तरह से खत्म करने के लिए सुरक्षाबलों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है. सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और भटके हुए युवाओं को वापस मुख्यधारा से जोड़ा जाए. आईईडी विस्फोट की घटना पर उन्होंने कहा कि इस पर सरकार काफी गंभीर है और आने वाले नए वर्ष में इस पर अंकुश लगा लिया जाएगा. इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है.



**प्रशासन सख्त**

- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास हो रहा है
- जामरो में कभी बिजली का एक भी पोल नहीं था
- भटके युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है

## दो हथिनी की मौत मामले की मुख्य वन संरक्षक ने की जांच

**चाकुलिया।** चाकुलिया में हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर जख्मी दो हथिनियों की मौत के मामले में शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक रवि रंजन ने घटनास्थल पर आकर जांच की. उन्होंने उपस्थित जमशेदपुर की वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी और चाकुलिया के प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय सिंह से मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की. ज्ञात हो कि चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 स्थित गणेश राइस मिल के पीछे निर्मित तालाब की मेंढ़ पर हाथियों का एक दल हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आ गया था. इनमें से दो हथिनी विद्युत प्रवाह से जख्मी हो गई थी.

24 घंटे के अंदर दोनों हथिनी की मौत अलग-अलग जगह पर हो गई थी. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक वन विभाग विभाग के पदाधिकारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से जांच की. इसके बाद वे बड़ामारा पंचायत के ज्वालभांगा गांव के पास खेत में पहुंचे, जहां एक हथिनी की मौत हुई थी. दूसरी हथिनी की मौत जमुआ पंचायत में लखन चौक से सटे काजू जंगल में हुई थी. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक यहां भी पहुंचे और घटनास्थल की जांच की. इसके अलावे उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण कर इस बात की भी जानकारी प्राप्त की कि कहां-कहां बिजली के तार जमीन से कम ऊंचाई पर झूल रहे हैं.



## न्यू मधुबन वाशरी में चक्का जाम आंदोलन

**बाघमारा ।** ब्लॉक दो क्षेत्र के न्यू मधुबन कोल वाशरी में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर शुक्रवार को चक्का जाम आंदोलन चलाया गया. ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे खानुडीह पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल महतो, शंकर महतो एवं पिंकू पांडेय ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन स्थानीय ग्रामीणों के साथ मनमाना व्यवहार कर रही है. ग्रामीणों की जमीन छिनी जा रही है. जंगल नष्ट हो रहा है. प्रदूषण से लोग बीमार हो रहे हैं. मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय बेरोजगारों को हर हाल में 75 प्रतिशत रोजगार से जोड़ना होगा. मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा और चक्का जाम रहेगा. मौके पर अमृत मांझी, देवानंद महतो, राजेश महतो, तुलसी रवानी, अंजन पांडेय, अर्जुन महतो, कुलदीप पांडेय, रंजीत पांडेय, रघु मंडल, गोविंद रविदास, अनिल हाड़ी, गौतम रविदास, विजय रविदास, गुड्डू हाड़ी, बैजनाथ महतो, प्रदीप महतो, कामेश्वर महतो, राजु रजवार और कमलेश महतो मौजूद थे.

# पीडीएस डीलर पर लगाया राशन गबन करने का आरोप



**संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के नवागढ़ पंचायत के मुर्गीडीह, सलैया और नारायणपुर गांव के दर्जनों राशन कार्डधारी शुक्रवार को समाहरणालय पहुंचे. उन्होंने उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा, जिसमें बताया कि सरना महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा सितंबर और अक्टूबर माह का राशन उठाव किया गया है. लेकिन कार्डधारियों के बीच मात्र सितंबर माह का राशन वितरण किया. जबकि ग्रामीणों के राशन कार्ड में सितंबर व अक्टूबर दोनों माह का राशन वितरण का अंकित कर दिया गया है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीलर के द्वारा एक माह के राशन का गबन कर लिया गया. उन्होंने उपायुक्त से उक्त डीलर पर कार्रवाई करने की मांग की. ग्रामीणों में उपेंद्र उरांव, महेश्वर उरांव, रामदयाल उरांव, लालेश्वर उरांव, गुर्जर उरांव, प्यारी देवी, झामो मासोमात, सालमुनि देवी व मनीता देवी समेत कई कार्डधारी मौजूद थे.

# अमन सिंह समेत छह कोर्ट से बरी

**संवाददाता। धनबाद**

रंगदारी की मांग को लेकर गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित धनबाद रोड पर सिटी फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर गोलीबारी करने के चर्चित मामले में शुक्रवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू की अदालत ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता हुसैन हैकल, दीपनारायण, अनवर शमीम और धर्म वर्णवाल की दलील सुनने के बाद फैसला सुनाया. इस मामले के सभी आरोपियों अमन सिंह, रवि ठाकुर, जावेद अख्तर ऊर्फ रिंकू, बबलू कुमार मिश्रा, इलियास अंसारी और समीर खान को साक्ष्य के अभाव में बाईज्जत बरी कर दिया. बता दें कि गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित धनबाद रोड पर सिटी फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर 3 दिसंबर 20 की देर शाम बाइकसवार तीन अपराधी पहुंचे और बगैर रुके ही ताबड़तोड़ 5 राउंड फायरिंग कर चलते बने थे. जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था. वहीं शीशे को छेद करती हुई गोली पेट्रोल पंप पर बने केबिन के अंदर चली गई थी. पुलिस ने मौके से एक जिंदा कारतूस व चार खोखा भी बरामद किया था. अनुसंधान के बाद अदालत को सौंपे चार्जशीट में पुलिस ने दावा किया था कि 3 दिसंबर 20 को रंगदारी नहीं देने पर अमन के कहने पर अभिनव सिंह ने रिंकू व रवि ठाकुर के साथ मिलकर गोविंदपुर सिटी फ्यूल पेट्रोल पंप पर गोली चलाई थी.

**सुनाया फैसला**

- बचाव पक्ष के वकील हुसैन हैकल और दीपनारायण थे
- सिटी फ्यूल्स पेट्रोल पंप के पार हुई थी घटना

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उपायुक्त ने लिया जायजा



**संवाददाता। बेरमो**

बोकारो सहित राज्य के सभी जिलों में शुक्रवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत हुई. बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र की कुल 11 पंचायतों व वार्डों में 14 शिविरों का आयोजन किया गया. पेटरवार प्रखंड की अरजुवा पंचायत में आयोजित शिविर में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो व उपायुक्त कुलदीप चौधरी शामिल हुए.

उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने स्टॉल का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. शिविर में विभिन्न विभागों के 22 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां ग्रामीणों की काफी भीड़ देखी गई. इससे पूर्व योगेंद्र प्रसाद ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र व परिसंपत्तियों का वितरण किया. सहायता केंद्र में बैठकर फरियादियों को फॉर्म भरने से लेकर योजना का लाभ दिलाने तक में सहयोग किया. उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम झारखंड की दिशा और दशा तय करेगा. इसके जरिए अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा.

## ग्रामीणों ने रोका परियोजना का विस्तारीकरण का कार्य

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया चार की एकेडब्लूएमसी परियोजना के विस्तारीकरण में केशलपुर कुम्हार टोला के तालाब को काटे जाने से ग्रामीण क्रोधित हो गये. आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को कंपनी का कार्य रोक दिया. मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. हलधर महतो ने कहा कि इस सार्वजनिक तालाब के पानी का ग्रामीण रोजाना उपयोग करते हैं. प्रबंधन ने बिना नोटिस जारी किए तालाब को कटने की कार्रवाई शुरू कर दी. इसके लिए सरकार से भी अनुमति नहीं ली गई. उन्होंने चेतावनी दी कि प्रबंधन ने आउटसोर्सिंग कंपनी के फायदे के लिए यदि दोबारा जबरन तालाब काटने का प्रयास किया, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा. सूचना मिलते ही एरिया 4 के महाप्रबंधक एमएस दुत ग्रामीणों से वार्ता करने पहुंचे. जीएम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे.

### जमसं नेता ने ब्लॉक दो जीएम पर लगाया यूनियनों को लड़ाने का आरोप

# मृतक के आश्रित को मिला नियुक्ति पत्र

**संवाददाता। बाघमारा**

बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र की मधुबन वाशरी में फिटर के पद पर कार्यरत कर्मी अनिल चौहान (47 वर्ष) की मृत्यु के करीब 36 घंटे बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने उनके पुत्र के नियोजन पर सहमति जताई. गुरुवार देर शाम उनके पुत्र सीताराम चौहान को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र सौंपा गया. ब्लॉक दो क्षेत्रीय कार्यालय में हुई समझौता वार्ता के दौरान बाघमारा के विधायक ढुल्लु महतो, जनता श्रमिक संघ के प्रदीप कुमार सिन्हा व ब्लॉक दो के ज़ीएम चितरंजन कुमार तथा मृत कर्मी की पत्नी व पुत्र मौजूद थे. पुत्र को प्रोविजनल नियोजन पत्र मिलने के बाद यूनियन व ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर दिया.

ब्लॉक दो परियोजना के समीप हॉल रोड से मृतक अनिल चौहान का शव रात में ही उठा लिया गया. शुक्रवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया. मालूम हो कि वाशरी में कार्यरत फिटर अनिल चौहान की मंगलवार 21 नवंबर को दिन में मौत हो गई थी. आश्रित को नौकरी व उचित मुआवजा की मांग को लेकर जनता मजदूर संघ के बैनर तले मजदूरों व ग्रामीणों ने ब्लॉक दो परियोजना का काम-काज ठप कर दिया था. जमसं के केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा ने शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता कर ब्लॉक दो के ज़ीएम चितरंजन कुमार पर दो श्रमिक यूनियनों को आपस में लड़ाने का आरोप लगाया. कहा कि ज़ीएम मृत मजदूर की लाश पर राजनीति कर रहे थे. कहा कि ब्लॉक दो क्षेत्र में विस्थापितों की समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है. जमीन के रैयतों को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है. कहा कि ज़ीएम के इस मजदूर विरोधी रवैये से ब्लॉक दो क्षेत्र की बंदी की तलवार लटक रही है. उन्होंने जीएम पर डिपार्टमेंटल उत्पादन ध्यान नहीं देकर सिर्फ आउटसोर्सिंग पर ध्यान दिए जाने का आरोप लगाया. कहा की जमसं जीएम के रवैये के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होगी. उन्होंने दो दिन माइंस बंद रहने के लिए जीएम को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की. प्रेसवार्ता में यूनियन के मंगल हेंब्रम, ब्रजमोहन पांडे, संतोष सिंह, विजय चौहान, अखिलेश चौहान, ब्रजेश पांडे परमेश्वर भुईयां आदि मौजूद थे.



**मेला** | दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का हुआ आयोजन

# कलाकारों ने मंच पर किया घोड़ा नाच

**संवाददाता। बोकारो**

दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन में गुरुवार की रात झारखंड स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया. इसमें बोकारो से आए विनोद कुमार महतो व उनकी टीम जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच, सिंहपुर के कलाकारों ने झारखंड का घोड़ा लोक नृत्य प्रस्तुत कर दिल्लीवासियों का मन मोह लिया. समारोह में झारखंड के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, सूडा के सीईओ अमित कुमार, उद्योग सचिव जीतेन्द्र कुमार सिंह, उद्योग निदेशक भोर सिंह यादव आदि मौजूद थे. इससे पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पवेलियन में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. सभी स्टॉलों का अवलोकन भी किया. उन्होंने कहा कि ट्रेड फेयर राज्य में होने वाले विकास को प्रदर्शित करने का अच्छा मंच है. झारखंड सरकार अब हर तरह से सक्षम है. अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में रांची सांसद संजय सेठ भी पहुंचे. उन्होंने खादी इंडिया और झारखंड के स्टॉल को देखा. कहा कि वोकल फॉर लोकल के उद्देश्य को पूरा करने में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा. एम्फी थियेटर में आयोजित इस कार्यक्रम में पद्मश्री शशिधर आचार्य का छऊ नृत्य, सुदामा सिंह और टीम का नागपुरी नृत्य, विनोद कुमार महतो का घोड़ा लोक नृत्य व खोरठा लोक नृत्य, कृष्ण भगत और टीम का उरांव कुड़ुख गीत और अशोक कच्छप के पाइका नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया.




**व्यापार मेला**

- घोड़ा नाच कर लोगों का दिल्लीवासियों का मन मोहा
- इस कार्यक्रम में शशिधर आचार्य ने छऊ नृत्य किया

## आवास व पेंशन के लिए ग्रामीणों ने दिए आवेदन

**जरीडीह।** जरीडीह प्रखंड के तांतरी उत्तरी पंचायत में शुक्रवार को आपका योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ. शिविर दर्जनों विभागों का कैम्प लगाया गया था. तांतरी में बीडीओ जयलाल महतो, सीओ प्रणव ऋतुराज ने नोडल अधिकारी के सामने विधार्थियों व ग्रामीणों के बीच जाति प्रमाण पत्र तथा कूप बनाने के आदेश पत्र का वितरण किया. शिविर में सबसे ज्यादा अबुआ आवास योजना और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों ने पेंशन योजना के लिए आवेदन पत्र जमा किये. कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा मुखिया गिरिन्द्र मिश्रा, देवनारायण भगत झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मोहन मुर्मू, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष अंबिका देवी जिप सदस्य आशा देवी 20 सूत्री अध्यक्ष महादेव रवानी पंसस माधवी देवी मौजूद थे.

# ब्लड कंपोनेंट यूनिट शुरू होने की अब जगी उम्मीद

**संवाददाता। गिरिडीह**

सदर अस्पताल परिसर में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट भवन निर्माण के करीब डेढ़ साल बाद इसके शुरू होने की उम्मीद जगी है. तीन सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को यूनिट का दौरा कर संसाधनों का जायजा लिया. ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर सोहेल अख्तर ने टीम को यहां संसाधनों की पूरी जानकारी दी. बताया गया कि टेक्निशियन की नियुक्ति सहित सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. टीम में कोलकाता से आए ड्रग इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, डॉ विनोद कुमार व गिरिडीह के ड्रग इंस्पेक्टर अनूप कुमार शाह शामिल थे. सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा ने बताया कि टीम की अनुशंसा के बाद ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट को लाइसेंस निर्गत किया जाएगा. उन्होंने बताया कि यूनिट का उद्घाटन 14 जून 2022 को हुआ था. लेकिन कागजी प्रक्रिया के कारण कुछ देर हुई है. ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट शुरू होने से जिले के मरीजों को काफी लाभ होगा. ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट मसलन पीआरबीसी, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स को अलग-अलग किया जा सकेगा. इससे रक्त का भी संग्रह अधिक समय के लिए हो सकेगा.



## ब्रीफ खबरें

### एरिया कमांडर ने दस लाख की लेवी मांगी

**रांची।** झारखंड में सक्रिय उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो ने एसएनजी बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एक अधिकारी को फोनकर 10 लाख रुपये की लेवी (रंगदारी) मांगी है. होरो ने रकम न देने पर कार्रवाई करने की धमकी दी है. इस कंपनी का कार्यक्षेत्र रांची का लापुंग थाना क्षेत्र है. कंपनी के साइट मैनेजर अक्षय कुमार ने इस संबंध में थाने में पीएलएफआई के एरिया कमांडर अमृत होरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है.

### जमीन विवाद में जान से मारने की धमकी

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत ग्वालाबस्ती निवासी रुबी देवी को पड़ोसियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है. इसको लेकर शुक्रवार को रूबी एसएसपी से शिकायत करने पहुंची. रूबी ने बताया के एक साल पूर्व उनके ससुर को मारपीट कर घायल कर दिया गया था जिसके बाद उनका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा था. बीते दिनों उनके देवर के साथ सोनू, मुन्ना और विकास द्वारा मारपीट कर सड़क किनारे फेंक दिया गया था. उन्हें एमजीएम में भर्ती कराया गया था.

### कैनाल किनारे मिला वृद्धा की लाश

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहरागोड़ा थाना अंतर्गत शुक्रवार दोपहर को करकटा गांव निवासी विक्रम टुडू (82) को कैनाल किनारे मृत अवस्था में मिला. सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि 17 नवंबर से मृतक घर से लापता था. काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला तब परिवार वालों ने थाना को सूचित किया गया था.

### मंदिर से भोले बाबा की त्रिशूल की चोरी

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक रोड स्थित दानी नाथ मंदिर में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर ली है. वहीं मंदिर के पुजारी भूदेव पांडे ने बताया की सुबह जब मंदिर में पूजा करने आए तो देखा की मेन गेट में लगा दोनों ताला टूटा हुआ है. उसके बाद जब अंदर गया तो देखा की भोले बाबा का पीतल का नाग और त्रिशूल और एक तांबा का छोटा नाग था वो नहीं था. मौके पर पूर्व पार्षद अशोक पाल को इसकी सूचना दी गई. इसके बाद सदर थाने में केस दर्ज करवाया गया.

### आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कतरास।** कतरासगढ़ रेलवे गार्ड के साथ मारपीट के फरार अभियुक्त रवि कुमार महंत के आवास में शुक्रवार को रेल पुलिस ने पोस्टर चिपकाया. मामले की जानकारी देते हुए कतरासगढ़ रेल थाना प्रभारी नवीन रजक ने कहा बीते बीस मार्च को रेलवे के गार्ड से मारपीट की घटना हुई थी. मामले में रेल थाने में आरोपी रवि महंत सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. एक अभियुक्त को पकड़ कर पहले ही जेल भेज दिया गया है. लेकिन रवि लगातार फरार चल रहा था.

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत, जांच शुरू

**पलामू।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे लाइन के खंभा नंबर 290/13 के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ. शव की पहचान बसना निवासी देव पांडेय के रूप में की गयी है. शव को देखकर आशंका जतायी जा रही है कि ट्रेन से कटकर देव पांडेय की मौत हुई है. घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है.

### नाबालिग को शादी की नियत से भगाया, बरामद

**मैथन।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र में एक मजदूर पिता ने नाबालिग (13) बेटी को बहला-फुसलाकर शादी की नियत से भगा ले जाने की लिखित शिकायत की है. शिकायत में उन्होंने मुगमा के एक युवक पर नाबालिग बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है. खोजबीन में पता चला कि उसकी बेटी मुगमा में एक युवक के घर पर है. पिता ने बेटी को बचाने की पुलिस से गुहार लगायी है. पुलिस ने शुक्रवार को मुगमा से नाबालिग को युवक के साथ बरामद कर लिया है.

---

#### यूपी से गिरफ्तार नक्सलियों के पास से बरामद दस्तावेज से हुआ खुलासा

# रची जा रही थी नक्सली गतिविधियों को विस्तार देने की साजिश

**सौरभ सिंह। रांची**

उत्तरप्रदेश एटीएस ने बीते दिनों बलिया में गोपनीय बैठक कर रहे पांच नक्सलियों तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश, राममूरत और विनोद साहनी को गिरफ्तार किया था. इनके पास बरामद दस्तावेजों से नक्सलियों के बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है.

बरामद दस्तावेज से यह खुलासा हुआ है कि ये सभी नक्सली केंद्रीय कमेटी के नेताओं के इशारे पर बलिया, आजमगढ़, वाराणसी और चंदौली को केंद्र बना कर यूपी में नक्सली गतिविधियां बढ़ा रहे थे.



इसके अलावा यूपी के बलिया, मिर्जापुर, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली के अलावा बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों में नक्सली गतिविधियों को विस्तार देते हुए भाकपा माओवादी का शासन स्थापित करने की साजिश रची जा रही थी. उनके पास से बरामद डायरी में बीते दिनों एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों के नाम और संगठन को होने वाली फंडिंग का ब्योरा भी मिला था. इस केस को अब एनआईए ने टेकओवर कर जांच शुरू कर दी हैं.

**चंदा-लेवी वसूली व हथियार जमा कर रही थी तारा :** गिरफ्तार नक्सली तारा देवी उर्फ मंजू उर्फ मनीषा 18 साल से नक्सली घटनाओं में शामिल रही है. वह नए सक्रिय सदस्यों की भर्ती के लिए नक्सल के एमओ (मास आर्गनाइजेशन) और मुखौटा संगठनों के साथियों के साथ मिल कर काम कर रही थी.

पुराने भूमिगत सदस्यों के साथ नए लोगों की भर्ती कर रही थी. उनका उद्देश्य भारत सरकार के खिलाफ नक्सली विचारधारा के लोगों को जुटा कर सशस्त्र विद्रोह के जरिए सरकारी व्यवस्था को उखाड़ना था.वह नक्सलियों की सरकार स्थापित करने के लिए अपनी पार्टी भाकपा माओवादी के लिए चंदा व लेवी वसूलने व हथियार जमा कर रही थी.

#### प्रमोद मिश्रा ने एडहॉक कमेटी बनाई थी

जांच में सामने आया है कि सीपीआई माओवादी नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा (गिरफ्तार) एडहॉक कमेटी बनाई थी. संगठन के सचिव बलिया निवासी संतोष वर्मा उर्फ मंतोष के जरिए लगातार पूर्वांचल के कई जिलों में महिलाओं और पुरुषों की भर्ती की जा रही थी. साथ ही, पूर्वांचल में किसी सरकार विरोधी आंदोलन को चुन कर उसको सशस्त्र आंदोलन में बदलने की साजिश रची जा रही थी. इसके लिए जंगल में हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था.

### आओ जानें

#### ढाई साल मेंआर्म्स एक्ट के कितने मामले हुए दर्ज

| जिला | मामले | जिला | मामले |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 267 | सिमडेगा | 24 |
| गिरिडीह | 59 | रेल धनबाद | 04 |
| हजारीबाग | 47 | रेल जमशेदपुर | 02 |
| जमशेदपुर | 171 | देवघर | 194 |
| पलामू | 158 | गोड्डा | 90 |
| रांची | 365 | गुमला | 122 |
| साहेबगंज | 145 | लोहरदगा | 54 |
| दुमका | 43 | चतरा | 99 |
| चाईबासा | 111 | गढ़वा | 132 |
| बोकारो | 93 | कोडरमा | 55 |
| लातेहार | 119 | खूंटी | 119 |
| जामताड़ा | 08 | रामगढ़ | 60 |
| सराइकेला | 68 | पाकुड | 09 |
| | | कुल | 2722 |

---

#### परसुडीह छिनतई और बागबेड़ा चोरी कांड का भी हुआ खुलासा

# हत्या की योजना बना रहे 3 शातिर अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता। जमशेदपुर**

साकची पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने राजेंद्र विद्यालय के पास स्थित बंद क्वार्टर में छापेमारी कर हत्या की योजना बना रहे तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों में बर्मामाइंस थाना क्षेत्र के रघुवर नगर निवासी जितेश कुमार, परसुडीह गदड़ा निवासी रवि उपाध्याय और बिष्टुपुर शिवपुरी कॉलोनी निवासी राहुल साहू शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 लोडेड पिस्टल, 7 मैगजीन, 42 जिंदा गोली और एक चोरी की बाइक बरामद की है. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी बंद क्वार्टर में जमा हुए थे. पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी. गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई और सभी को गिरफ्तार किया गया. एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों पर हत्या और फायरिंग जैसे मामले भी दर्ज हैं.

**चचेरे साला की हत्या की योजना बना रहा था रवि :** एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गिरफ्तार रवि उपाध्याय गोविंदपुर में हुए अश्विनी हत्याकांड में फरार चल रहा था. रवि के चचेरे साले राजन मिश्रा से उसका विवाद चल रहा था. राजन ने रवि पर पूर्व में फायरिंग भी करवाई थी. वहीं, जितेश कदमा थाना क्षेत्र में साल 2014 में नाजनीन परवीन की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है. वह एक माह पूर्व ही अपील बेल पर जेल से बाहर आया है. रवि ने जितेश और राहुल साहू के साथ मिलकर अपने चचेरे साले राजन मिश्रा की हत्या की योजना बनाई थी. सभी बंद क्वार्टर में जुटे थे.



जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल.

#### परसुडीह में छिनतई व बागबेड़ा चोरी में 3 धराए

वहीं, पुलिस ने परसुडीह में महिला से मोबाइल छिनतई और बागबेड़ा में चोरी के मामले का भी खुलासा किया है. पुलिस ने परसुडीह सोपोडेरा में सविता देवी से छिनतई के मामले में आरोपी अभिषेक मिंज को गिरफ्तार किया है. अभिषेक परसुडीह के जीईएल चर्च के पास रहता है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की है. अभिषेक ने साल 2020 में भी टेल्को थाना क्षेत्र से छिनतई की थी. इसके अलावा बागबेड़ा के लाल बिल्डिंग निवासी प्रमोद साव के घर चोरी करने के आरोपी दीप शर्मा और राहुल राजभार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में चोरी के गहनों को भी बरामद कर लिया है.

#### खास बातें

- 4 लोडेड पिस्टल, 7 मैगजीन, 42 जिंदा गोली बरामद हुआ
- गिरफ्तार आरोपियों में जितेश, रवि और राहुल शामिल है

#### गरमनाला काली पूजा समिति के सदस्य हैं सभी

एसएसपी ने बताया कि सभी आरोपी गरमनाला काली पूजा समिति के सदस्य हैं. उक्त क्वार्टर को काली पूजा के दौरान रहने के लिए इस्तेमाल कर रहे थे. सभी काफी दिनों से क्वार्टर में आना-जाना कर रहे थे. इसी बीच सभी ने क्वार्टर में ही हत्या की योजना बनाई. सभी सूरज यादव गिरोह से जुड़े हुए हैं. एसएसपी ने कहा कि सभी पर सीसीए लगाने की अनुशंसा की जाएगी, ताकि संगठित अपराध को रोका जा सके.

इसी बीच सभी को गिरफ्तार कर लिया गया. बरामद बाइक बर्मामाइंस से चोरी की गई थी.

### प्रोन्नति पाने वाले जवानों का पीटीसी प्रशिक्षण कल से

**रांची।** आरक्षी से एएसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का 26 नवंबर से प्रशिक्षण शुरू होगा. इसको लेकर आईजी प्रशिक्षण ने आदेश जारी किया है. जारी आदेश के तहत पीटीसी प्रशिक्षण 26 से 28 नवंबर तक जेएपीटीसी पदमा और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में होगा. वहीं 17 और 18 दिसंबर को सीटीसी मुसाबनी में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा. इससे पहले 11 नवंबर से पीटीसी प्रशिक्षण जेएपीटीसी पदमा, सीटीसी मुसाबनी और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में कराने का आदेश था. लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था. एक बार फिर से वैसे हवलदार जो मैट्रिक उत्तीर्ण हो और वैसे एएसआई जो पीटीसी प्रशिक्षण अभी तक प्राप्त नहीं किये हैं, उन्हें साक्षर आरक्षी से एएसआई पद पर प्रोन्नति के लिये पीटीसी प्रशिक्षण दिया जाएगा.

## तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत, दूसरा गंभीर, भर्ती



**संवाददाता। पुटकी**

मुनिडीह थाना क्षेत्र के जतुडीह बिंदु गाड़िया तालाब में शुक्रवार की दोपहर नहाने के दौरान दो युवक गहरे पानी में डूबने लगे. इनमें से रितेश सिंह (21 वर्ष) की मौत हो गई. वह धनबाद के कोला कुसुमा निवासी समुंदर सिंह का पुत्र था. वह अपने मामा के घर आया था. वहीं, दूसरे युवक नवीन सिंह को स्थानीय लोगों ने गंभीर स्थिति में तालाब से निकाला. उसे आनन-फानन में बीसीसीएल के मुनिडीह क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बीजीएच, बोकारो रेफर कर दिया. नवीन सिंह बोकारो के रानी पोखर निवासी सुभाष सिंह का पुत्र है. वह अपने फूफा के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने जतुडीह आया था.

#### वर्चस्व को लेकर किन्नरों के दो गुटों में जमकर हुई मारपीट

## तलवारबाजी में पांच घायल, भर्ती

**संवाददाता। जमशेदपुर**

टेल्को स्थित तार कंपनी मैदान के पास बधाई लेने पहुंचे एक किन्नर समुदाय पर दूसरे किन्नर समुदाय ने जानलेवा हमला कर दिया. मौके पर जमकर तलवारबाजी भी हुई. इस दौरान एक समुदाय के पांच किन्नर घायल हो गए. इस बीच भगदड़ की भी स्थिति उत्पन्न हो गई. किसी तरह स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराया और घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. घायलों में रिया किन्नर, कोयल, संजू, रौशनी, और तमन्ना शामिल है. रिया किन्नर पर तलवार से हमला किया गया था. उसके सिर पर चोट आई है. इसके अलावा अन्य को चोट आई है.



जानकारी देते हुए करीना किन्नर ने बताया कि वे लोग बधाई लेने के लिए तार कंपनी मैदान के पास पहुंचे थे. उन्हें जानकारी मिली थी कि तार कंपनी मैदान के पास एक नई दुल्हन आई है. वे लोग ढोलक लेकर पहुंचे. लेकिन वहां पहले से ही दूसरा गुट वहां मौजूद था. चूंकि किन्नरों के बीच इलाकों का बंटवारा नहीं हुआ है, इसलिए उनका पक्ष वहां से जाने लगा. इसी बीच दूसरे पक्ष ने उनपर फबत्तियां कसना शुरू कर दिया. सभी के पास लाठी डंडा और अन्य धारदार हथियार थे.

---

### युवक ने लड़की का अपहरण कर दो दिनों तक किया दुष्कर्म

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र की एक लड़की के साथ लातेहार जिले के एक युवक ने अपहरण कर दो दिनों तक दुष्कर्म किया. मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने लड़की का मेडिकल चेकअप कराते हुए न्यायालय में बयान दर्ज कराया है. आरोपी फरार है. बताया जाता है कि लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की के साथ फेसबुक पर लातेहार जिले के युवक की दोस्ती हुई. फेसबुक पर चैटिंग करते हुए मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किया गया. बातचीत से हुई दोस्ती प्रेम में बदल गई. इसके बाद युवक ने फोन कर लड़की को कुडू थाना क्षेत्र में मिलने के लिए बुलाया और बाइक पर बैठाकर लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत ले गया, जहां जबरन दो दिनों तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया. किसी तरह लड़की तीसरे दिन उसके चंगुल से मुक्त होकर घर पहुंचीं तथा परिजनों को पूरी जानकारी दी. परिजनों के साथ कुडू थाना पहुंची लड़की के बयान पर अपहरण और दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया.

#### झारखंड पुलिस के पास 75769 मामले पेंडिंग

## रांची की स्थिति सबसे खराब

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के विभिन्न जिलों में पुलिस के पास 71560 वारंट, 4209 कुर्की और 42372 केस अनुसंधान के लिए लंबित हैं. यह आंकड़ा 31 सितंबर 2023 तक का है. जिसकी पुष्टि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त वारंट और कुर्की को आंकड़ों से होती है. झारखंड में रांची जिले की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है. यहां सबसे अधिक वारंट और कुर्की के मामले अनुसंधान के लिए लंबित हैं.

#### जिले में वारंट व कुर्की के कितने मामले हैं पेंडिंग

| जिला | वारंट | कुर्की | जिला | वारंट | कुर्की |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 18566 | 3200 | चतरा | 2782 | 96 |
| खूंटी | 506 | 27 | गिरिडीह | 664 | 46 |
| गुमला | 2171 | 02 | धनबाद | 16946 | 237 |
| सिमडेगा | 355 | 00 | बोकारो | 1034 | 70 |
| लोहरदगा | 731 | 08 | दुमका | 755 | 01 |
| चाईबासा | 2660 | 36 | गोड्डा | 512 | 00 |
| सरायकेला | 1621 | 14 | जामताड़ा | 796 | 01 |
| जमशेदपुर | 4072 | 22 | देवघर | 3394 | 14 |
| पलामू | 2959 | 79 | साहिबगंज | 2704 | 110 |
| लातेहार | 1890 | 12 | पाकुड | 1213 | 04 |
| गढ़वा | 725 | 01 | रेल धनबाद | 48 | 01 |
| हजारीबाग | 3777 | 129 | रेल जमशेदपुर | 76 | 00 |
| रामगढ़ | 329 | 76 | कुल | 71560 | 4209 |
| कोडरमा | 294 | 23 | | | |

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे पटमदा थाना अंतर्गत माचा के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया गया. मृतक की पहचान कमलपुल थाना क्षेत्र के कांकीडीह निवासी 28 वर्षीय अश्विनी कर्मकार के रूप में हुई है. अश्विनी गम्हरिया स्थित एक कंपनी में मजदूरी कर जीवन-यापन करता था. गुरुवार रात वह अपने घर आ रहा था इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. इधर, पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. परिजनों ने बताया कि उसके घर में उसकी मां, पत्नी और एक दुधमुंहा बेटा है.

## अड़की में हुई दुर्घटना में चौका थाना क्षेत्र के दो युवक घायल



**संवाददाता। खूंटी/चांडिल**

खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र के मारांगडीह और हेमब्रम के बीच हुई सड़क दुर्घटना में चौका थाना क्षेत्र के दो युवक समेत तमाड़ थाना क्षेत्र के एक युवक घायल हो गए. घटना शुक्रवार दोपहर बाद की है. मिली जानकारी के अनुसार चौका थाना क्षेत्र के पोड़का निवासी संजय सिंह मुंडा और इंद्रजीत सिंह मुंडा बाइक से खूंटी थाना क्षेत्र के डुंडी गांव जा रहे थे. डुंडी में संजय सिंह मुंडा का दीदी-जीजा का घर है.

इसी क्रम में उनके साथ तमाड़ थाना क्षेत्र के गांगो निवासी सुबोध सिंह मुंडा भी डुंडी के लिए रवाना हुए. तीनों एक ही बाइक पर सवार थे.

बताया गया कि डुंडी जाने के दौरान हेमब्रम बाजार और मारांगडीह के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार धक्का मार दिया. अज्ञात वाहन के धक्के से तीनों सड़क पर गिर गए. इससे बाइक सवार एक युवक का पैर टूट गया है. बाकि दो को चोट लगी है. दुर्घटना के बाद तीनों को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल अड़ी पहुंचाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद संजय और इंद्रजीत को बेहतर इलाज के लिए अड़की के ही कल्याण फाउंडेशन अस्पताल रेफर कर दिया गया. अड़की थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### घर से बाइक सहित दो मोबाइल फोन की चोरी

**आदित्यपुर।** जिला मुख्यालय सरायकेला थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. दो दिन पूर्व स्वर्ण व्यवसायी से हुए लूट मामले का पुलिस अभी उद्भेदन भी नहीं कर सकी है कि गुरुवार की रात सरायकेला थाना क्षेत्र के इंद्रटांडी मुहल्ले में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है. चोरों ने सतीश कुमार के घर की बाउंड्री के भीतर रखी उनकी 4 महीने पहले खरीदी गई नई अपाचे बाइक के साथ खिड़की पर रखे पति-पत्नी के दो मोबाइल चोरी कर फरार हो गए हैं. शुक्रवार की सुबह उठने के बाद उन्हें चोरी का पता चला. इसके बाद इसकी सूचना सरायकेला पुलिस को दी गई. बताया जा रहा है कि सतीश कुमार अपनी बाइक को गुरुवार की रात परिसर में खड़ी किए थे. बाउंड्री के गेट पर कुंडी लगी हुई थी. सतीश कुमार की पत्नी ने रात तकरीबन 1:30 बजे उठकर अपनी और अपने पति सतीश कुमार के मोबाइल को खिड़की के पास रखकर चार्ज में लगा दिया था. सुबह उठने पर सतीश की पत्नी ने देखा कि खिड़की पर चार्ज के लिए रखे दोनों मोबाइल गायब हैं और बाउंड्री के भीतर रखी बाइक भी गायब थी.

---

**दहशत** इंटरपोल की मदद और रेड नोटिस के बावजूद गैंगस्टर बेलगाम

# कानून के लंबे हाथ से कितना दूर अपराध का 'प्रिंस'

- गिरोह के प्यादों को पकड़कर खुद अपनी पीठ थपथपा रही पुलिस

**संवाददाता। धनबाद**

दुबई में बैठे गैंगस्टर प्रिंस खान का खौफ धनबाद में फैला हुआ है. पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. ऐसे में सवाल ये है कि क्या एक छोटा-मोटा गुंडा भी देश से भागकर यहां की पुलिस को खुलेआम चुनौती दे सकता है. वैसे भी जब तक प्रिंस हत्थे नहीं चढ़ता तक-तक पुलिस का रोल सिर्फ और सिर्फ चमचों-बेलचों को पकड़कर खुद की पीठ थपथपाने से ज्यादा नहीं माना जा सकता. प्रिंस के पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस के प्रयासों की पड़ताल करती शुभम संदेश की खास रिपोर्ट.

गैंग्स ऑफ वासेपुर के सबसे बड़े किरदार फहीम खान की पनाह में पला-बढ़ा प्रिंस खान रिश्ते में उसका भगीना है. फहीम फैमिली के इशारों पर पिस्टल चलाने वाले प्रिंस का कद वक्त के साथ बड़ा होता गया. बढ़ते कद और ताकत ने प्रिंस को फहीम खान के खिलाफ ही खड़ा कर दिया. दोनों तरफ से जुबानी अदावत शुरु हुई जो गोलियों की तड़तड़ाहट तक जा पहुंची और फिर धीरे-धीरे धनबाद अपराध जगत में प्रिंस एक बड़ा नाम हो गया. प्रिंस के साथ यूपी के शूटर अमन सिंह के गठजोड़ की भी बातें धनबाद पुलिस फाइलों की शोभा बनती गई. सबसे पहले कोल कारोबारी, आउट सोर्सिंग कंपनी के अधिकारी टारगेट बनने लगे. फिर बैंकमोड़ और वासेपुर में धंधा करने वाले कुछ बड़े कारोबारियों से रंगदारी वसूली गई. अब तो छोटे-बड़े कारोबारी भी दहशत के साए में जी रहे हैं. क्योंकि पुलिस वालों से लेकर नेताओं तक को प्रिंस धमकाने लगा है.

**अपराधियों को जमानत करा गिरोह से जोड़ा :** छोटे-मोटे अपराध के लिए जेल में बंद बदमाशों को प्रिंस खान की तरफ से अपने गिरोह में जोड़ा गया. इसके लिए पहले उनकी जमानत करवाकर बाहर निकाला गया. काम के बदले रकम की लालच दी गई. टारगेट या समझे व्यापारियों का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने से लेकर रेकी करने, गोली चलाने यानि हर काम में एवज में तय रकम दी जाने लगी. हालांकि पुलिस ने इस नेटवर्क के अधिकांश लोगों को फिर से हवालात में वापस पहुंचाने का दावा किया है. लेकिन प्रिंस का नेटवर्क अब भी काम कर रहा है.

**गिरोह की नकाबपोश महिलाएं अब बड़ी चुनौती :** वैसे तो प्रिंस गिरोह के लोगों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार होती रही है. लेकिन प्रिंस हर कार्रवाई के बाद नए रूप में चुनौतियां खड़ी करता है. देश के कई हिस्सों से रंगदारी की रकम को अलग-अलग तरीकों से दुबई मंगवाने वाले प्रिंस के लिए अब गुलजारबाग, रहमतगंज और पांडरपाला की महिलाओं के शामिल होने की बात सामने आ रही है. जो फोन नंबर उपलब्ध कराने, रेकी करने पर पुलिस की मौजूदगी से संबंधित सूचनाएं देने को तैनात हुई है.

**इंटरपोल व रेड नोटिस की मदद कितनी मददगार? :** धनबाद पुलिस प्रिंस के दुबई में छिपे होने की बात कहती है. पुलिस के मुताबिक प्रिंस के खिलाफ इंटरपोल को खबर दी गई है. रेड नोटिस भी जारी करा दी गई है. आमतौर पर बाहरी देश में किसी अपराधी को लेकर पुलिस इसी प्रक्रिया का प्रयोग करती है. लेकिन इंटरपोल व नोटिस का अब तक कोई भी असर धनबाद में जारी रंगदारी पर नहीं दिखा है. वैसे भी रेड नोटिस के बाद प्रिंस की गिरफ्तारी व भारत को सौंपना दुबई सरकार की मर्जी पर टिका है.

## कोयल नदी किनारे मिट्टी की चाल धंसने से मजदूर की मौत

**संवाददाता। पलामू**

जिले के रेहला थाना क्षेत्र के बेलचंपा में कोयल नदी किनारे मिट्टी की चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हो गयी, जबकि तीन मजदूर बाल-बाल बच गए. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूर के शव को पोस्टमार्टम एमएमसीएच में कराकर परिजनों को सौंप दिया है. परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज करने की तैयारी है. मृत मजदूर की पहचान गढ़वा के बेलचंपा निवासी ललन पासवान पिता स्व. शिवाशरण राम (48) के रूप में हुई है. ललन के साथ कुल छह लोग मौके पर मौजूद थे. ललन के एक साथी मजदूर ने एमएमसीएच में बताया कि घटना शुक्रवार सुबह छह बजे की है. ड्राइवर समेत कुल छह लोग बेलचंपा में कोयल नदी किनारे बालू का उठाव कर रहे थे. बालू रेहला से आगे ब्रिज सहित अन्य निर्माण में ले जाना था, जिस जगह बालू का उठाव हो रहा था, उससे सटे मिट्टी की ढेर लगी हुई थी. अचानक बालू उठाव करते समय मिट्टी की चाल धंस गयी. चाल धंसते देखकर तीन मजदूर मौके से जान बचाकर भागे, लेकिन ललन नीचे दब गया. ललन का पैर कुछ दिन पहले फ्रैक्चर कर गया था. भागने के दौरान पैर फिसल गया. मिट्टी हटाते-हटाते ललन की स्थिति गंभीर हो गयी और निकालने के बाद इलाज के लिए एमएमसीएच लेकर आए. यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

रेहला के थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने जानकारी दी कि रेलवे का काम चल रहा है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** लग्न में चंद्र है. समय बहुत ही उत्तम है. बड़ा कार्य करने का मन होगा. समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगा. पर राहु के प्रभाव से वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है.

**वृषभ** लत जगह खर्च होगा. निद्रा में भी खलल होगा, पर विदेश से शुभ समाचार मिलेगा. खर्च में वृद्धि होगा पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. अन्न दान करें.

**मिथुन** गलत आय से बचना चाहिए. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी. धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार न दें. गौ माता की सेवा करें, लाभ होगा.

**कर्क** पिता या पिता तुल्य से विवाद हो सकता है, पर सरकार से लाभ होगा. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने के संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पडें.

**सिंह** धर्म का कार्य होगा. मन में गर्व भी महसूस होगा. यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य न करें. अन्न दान करें.

**कन्या** कोई गलत निर्णय लेने से बचें. हानि हो सकती है. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. विष्णु भगवान को पीली वस्तु अर्पण करें.

**तुला** जीवन साथी से गलतफहमी से विवाद हो सकता है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, अतः सतर्क रहें.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. संतान के कार्य मे गति मिलेगा. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. यदि बहुत जरूरी नहीं हो तो ऋण लेने से बचें. हनुमान चालीसा का पाठ करें, लाभ होगा.

**धनु** मित्र से विवाद हो सकता है, पर आप अपने प्रभाव से गलतफहमियां दूर कर सकेंगे. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस न खोएं. रुद्रगायत्री का जाप पाठ करें.

**मकर** कोई नुकसान हो सकता है. विदेशी कारोबार से जुड़े लोंगो को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. गरीब को अन्न का दान करें.

**कुंभ** कुछ विवाद हो सकता है. आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही न बरतें. शनि चालीसा का पाठ करें.

**मीन** आय के लिए दिन बहुत अच्छा है. किये गये कार्य का लाभ मिलेगा. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें. काली माता को उड़हुल फूल अर्पण करें.

### बड़ा तालाब रांची में गंगा आरती कल

**रांची।** गंगायात्री पीयूष पाठक द्वारा रविवार को विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब) में संध्या 05 बजे गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा. आयोजन का उद्देश्य बताते हुए आयोजनकर्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में विभिन्न जलस्त्रोतों यथा नदियां तालाबों इत्यादि की अहम भूमिका रही है. इनका संरक्षण हम सभी की जिम्मेवारी है. वर्तमान समय में खासकर शहरों के विस्तारिकरण के कारण जल स्त्रोत सिमटतें जा रहें है.इसलिए हम सभी मिलकर इसके संरक्षण हेतु पहल करने की जरूरत है.

### भागवत कथा रस वर्षण 28 नवंबर से

**पुटकी।** पुटकी बाज़ार स्थित दुर्गा काली मंदिर प्रांगण में 28 नवम्बर से 06 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा रस वर्षण को लेकर आज दिन शुक्रवार को संध्या 7:00 बजे पुटकी स्टाफ कॉलोनी दुर्गा मंदिर के सामने एक बैठक सह प्रेस वार्ता की गई. बैठक में बताया गया कि आचार्य सुरेन्द्र हरिदास के मुखारविंद से पुटकी बाजार में दोपहर 3 बजे से 07 बजे तक किया जाएगा और इस बार तुलसी भागवत यात्रा 28 नवंबर सुबह 10 बजे निकाली जाएगी. इस बैठक में मनोज सिंह,विजय रवानी, जितेन्द्र सिंह, शिवनन्दन पासवान, सुखदेव कर्मकार, कैलाश प्रसाद राय, मुना सिंह आदि लोग उपस्थित थे.

### बहरागोड़ा में रास महोत्सव का शुभारंभ

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मौदा गांव अवस्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण गुरुवार को रात्रि में पांच दिवसीय रास महोत्सव आरंभ हुआ. जिसमें पुजारी सत्य रंजन होता व नंदन होता द्वारा रास बिहारी जीऊ तथा ऋषिकेश जीऊ को एक साथ स्थापित कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई.वहीं प्रत्येक दिन रात्रि पूजा अर्चना,राधा कृष्ण के भजन कीर्तन, आरती तथा प्रसाद वितरण किया जायेगा. महोत्सव में भाग लेने के लिए आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं उपस्थित हुए थे. साथ ही इस पांच दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भास्कर घोष, प्रदीप घोष, सुवीर धाड़ा, पर्थसरती मन्ना सनातन देहुरी,सुवीर जाना, विश्वजीत मन्ना, रूपेश राना, पापून मन्ना आदि लगे हैं.

# विद्यार्थी परिषद ने मनाई रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

संवाददाता। रांची



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डोरंडा महाविद्यालय इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोहा लेने वाली झांसी की रानी के बलिदान को याद किया गया. साथ ही महिलाओं को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अथिति डॉ एमिली केरकेट्टा,विशिष्ट अतिथि डॉ सीमा सिंह, महानगर छात्रा किरण ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ एमिली केरकेट्टा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी पढ़नी चाहिए. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में रानी लक्ष्मीबाई का अहम योगदान रहा है. डॉ सीमा सिंह ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों को लोहे के चने चबवा दिए, जिस कारण फिरंगियों को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा. आज हमें ऐसे महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलकर उनके मार्ग को जरूरत पड़ने पर अपनाना पड़ेगा. किरण ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने सात दिन तक वीरतापूर्वक झांसी की सुरक्षा की और अपनी छोटी सी सशस्त्र सेना से अंग्रेजों का बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया. रानी ने डटकर शत्रु का सामना किया और युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया.

मौके पर पूर्व छात्र संघ सचिव सौरव बोस, महानगर मंत्री रोहित शेखर, संगठन मंत्री अभिनव, ओम प्रकाश, अवधेश ठाकुर, इकाई अध्यक्ष गोपाल, रोहित, आदित्य श्रीवास्तव, नेहा, रिया, प्रीति, नंदिनी, शिवम ऋत्विक,कृष्ण, विनीत, इशिका, रोहिणी, अंकिता, मीरा, स्वेता, संगीत, छोटी,मुस्कान, पायल आदि मौजूद रहें.

परंपरा : जूठन कविराज के नेतृत्व में 1931 में हुआ था मंदिर का निर्माण

# बड़गाईं के देवोत्थान जतरा में 20 खोड़हों का जुटान

संवाददाता। रांची



दीपावली छठ पर्व समाप्त होने के बाद रांची के आसपास के गांवों में जतरा की शुरुआत होने लगती है. ऐसे ही बरियातू के बड़गाईं में देवोत्थान जतरा कमेटी द्वारा जतरा का आयोजन किया. बड़गाईं के रवि पाहन द्वारा गुफानुमा बुढ़ा महादेव मंदिर में नारियल फोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी.पुष्प माला अर्पित कर गांव में खुशहाली की कामना की. एक दिवसीय देवोत्थान जतरा में सबसे पहले खिजुर टोला के खोड़हों ने प्रवेश किया. शिव पार्वती का रूप धारण कर खोड़हों ने नाचते गाते मंदिर की तीन बार परिक्रमा की. जतरा में लगभग 20 खोड़हा के लोग आये थे. सभी अगुवा करने वाले लोगों को सरना गमछा देकर सम्मानित किया गया.

जूठन कविराज के नेतृत्व में 1931ई० में ग्राम बड़गाईं एवं बूटी गांव के लोगों के सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ. बड़गाई में लगने वाले 300 साल पुराने देवोत्थान जतरा को पांच गांव के लोग मिलकर आयोजित करते आ रहे हैं.पूर्वजों के समय से इस परंपरा का निर्वाह करते आ रहे हैं. बड़गाई, किशुनपुर, खिजुरटोला, लेम और बुटी के लोग आयोजन करते है. पांचो गांव के लोगो का अपना अपना स्टेज होता है.सभी लोग अपने स्तर से मेला का आनंद उठाते हैं. जतरा को लेकर प्रत्येक तीन साल में जतरा कमेटी का महासचिव और अध्ययक्ष पद का चुनाव किया जाता है. वर्तमान में बड़गाईं के अध्यक्ष नेपाल महतो तथा महासचिव अजय महतो को चुना गया है. कमेटी के सदस्य बालक राम लोहरा ने बताया कि मेला की जमीन प्रत्येक वर्ष धीरे धीरे सिमटती जा रही है. जतरा की जमीन को नहीं बचाया गया तो आने वाले समय में पूर्वजों द्वारा दी गयी यह परंपरा खत्म हो जाएगी. कांके के पूर्व विधायक रामटहल चौधरी, सुरेद्र पाहन, राजेश करमाली, संरक्षक संजय कुमार ठाकुर , उपाध्यक्ष विजय मुंडा , अंतु तिर्की, आशा लकड़ा, अशोक साहु उपस्थित थे.



**ये है मान्यताएं :** बड़गाईं में दो पहाड़ियों के बीच भगवान शिव का धाम है, जो देवोत्थान धाम के नाम से प्रसिद्ध है. इस देवस्थल पर देवताओं के जगने की खुशी में कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रबोधिनी एकादशी की रात्रि जागरण करते हुए पूजा पाठ कर नृत्य और दान करते हैं. कहा जाता है एक बार जूठन कविराज बहुत जोरों से बीमार पड़ गए थे. उन्हें स्वप्न में दो पहाड़ियों के बीच में शिवलिंग होने का विषय आया. वे जब सुबह उठकर पहाड़ी के बीच गए तो उन्होंने एक गाय के थन से अपनेआप दूध निकलकर जमीन में गिरते हुए देखा. नजदीक गये तो उस जगह पर शिवलिंग दिखाई पड़ा.

### बाल ट्रैफिकिंग को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**महुदा।** स्वभिमान संस्था के द्वारा माई च्वाईस फॉउन्डेशन के सहयोग से शुक्रवार को पंचायत सचिवालय काण्डरा में बाल ट्रैफिकिंग की रोकथाम पर एक दिवसीय स्टेक होल्डर प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से झारखण्डी संस्कृति के तहत उपस्थित अतिथियों को चन्दन तिलक लगा कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया. अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया. स्वाभिमान संस्था के सचिव सुषमा देवी ने प्रशिक्षण के विषय पर प्रकाश डाला. शिविर के प्रतिभागीयों ने चाट पैपर पर चित्र बनाकर बाल ट्रेफिकिंग का रोकथाम से सम्बन्धित जागरूकता प्रदर्शित किया गया. इस अवसर पर डॉ. काशी नाथ चटर्जी ने स्वभिमान संस्था के अभियान की सराहना की.

### चौड़ा गांव में सोहराय उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के चौड़ा में सोहराय पर्व धूमधाम से मनाया गया. पर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को बरद खूंटा का आयोजन हुआ. इस दौरान पूरे गांव को सजाया गया था, जबकि विभिन्न ग्रामीणों के घरों के बाहर गाड़े गए खूंटा में बैल व काड़ा को बांधकर ढोल और मांदर की थाप पर नचाया गया. इस दौरान सोहराय के गीत और ढोल-मांदर की थाप से पूरा गांव थिरक उठा. बरद खूंटा देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी. मौके पर मौजूद स्थानीय विधायक डॉ लंबोदर महतो की पत्नी कौशल्या देवी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेंद्रनाथ महतो, राष्ट्रीय तीरंदाज करण कुमार कर्मकार, पूर्व पंसस श्रीकांत सोरेन भी ढोल-मांदर बजाते हुए सोहराय का उत्साह मनाया.

आओ जानें


## श्री राणी सती मंदिर, रांची

**परिचय–** श्री राणी सती दादी को समर्पित आस्था का केंद्र, जहां पूजा–अर्चना मुख्य रूप से मारवाड़ी समुदाय द्वारा ही जाती है.

**स्थान –** रातु रोड में पहाड़ी मंदिर के समीप अवस्थित है श्री राणी सती दादी का भव्य मंदिर.

**स्वरूप–** यह मंदिर अपने आप में एक संस्था है, जिसका संचालन धार्मिक–आध्यात्मिक संगठन श्री राणी सती मंडल द्वारा किया जाता है. इस भव्य मंदिर का एक विशाल परिसर है, जिसमें परिसर के अंदर धर्मशाला, स्कूल, भोजनालय, चिकित्सा सुविधाएं डॉक्टर आदि उपलब्ध हैं. मंदिर परिसर में विवाह कक्ष की भी व्यवस्था है, जो सभी जाति–वर्ग के लोगों के लिए सुलभ है, वहां मांस–मदिरा कड़ाई के साथ वर्जित है. पूरे मंदिर का प्रबंधन अत्युत्तम है, जिसे लोग काफी पसंद करते हैं.


**इतिहास–** एक पौराणिक कथा के अनुसार महाभारत काल में चक्रव्यूह में फंसा कर कौरवों ने अर्जुन के वीर पुत्र अभिमन्यु को मार डाला. उस समय की परंपरा के अनुसार तब उनकी पत्नी राणी सती ने अपने पति के साथ चिता पर नहीं बैठ पायी, क्योंकि तब वह गर्भवती थी. भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें वरदान दिया कि वह अगले जन्म में एक वीर योद्धा की पत्नी बनेगी, तब पति के वीरगति प्राप्त होने पर वह सती हो पाएगी. ऐसा ही हुआ. राजस्थान के झुनझुनु में राणी सती ने जन्म लिया और उसी प्रकार वे सती भी हो गयीं. लगभग 400 साल पूर्व उसी स्थल पर एक भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, जो श्री राणी सती दादी मंदिर के नाम से विख्यात हुआ. रांची का श्री राणी सती दादी मंदिर भी झुनझुनु वाले मंदिर की ही अनुकृति है. इसी प्रकार के श्री राणी सती दादी के मंदिर देश उन सभी उपनगरों, नगरों तथा महानगरों में अवस्थित हैं, जहां मारवाड़ी समुदाय निवास करता है.



न्यूज अपडेट

### विशाल ने किया रक्तदान, बचायी मरीज की जान

**लातेहार।** चंदवा के विशाल ने रांची सदर अस्पताल में रक्तदान कर लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती सुरेंद्र सिंह (गोदना, लातेहार) की जान बचायी.



दरअसल सुरेंद्र सिंह को दो यूनिट ए-नेगेटिव रक्त की जरूरत थी. लातेहार ब्लड बैंक में उस ग्रुप का रक्त उपलब्ध नहीं था. सुरेंद्र सिंह के परिजन पिछले चार दिनों से परेशान थे. इसकी जानकारी जब लातेहार के वोलेंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत को हुई तो उन्होंने चंदवा के विशाल कुमार से बात की. विशाल रांची में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है. वह सहर्ष रक्तदान करने के लिए तैयार हो गया.

### ऑल ड्राइवर कल्याण संघ की हुई बैठक

**महुदा।** ऑल ड्राइवर कल्याण संघ महुदा शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को महुदा बाजार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित ड्राइवर कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष कल्याण सिंह तथा धनबाद जिला कल्याण संघ के प्रचारक चन्दन नियोगी का महुदा शाखा द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया. समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ड्राइवर कल्याण संघ की 29 सूत्री मांग को लेकर 1 दिसम्बर को जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा. कार्यक्रम का संचालन सचिव मतिउल्ला अख्तर ने किया। मौके पर परेश कुम्भकार, राजु ठाकुर, संजय वर्णवाल, सिराज खान, अर्जुन ठाकुर आदि मौजूद थे.

### गरीब व असहायों के बीच निःशुल्क कपड़ा वितरण

**लातेहार।** शहर के शहीद चौक निवासी भोला प्रसाद ने शुक्रवार को अपने आवासीय परिसर में गरीब व असहायों के बीच निःशुल्क कपड़ा वितरण किया. भोला प्रसाद क्षेत्र में घूम-घूमकर पुराने कपड़े जुटाते हैं और उसे गरीब व असहायों के बीच बांट देते हैं. भोला प्रसाद ने बताया कि उन्होंने अपने आवासीय परिसर में ही एक मुफ्त कपड़ा वितरण केंद्र खोल रखा हैं. जरूरतमंद लोग यहां आते हैं और अपनी जरूरत के हिसाब से कपड़े ले जाते हैं. अभी ठंड का मौसम आ रहा है, इसलिए वितरण केंद्र में स्वेटर, मफलर व ऊनी टोपी रखा गया है. भोला ने बताया कि शहर के कई लोग अपने घर के पुराने कपड़े उनके केंद्र में लाकर वितरण करने के लिए देते हैं. पेशे से मनिहारी का काम करने वाले भोला ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर मनिहारी का सामान बेचते हैं.

### बेरमो में अखंड हरिकीर्तन के बाद नगर भ्रमण

**बेरमो।** गोमिया बस्ती के भगत अहरा तालाब के समीप शिव मंदिर परिसर में श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा सेवा समिति के सौजन्य से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन के पश्चात शुक्रवार को श्री ठाकुर जी की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया. इस दौरान नगर भ्रमण कार्यक्रम गोमिया बस्ती के भगत अहरा तालाब से शुरू होकर थाना चौक, गोमिया मोड़, पुराना सिनेमा हॉल होते हुए पुनः पूजा स्थल में समाप्त हुआ. तत्पश्चात नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा पूजन एवं हवन का कार्यक्रम किया गया. इसके बाद भंडारा आयोजित किया गया. गुरुवार को 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू किया गया था जो शुक्रवार को पूर्वाह्न दस बजे समाप्त हुआ. उसके बाद श्री ठाकुर जी की प्रतिमा के साथ श्रद्धालुओं द्वारा नगर भ्रमण किया गया. इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज, भाजपा नेता चितरंजन साव सहित पंसस सुशीला देवी, सीताराम स्वर्णकार,दुलाल प्रसाद, सुरेश नायक, सूरज पांडेय, जितेंद्र पांडेय आदि उपस्थित थे.

शुभम संदेश अखबार ने अपने हॉकरों को किया सम्मानित

# सुधीर को दी गई वाशिंग मशीन और सरोज पांडेय को मिला रेफ्रिजरेटर

संवाददाता। रांची

शुभम संदेश अखबार अपनी विश्वसनीय खबरों के लिए जाना जाता है. इस अखबार में हर दिन राज्य और देश की रोचक खबरें प्रकाशित की जाती हैं. नए खुलासे हों या राजनीति, क्राइम, हेल्थ, कॅरियर और कोर्ट की खबरें, शुभम संदेश की खबरों में हर दिन कुछ नयापन होता है. यही कारण है कि शुभम संदेश अखबार की पहुंच आज घर-घर तक है. नौकरीपेशा हों या गृहिणी या फिर युवा, सभी का एकमात्र पसंदीदा अखबार शुभम संदेश ही है, जो खबरों के साथ लैटेस्ट जानकारियां देता है. इसके प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी अखबार के कर्मियों के साथ-साथ हॉकर बंधुओं की भी है. हॉकर बंधु इसलिए भी खास हैं कि अखबार को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी इन्हीं के कंधों पर है. इसलिए शुभम संदेश प्रबंधन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले कुछ हॉकरों को सम्मानित किया.

**इन्हें मिला सम्मान :** शुभम संदेश अखबार को घर-घर तक पहुंचाने में जीतोड़ मेहनत करनेवाले दो हॉकरों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया. इनमें बिरसा चौक क्षेत्र की हॉकर सरोज पांडेय और पिस्का मोड़ क्षेत्र के हॉकर सुधीर शामिल हैं. मौके पर जहां सरोज पांडेय को रेफ्रिजरेटर देकर सम्मानित किया गया, वहीं सुधीर को वाशिंग मशीन उपहार स्वरूप दी गयी. इस मौके पर शुभम संदेश अखबार के प्रधान संपादक सुरजीत सिंह, संपादक संजय सिंह और फैसल अनुराग उपस्थित थे.




# सीजीपीसी के पूर्व प्रधान की पत्नी का निधन, अंतिम संस्कार आज

संवाददाता। जमशेदपुर

साकची गुरुद्वारा साहिब, सीतारामडेरा बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा साहिब एवं केंद्रीय गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) के पूर्व प्रधान सरदार सुजान सिंह मारवाह की धर्मपत्नी सरदारनी इंदर कौर मारवाह का निधन शुक्रवार की सुबह टीएमएच में हो गया. वे 93 वर्ष की थी और तबीयत खराब होने के कारण आईसीयू में भर्ती कराया गया था. जहां उन्होंने अंतिम सांस ली. उनके पार्थिव शरीर को टीएमएच के शीत गृह में रखा गया है. सरदारनी इंदर कौर अपने भाई गुरबख्श सिंह और उनके बेटों राजू मारवाह एवं मनिंदर सिंह नीटू के साथ ही रहती थीं. भतीजे देवेंद्र सिंह राजू मारवाह एवं निकट संबंधी तथा साकची गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व प्रधान हरविंदर सिंह मंटू ने संयुक्त रूप से बताया कि उनका अंतिम संस्कार स्वर्णरेखा बर्निंग घाट में शनिवार को किया जाएगा. साढ़े ग्यारह बजे काशीडीह दुर्गा पूजा मैदान के निकट स्थित आवास से पार्थिव शरीर को पहले सीतारामडेरा गुरुद्वारा और फिर साकची गुरुद्वारा साहिब ले जाया जाएगा.



इंदर कौर के निधन पर तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह, सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, पूठोहार सिख बिरादरी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह कपूर, महेंद्र पाल सिंह, झारखंड सिख विकास सभा के संस्थापक अध्यक्ष गुरदीप सिंह पप्पू, आदि ने शोक जताया.

प्रवचन मेदिनीनगर हाउसिंग कालोनी में भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ, बोले देवकीनंदन

# हर सनातनी करे मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग

संवाददाता। मेदिनीनगर (पलामू)

देश का प्रत्येक सनातनी कोर्ट और सरकार के समक्ष मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग करे. वे साल 2007 से अयोध्या में राम मंदिर व मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण की मांग श्रीमद् भागवत कथा के दौरान उठाते रहे हैं. ये बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कही. शुक्रवार को दीपू सिंघानिया के आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ये बातें कही. देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को रामलला के मंदिर का शुभारंभ हो जाएगा. इसके बाद मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए वे कुछ बड़ा कदम उठाएंगे. कहा कि 1670 ईस्वी में औरंगजेब ने मथुरा के कृष्ण मंदिर से विग्रह को उखाड़ कर जामा मस्जिद की सीढ़ियों में गाड़ दिया था. विधर्मी उस पर चढ़कर मस्जिद में जाते हैं.

देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि मैकाले ने पूरे भारत में पाश्चात्य संस्कृति को फैलाने का काम किया है. इसके कारण भारत में सनातन संस्कृति खत्म हो रही है. अधिकतर सनातनी अपनी संस्कृति को इग्नोर कर रहे हैं. ना तो सनातनियों के मस्तक पर तिलक है, ना सर पर शिखा और ना ही हाथों में कलावा है. माता-पिता अपने को मॉडर्न बताकर अपने संतानों को खराब कर रहे हैं. माता-पिता व गुरुजनों को पैर छूने की आदत ही सनातन संस्कृति है. हिंदू राष्ट्र यानी रामराज्य घोषित होने से सभी भारतीय शांति से रह सकेंगे. देवकीनंदन ठाकुर ने सवाल खड़ा किया कि आजादी के बाद मंदिरों में सनातनियों के चढ़ाए पैसों को सरकार ने क्यों कब्जे में किया? आखिर उस राशि से किस मजहब के लोगों का कल्याण हो रहा है? कहा कि मंदिरों में चढ़ावे की राशि से प्रत्येक जिले में पांच-पांच गुरुकुल की स्थापना होना चाहिए.



### विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट गांव में बांटेगा वस्त्र

विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट पलामू के दो प्रखंडों के दो गांवों में गरीबों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण करेगा. अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर अपने हाथों से वस्त्रों का वितरण करेंगे. इसकी जानकारी स्वयं देवकीनंदन ठाकुर ने दी. देवकीनंदन ठाकुर शनिवार को चैनपुर प्रखंड के बूढ़ीवीर मंदिर परिसर में 9 बजे से और सदर प्रखंड के सुआ में 10.30 बजे से जरूरतमंदों के बीच वस्त्रों का वितरण करेंगे. वे परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, आशुतोष पांडेय, लक्की और आशीष भारद्वाज के साथ मिलकर दोनों गांवों में गरीबों के बीच कपड़े बांटेंगे.

# सहयोग ने की ऑनलाइन कवि गोष्ठी

संवाददाता। जमशेदपुर



बहुभाषीय साहित्यिक संस्था सहयोग के तत्वावधान में ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी के आरंभ में स्वागत भाषण करते हुए सहयोग के संस्थापक डॉ. जूही समर्पित ने कहा कि हिंदी साहित्य में नौ रसों की कल्पना भरत मुनि ने सबसे पहले नाट्यशास्त्र ग्रंथ में की थी. इनके विचार से श्रृंगार रस, हास्य रस, रौद्र रस, करुण रस, भयानक, वीर, अद्भुत, शांत रस साहित्य में हैं. बाद में वात्सल्य रस और भक्ति रस को भी इसमें जोड़ दिया गया. अब देशभक्ति रस की भी चर्चा जोरों पर है. इन रसों को काव्य की आत्मा माना गया है. काव्य में रस का वही स्थान है, जो शरीर में प्राण का है. इस दो दिवसीय काव्य गोष्ठी का संचालन डॉ मनीला ने किया, जिसमें कुल 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न रसों में अपने भावों की अभिव्यक्ति की. अध्यक्ष डॉ मुदिता चंद्रा ने बताया कि जितनी भी कविताएं पढ़ी गईं, इनका एक संकलन जल्द ही सहयोग द्वारा प्रकाशित किया जाएगा. डॉ रागिनी भूषण, चन्द्रा शरण, भोपाल से जुड़ीं रानी सुमिता तथा डॉ पुष्पा कुमारी ने सहयोग सदस्यों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न रस से सम्बंधित कविताओं पर अपने विचार रखे और बताया कि काव्य रचना से सम्बंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया जाना चाहिए. इससे विभिन्न विषयों की कविताओं का सृजन होगा और काव्य साहित्य सम्पन्न होगा. सहयोग की सचिव विद्या तिवारी ने मनमोहक प्रस्तुति के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया. कार्यक्रम के समापन पर कृष्णा सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. गोष्ठी में संकलित कुल 46 कविताएं जल्द ही प्रकाशित की जाएंगी.

## ब्रीफ खबरें

### जाली नोटों के साथ बाजार में युवक पकड़ाया

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह स्थित सप्ताहिक बाजार में जाली नोट के साथ ख़रीदारी करते एक युवक को सब्जी विक्रेता ने ग्रामीणों के सहयोग से धर दबोचा. युवक के पास से जाली के छह पचास के नोट बरामद किया गया है. उक्त युवक गिरिडीह जिला के जमुआ निवासी बताया जा रहा है. युवक नावाडीह के आसपास रहकर मजदूरी का काम करता है. मिली जानकारी अनुसार युवक बाजार में अंधेरा का फायदा उठाते हुए जाली नोट से सामान खरीद रहा था. इसी दौरान एक व्यापारी के द्वारा जाली नोट को पहचान लिया. जिसके बाद युवक से नोट को लेकर व्यापारी के साथ बहस होने लगा. इसी दौरान युवक माहौल को भांपते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगा.

### बाइक-ट्रेलर की टक्कर में युवक हुआ घायल

**कोडरमा।** सदर थाना क्षेत्र के इंदरवा मंदिर के समीप मोटरसाइकिल और ट्रेलर की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार इंदरवा निवासी राजेश यादव, पिता स्व प्रसादी यादव अपनी मोटरसाइकिल से इंदरवा चौक जा रहा था. इसी क्रम में शिवमंदिर के समीप टेलर ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया.जिसमें उक्त मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद ग्रामीणों ने आनन फानन में युवक को सदर अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है.

### कोडरमा में बोल्डर लदा हाइवा जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी और नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ओवरलोड बोल्डर लदे तीन हाइवा और बिना चालान के एक हाइवा को जब्त किया है. जानकारी अनुसार चारों हाइवा बरियारडीह की ओर से आ रहा था. इसी दौरान थाना भवन के समीप पहले से मौजूद पदाधिकारियों ने बोल्डर लदे उक्त चारों हाइवा को रुकवाकर जांच की, जिसमे एक हाइवा का चालक बोल्डर से सबंधित चालान प्रस्तुत नहीं कर सका, वहीं तीन बोल्डर लदा हाइवा ओवरलोड पाया गया. वहीं पदाधिकारियों ने चारों हाइवा को जब्त कर लिया. दूसरी ओर मरकच्चो पुलिस ने भी कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग स्थित नावाडीह के समीप से अवैध रूप से बालू खनन कर परिचालन कर रहे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है.

### महिला चोर सहित दो लोग हुए गिरफ्तार

**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिन में ही चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए चोरी का सामान,नगद,चोरी में उपयोग किए गए मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है.चोरी की घटना में शामिल एक महिला चोर सहित दो लोग को गिरफ्तार किया गया. इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने बताया थाना क्षेत्र के बादम गांव निवासी प्रकाश कुमार गुप्ता के दुकान एवं घर का ताला तोड़कर नगद 45,000 रुपया, दुकान का सामग्री एवं सोने चांदी की जेवरात चोरी हो जाने के मामले में बड़कागांव थाना कांड संख्या 352/ धारा 457, 380 भादवि के तहत दर्ज की गई.त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई.

### भट्ठा संचालक के साथ हुई घटना में केस दर्ज

**निरसा।** गुरुवार को बंगाल के सीआईएसएफ टीम द्वारा मरकोडा ज्योत्सनाडीह के निकट कोयला लदे ट्रक की जांच के संदर्भ में जय मां काली फ्यूल्स के संचालक रामशंकर सिंह के साथ हुए मामले में आज निरसा पुलिस ने रामशंकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही पुलिस संरक्षण में इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया. सूत्र के अनुसार सीआईएसएफ ने रामशंकर को गम्भीर रूप से मारा. जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं. सीआईएसएफ ने लिखित आवेदन में कहा है कि सरकारी काम मे बाधा डालने व टीम के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है. आरोपी रामशंकर की गिरफ्तारी व पुलिस संरक्षण में इलाज हेतु धनबाद भेजे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि सीआईएसएफ द्वारा दिये गए आवेदन को कांड संख्या 390/23 दर्ज कर लिया गया है.

---

#### मत्स्य जीवी सहयोग समिति के अलावा इस रोजगार से जुड़कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं सैकड़ों किसान

# मछली के कारोबार से जुड़ चुके हैं करीब 30 हजार लोग

**संवाददाता। धनबाद**



जिले के सरकारी तालाबों के संरक्षण और मछली पालन को लेकर मत्स्य विभाग सक्रिय है. सब्सिडी रेट पर मछली का बीज उपलब्ध कराने से इस कारोबार से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है. इस सबंध में मत्स्य प्रसार पदाधिकारी धनजीत कुमार ने बताया कि जिले में कुल 1262 सरकारी तालाब हैं. इसमें से 548 तालाब में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है.

मत्स्य जीवी सहयोग समिति के अलावा सैकड़ों किसान एवं अन्य लोग इस रोजगार से जुड़कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं. जिले में करीब 25 से 30 हजार लोग इस रोजगार से जुड़े हुए है. वहीं बलियापुर प्रखंड में 10 हजार से कम रेट वाले 53 तालाब की टेंडर की प्रक्रिया अभी चल रही है. टेंडर कराने की तिथि 12, 15, 22 ओर 29 दिसंबर को रखी गई है. इसमें मछली पालन के लिए इच्छुक कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है. इसके अलावा 10 हजार से अधिक राशि वाले तालाबों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया इसके बाद शुरू की जाएगी. इसके लिए अलग से निविदा प्रकाशित होगी. इसमें अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ना और तालाबों का संरक्षण करना हमलोग का मूल उद्देश्य रहता है. मत्स्य प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि बलियापुर ओर बाघमारा प्रखंड में एक एक डिफाल्टर मिला है. इन दोनों का टेंडर रद्द करने के लिए नीलाम पत्र पदाधिकारी के पास आवेदन दिया गया है.

**विभाग सक्रिय**

- अभी 548 तालाब में हो रहा है मछली का उत्पादन
- जिले में कुल मिलाकर 1262 सरकारी तालाब हैं

**बंगाल में होती है अधिक मछली की सप्लाई**

प्रदेश में मछली उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है.इसी का परिणाम है कि धनबाद में रेहू, कतला, मृगल, पंगास आदि मछलियों का उत्पादन अधिक होता है. इसकी काफी मांग रहती है. लेकिन बिक्री का समय आता है तो बड़े तालाब और मैथन और पंचेत डैम तथा तोपचांची झील में उत्पादन होने वाली मछलियां बंगाल में बेच दी जाती है. संवेदक अच्छा रेट मिलने के कारण ऐसा करते हैं.

---

#### सीएम ने बरहेट से किया सरकार आपके द्वार फेज-3 का शुभारंभ

# गरीबों के बच्चे भी बनेंगे डॉक्टर-इंजीनियर: हेमंत

**संवाददाता। साहिबगंज**

सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बरहेट से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार फेज-3 का शुभारंभ किया. बरहेट प्रखंड के गोपालडीह में आयोजित समारोह में उन्होंने 511 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया. साथ ही क्षेत्र के लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया. समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है. गरीबों व जरूरतमंदों को उनका हक दिया जा रहा है. अब गरीबों के बच्चे भी डॉक्टर-इंजीनियर बन सकेंगे.

इसके लिए सरकार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की है. इसके तहत 10वीं पास बच्चों को आगे की पढ़ाई व इंजीनियर, डॉक्टर, वकील आदि की पढ़ाई के लिए 5 साल का खर्च सरकार उठाएगी. इसमें किसी तरह की गारंटी नहीं चाहिए, क्योंकि गांरटी खुद सरकार लेगी. नौकरी लगने पर थोड़ा-थोड़ा कर पैसा सरकार को वापस करना होगा. उन्होंने जोर देकर कहा कि आज आदिवासियों के 50 - 60 बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं. यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है.

उन्होंने कहा कि झारखंड बने 23 साल हो गए. भाजपा के शासन काल में गांवों का विकास नहीं हो पाया. हमारी सरकार का गांवों पर विशेष फोकस है. बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से ग्रामीणों को कृषि के नए तरीकों से जोड़ा जा रहा है. इसके जरिए साल में एक नहीं, कई फसलें उगाई जा सकेंगी.



**ईडी, सीबीआई के सहारे परेशान कर रही केंद्र सरकार**

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमें राज्य की जनता और विकास की चिंता है. लेकिन भाजपा रोड़ा अटका रही रही. केंद्र सरकार कभी ईडी, तो कभी सीबीआई के पीछे छिप कर परेशान कर रही है, ताकि सरकार डर जाए. लेकिन, हमारी सरकार डरने वाली नहीं, लड़ने वाली है. भागेंगे नहीं, हर स्थिति का डट कर मुकाबला करेंगे.

**जनता से किए वादे पूरा कर रही सरकार : आलमगीर**

ग्रामीण विकास, पंचायती राज, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी योजनाएं को धरातल पर उतारकर जनता से किए 100 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं .वर्ष 2021में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 84710 आवेदन मिले थे, जिनमें 57273 निष्पादन किया गया. लोगों को सर्वजन पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है.

**लोगों के लिए शुरू की नई योजनाएं : सत्यानंद**

श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कि जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने कई नई कल्याणकारी योजनपाएं शुरू की हैं. लोगों की समस्याओं का समाधान सिर्फ हेमंत सरकार में ही संभव है. ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ही मुख्यमंत्री ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की है.

**बोले हेमंत**

- हमारी सरकार का गांवों के विकास पर ज्यादा जोर
- 511 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**लोगों को दिया गया है योजनाओं का लाभ**

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया. इसके तहत अबुवा आवास योजना, 15वें एफसी, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ दिया गया.

**सीएम ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया**

इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से बरहेट पहुंचे. भोगनाडीह में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया. इसके बाद सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल गोपलाडीह पहुंचे. वहां उनका स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया. महिलाओं ने संथाली गीत-नृत्य कर जोरदार स्वागत किया.

### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ खेलकूद दिवस

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के चर्च स्कूल बेल्डीह की ओर से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वार्षिक खेलकुद दिवस का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि कॉरपोरेट कॉम्यूनिकेशन की रूना राजीव कुमार और विशेष अतिथि एनसीसी 17 बटालियन के प्रीतम ठाकुर मौजूद थे. मौके पर प्रधानाचार्या एस्तर मोहंती ने अतिथि स्वागत संबोधन में भाषण दिया. विद्यालय के सचिव सुजीत चढ़ दास ने उत्साहवर्द्धक भाषण देते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया. मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहन के पश्चात् कक्षा सातवी से बारहवीं तक के विधार्थियों ने मार्च पास्ट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. इस दौरान कक्षा ग्यारहवीं की सलोनी एवं कक्षा सातवीं की शीतल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह संपादित हुआ.

### ज्योति विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया

**मनोहरपुर ।** आनंदपुर स्थित जोसेफ मध्य विद्यालय सह दिव्य ज्योति उच्च विद्यालय चारबंदिया में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सांसद गीता कोड़ा, विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा,फादर हलन बोदरा, प्रिंसिपल जेम्स सुरीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व नृत्य कर मुख्य अतिथियों को गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया. वहीं सांसद निधि से स्कूल को 20 कंप्यूटर सेट एवं कंप्यूटर लैब का सांसद गीता कोड़ा ने फीता काटकर व शिलापट अनावरण कर उद्घाटन किया. वहीं सांसद गीता कोड़ा व पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने लैब का निरीक्षण किया.

---

## 24 घंटे बाद भी नहीं मिला पानी में डूबे तारा का शव

**संवाददाता। किरीबुरु**

सारंडा जंगल से सटा ओडिशा के पुंडूल झरना के गहरे पानी में डूबा छात्र तारा शंकर सरकार का शव 24 घंटे बाद भी खोजा नहीं जा सका है. उक्त छात्र पश्चिम बंगाल के आरामबाग, हुगली निवासी एवं आशुतोष कॉलेज का छात्र था. तारा शंकर सरकार 43 शिक्षक-शिक्षिकायें व छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज टूर पर घूमने आया था. बड़बिल के एक होटल में ठहरने के बाद 23 नवम्बर को दोपहर लगभग 11 बजे सभी पुंडूल झरना घूमने आये थे. इसी दौरान पैर फिसला, जिससे वह गहरे पानी में जा समाया था. पानी में डूबे छात्र को निकालने के लिए बड़बिल पुलिस-प्रशासन की टीम वोट मंगाकर घंटों तलाश की.

**अब तक कई लोग डूबे हैं**

पुंडूल के बगल गांव होरोमोटो के समाजसेवी वीरेन्द्र खिल्लर ने बताया कि आज क्योंझर से गोताखोर की टीम मंगाकर पुलिस-प्रशासन छात्र की तलाश करायेगी. उन्होंने बताया कि इस झरना के गहरे पानी में कई लोग डूबे हैं. डूबे लोगों का शव स्वतः बाहर आने में 5-6 दिन का समय लग जाता है. पिछले दिनों बड़बिल का एक सम्पन्न घराने का युवक भी डूब गया था. उसका शव छह दिन बाद निकला था. अधिक दिन शव गहरे पानी में समाये रहने की मुख्य वजह झरना की तेज पानी गिरने से अंदर की चट्टानों में अनेक खोह बना हुआ है जिसमें शव फंस जाता है.

## लोगों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

**संवाददाता। लातेहार**

स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार समाज के हर तबके के लोगों के लिए योजनाएं बना रही है. योजनाओं का लाभ सीधा ग्रामीणों तक पहुंचे, इसके लिए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ और जानकारी देना है. पूरा प्रशासन आपके पंचायत में पहुंचा है. आप अपनी समस्याओं को बेझिझक इनके सामने रख सकते हैं. इससे पहले विधायक बैद्यनाथ राम, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी व उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया.



**अबुआ आवास योजना के लिए 400 आवेदन**

शिविर को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि सरकार द्वारा कई विकास की योजनाए चलाई जा रही है. लेकिन जानकारी के अभाव में ग्रामीण योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं. प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ सोमा उरांव ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई सरकारी योजनाओं सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया है. ग्रामीण अपना आवेदन जमा कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं. शिविर में अबुआ आवास योजना के लिए 400 आवेदन प्राप्त हुये. जन्म प्रमाण पत्र के लिए 23, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 04, जमीन म्यूटेशन के लिए 10, जमीन मापी के लिए 02, ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार के लिए 02, आयुष्मान कार्ड के लिए 35, मनरेगा जॉब कार्ड के लिए 200 आवेदन मिले.

---

**शुभारंभ** पश्चिम सिंहभूम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू

# अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना उद्देश्य : विधायक

**संवाददाता। चाईबासा**

राज्य सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पश्चिमी सिंहभूम जिला में शुक्रवार से शुरूआत हो गई. सदर प्रखंड के करलाजोड़ी एवं झींकपानी प्रखंड के असुरा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधायक दीपक बिरुवा ने उपायुक्त अनन्य मित्तल, एडीसी संतोष सिन्हा, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत, अंचल अधिकारी बुडाय सारु एवं झींकपानी प्रखंड के असुरा में प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा और प्रखंड प्रमुख प्रदीप तामसोय समेत अन्य अतिथियों की मौजूदगी में विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया. जहां विभिन्न विभागों द्वारा करीब दो दर्जन स्टॉल लगाए गए थे. जिसमें लोगों ने पहुंच कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेते हुए इसका लाभ उठाया.

इस दौरान कई लोगों को ऑन द स्पॉट आवेदन कराकर योजनाओं का लाभ दिलाया गया. इस दौरान कई लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखी. मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें शामिल होकर लाभ उठाने का आह्वान किया.

उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम आज से प्रारंभ हो रहा है. पंचायत स्तर पर इसका आयोजन हो रहा है. सरकार की योजना कैसे समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचे इसका प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है. यह कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को लाभ पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है. ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करना ही इसका उद्देश्य है. हेमंत सरकार के कार्यक्रम का यह तीसरा चरण है. हमारी सरकार के पहले व दूसरे चरण में ही काफी लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा चुका है. इस तीसरे चरण में खासकर हेमंत सरकार की योजना आबुआ आवास योजना के साथ साथ अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाया जाना है. वही उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी स्तर पर किसी भी काम के लिए लोगों को इधर-उधर जाना नहीं पड़े. लोग यही आवेदन करें और ऑन द स्पॉट इसका लाभ उठाएं. लोगों को सरकार के इस कार्यक्रम का काफी लाभ मिल रहा है. उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने का आह्वान किया. इस योजना के अंतर्गत साइकिल के लिए छात्र-छात्राओं को नकद हस्तांतरण, रोजगार सृजन, सिंचाई कूप संवर्धन, पशुधन विकास, अबुआ बीर दिशोम अभियान के तहत वन पट्टों का वितरण समेत अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.



**कार्यक्रम शुरू**

- लोगों को ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया गया
- कार्यक्रम में लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा

---

## फील्ड अपडेट

### जवानों के वेतन मामले में कोर्ट में होंगे पेश डीजी

**रांची।** हाइकोर्ट ने कहा होमगार्ड जवानों को समान काम समान वेतन आठ सप्ताह में नहीं लागू किया गया तो नौ फरवरी को गृह सचिव और होमगार्ड डीजी कोर्ट में पेश होंगे, और उन दोनों के ऊपर अवमानना का केस चलेगा. गौरतलब है कि पिछले महीने झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में होमगार्ड को समान कार्य का समान वेतन देने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) को कोर्ट ने खारिज कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट में समान कार्य का समान वेतन को लेकर झारखंड सरकार की ओर से दायर एसएलपी की सुनवाई हुई थी. जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने झारखंड सरकार द्वारा दायर एसएलपी को खारिज कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड के होमगार्ड जवान काफी खुश हैं, क्योंकि अब उन्हें पुलिस के जवानों के बराबर वेतन मिलेगा. इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था कि होमगार्ड के जवानों को पुलिस के जवानों के बराबर वेतनमान दिया जाए. हाईकोर्ट के इस आदेश को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी.

### 9 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चाईबासा ।** स्थानीय सिविल कोर्ट चाईबासा के परिसर में आगामी माह 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आमजनों को उनके सुलहनीय वादों के त्वरित निष्पादन के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है. मालूम हो कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला ने अपने कार्यालय कक्ष में अभिषेक कुमार, लीड बैंक प्रबंधक, खेलाराम सोरेन, प्रबंधक , बैंक ऑफ इण्डिया, पूर्ण चंद्र कुंकल वरीय सर्टिफिकेट अधिकारी तथा रजनीश कुमार, वरीय प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ समीक्षा बैठक कर विस्तृत चर्चा की. उनके अधीन वैसे संबंधित मामलों को प्रस्तुत करने की अपील की जिन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निष्पादित किया जा सकता है. सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने वन अधीनियम, बैंक ऋृण, पेंशन, मुआवजा बीमा से संबंधित सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए प्राधिकार के कार्यालय मे संपर्क कर सकते हैं.

### विधिक जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चाईबासा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में रेलवे डीआरएम चक्रधरपुर कार्यालय के समक्ष 100 दिवसीय विधिक जागरुकता अभियान के तहत चलंत लोक अदालत के माध्यम से विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में उपस्थित प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने लोगों को सम्बोधित किया. उन्होंने बाल विवाह, बाल श्रम, बाल मजदूरी, डायन कुप्रथा, घरेलू हिंसा तथा आगामी 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी प्रदान की. इस अवसर पर अमीकर परवार, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डीआरएम (रेलवे), वरीय डीपीओ, रेल पीपी आलोक पांडेय, जीपी पवन शर्मा, पीएलवी स्वेता रवानी, राजशेखर, मो शमीम और संजय कुमार निषाद भी मौजूद थे, इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को सामान्य विधिक जानकारी प्रदान करते हुए डीएलएसए द्वारा प्रदत्त विधिक सुविधाओ के बारे में भी बताया गया तथा प्राधिकार के द्वारा प्रदत्त कानूनी जानकारी से सम्बन्धित पंपलेट भी लोगों के बीच वितरित किया गया. यह जानकारी प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह के द्वारा दिया गया.

### डायमंड जुबली में पुरानी यादें ताजा हो गईं: चोपड़ा

**जमशेदपुर।** कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी मेडिकल कॉलेज एमजीएम मेडिकल कॉलेज अपनी डायमंड जुबली मना रहा है. शुक्रवार को बेल्डीह क्लब में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया. इस दौरान 1970 बैच की डॉक्टर और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा मौजूद रही. 24 से 26 नवंबर तक चलने वाले इस समारोह में देश-विदेश के 700 से ज्यादा डॉक्टर्स एक जगह जुटेंगे. अपनी यादें ताजा करते हुए डॉ मधु चोपड़ा ने बताया कि उस समय रैंकिंग कुछ अलग तरह की थी. तब जुनियर और सीनियर डॉक्टरों के बीच सम्मान हुआ करता था. आज के समय में काफी एडवांस टेक्नोलॉजी आ गई है पर बेहतर इलाज का आभाव आज भी है. उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज में इस तरह का कार्यक्रम किया जा रहा है जहां पुराने डॉक्टर्स एक जगह जमा होकर अपने अनुभवों को साझा कर रहे है.

### शराब दुकानों में भी बिक रही है नकली शराब

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर आबकारी विभाग ने साकची शीतला मंदिर के पास स्थित शराब दुकान में छापेमारी कर नकली शराब बेचे जाने का खुलासा किया है. इस संबंध में नकली शराब बनाने वाले कारोबारी के सहयोगी उदय यादव को टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया जबकि कारोबारी मौके से भागने में सफल रहा. उदय की निशानदेही पर टीम ने सिदगोड़ा बाबुडीह ग्वालाबस्ती में छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब बरामद की जिसे टीम ने जब्त कर लिया है. मौके से टीम ने कुल 44.46 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त किया है. आबकारी विभाग को आए दिन गुप्त सूचना मिल रही थी कि शहर के शराब दुकानों में नकली शराब बेची जा रही है. इसको लेकर शुक्रवार को टीम शीतला मंदिर के पास स्थित शराब दुकान पर घात लगाए बैठी थी. इसी बीच एक संदिग्ध व्यक्ति शराब दुकान पर पहुंचा. उसका सहयोगी उदय दुकान के अंदर घुस गया जबकि कोराबारी बाहर ही खड़ा था. मौका पाकर टीम ने धावा बोला. टीम को देखकर कारोबारी मौके से फरार हो गया पर उदय को पकड़ लिया गया. उदय की निशानदेही पर टीम ने सिदगोड़ा में छापेमारी की. फिलहाल टीम लगातार छापेमारी कर रही है.



### शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने डीसी से की मुलाकात

**लातेहार।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की लातेहार जिला इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को डीसी हिमांशु मोहन से मुलाकात की. जिला महासचिव अजय कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने डीसी को गुलदस्ता दिया. इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने प्रारंभिक शिक्षकों की लंबे अरसे से बाधित प्रोन्नति व अन्य समस्याओं को लेकर को डीसी को एक ज्ञापन सौंपा. अजय कुमार ने बताया कि उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए प्रारंभिक शिक्षकों को शीघ्र प्रोन्नति देने का भरोसा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को दिया है. प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष अमूल्य रत्न द्विवेदी, संगठन सचिव किरानी उरांव, संयुक्त सचिव सुरेश राम, वरीय उपाध्यक्ष रईस अहमद, मो शमशेर आलम, ओमप्रकाश व बसंत राम आदि शिक्षक शामिल रहे. जिला महासचिव अजय कुमार ने ज्ञापन में बताया कि प्रारंभिक शिक्षक नियमावली 1993 के तहत प्रारंभिक शिक्षकों को विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति के लिए न्यायालय ने विभागीय स्तर पर संशोधन कर रोस्टर का पालन करने का निर्देश सभी जिलों के उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया है. विभिन्न ग्रेडों में पद रिक्ति की तिथि से वैचारिक रूप से पूर्व प्रभावी प्रोन्नति देने के लिए मानक वरीयता सूची संधारित करने व प्रोन्नति देने का प्रावधान किया गया है.



## पेज 1 का शेष...

### भ्रष्टाचारी को बना दिया...

सोरेन ने कहा, जब विपक्ष की राजनीतिक ताकत खत्म हो जाती है, तो ये छिप कर वार करते हैं. सीबीआई, ईडी,और आईटी जैसी जांच एजेंसियों को आगे कर उसके पीछे छिप जाते हैं. उन्होंने, खुली चुनौती देते हुए कहा कि पीछे से क्यों लड़ते हो. हिम्मत है तो सामने से लड़ो. सीएम ने कहा कि जब विपक्ष सीधी लड़ाई में पिछड़ जाता है तो गलत आरोप लगाने लगता है. कहा कि विपक्ष को इस बात की तकलीफ है कि हमारी सरकार गरीबों को मजबूत कैसे कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष उनके हर काम में अड़ंगा लगाता है. सीएम ने कहा कि सरकार डरने वाली नहीं है बल्कि लड़ने वाली है. उन्होंने कहा कि हम विपक्ष की गठरी बना कर गुजरात भेज देंगे. इसमें 2-4 आदिवासी नेता भी शामिल हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालत में गड्ढे से बरामद किया गया है. घटना चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र स्थित चौरी बहियार की है. मृतक धर्मपुर निवासी गणेश कुमार सिंह है. सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज कर मामले की छानबीन में जुट गई है. परिजन ने बताया कि रामानुज सिंह का छोटा पुत्र गणेश कुमार सिंह धर्मपुर चौक पर सड़क किनारे छोटा-मोटा दुकान चलाकर जीवन यापन करता था. पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है.

### स्कूल में पीपल की डाल गिरने से 5 बच्चे घायल

**पटना ।** मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मोथहा माल में शुक्रवार को प्रार्थना कर रहे बच्चों के ऊपर अचानक पीपल के एक बड़े पेड़ की डाल टूट कर गिर गयी. इस घटना में 5 बच्चे घायल हो गए. इसके बाद स्कूल में चीख पुकार मच गयी. हालांकि स्कूल के शिक्षकों ने आनन-फानन में सभी बच्चों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज भिजवाया और इसकी सूचना सभी बच्चों के परिजनों को दी गई. इस बात की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होने लगे.

### दिल्ली पुलिस साइबर अपराधी को पकड़ा

**नवादा ।** नवादा जिला साइबर अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है. बिहार के साथ ही अलग-अलग राज्यों की पुलिस भी नवादा आकर कार्रवाई कर रही है. इस कड़ी में शुक्रवार को दिल्ली पुलिस नवादा पहुंची और वारसलीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में स्थानीय पुलिस के सहयोग से साइबर मामले में संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है. दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग वारसलीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के निवासी सुधीर प्रसाद के पुत्र सुजीत कुमार उर्फ मोनू शामिल है. दिल्ली स्पेशल सेल ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध साइबर से संबंधित मामला दर्ज था.

### बांका से मेला देखकर लौट रहा था युवक, हैवानों ने किया हमला

# युवक के गुप्तांग में डाली लकड़ी, मौत

- बेहोशी की हालत में नहर किनारे मिला युवक
- युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई

**संवाददाता । बांका**

जिले के रजौन थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक के गुप्तांग में हैवानों ने लकड़ी डाल दी. इलाज के दौरान युवक ने गुरुवार को दम तोड़ दिया. लश्करी गांव के दुर्योधन राम का पुत्र श्रवण कुमार (25 वर्ष) 14 नवंबर को काली पूजा पर राजावर स्थित मेला देखने गया था. वह दूसरे दिन भी जब घर नहीं पहुंचा तो उसके पिता ने खोजबीन शुरू की. वह बेहोशी की हालात में एक नहर के समीप परिजनों को मिला.

आनन-फानन में एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया. यहां से परिजन रजौन सीएचसी लेकर चले आए, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए सीएचसी के चिकित्सकों ने युवक को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया. इलाज के क्रम में चिकित्सकों को पता चला कि उसके गुप्तांग में दरिंदों ने लकड़ी डाल दी है. चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसके पेट से लकड़ी निकाली. 15 तारीख से इलाज चल रहा था, लेकिन गुरुवार को वह जिंदगी से जंग हार गया.

**पिता ने दर्ज कराया बयान :** इस पूरे मामले में युवक के पिता ने बरारी थाने में अपना बयान दर्ज कराया है. पुलिस को दिए फर्द बयान में कहा है कि उसके पुत्र के साथ किसी ने अमानवीय हरकत की है. उसके गुप्तांग में लकड़ी डाल दी थी. हालांकि मृतक के पिता ने फर्द बयान में किसी का नाम नहीं लिया है. घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर युवक बेहोशी की हालत में नहर के पास कैसे पहुंचा? उसके पेट में लकड़ी कैसे गई? बांका के एसडीपीओ बिपिन बिहारी ने बताया कि इस घटना की जानकारी फिलहाल उन्हें नहीं है. बरारी थाने में दिया गया फर्द बयान रजौन थाना को मिलने के बाद मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# राज्यपाल ने जस्टिस विवेक को दिलाई गोपनीयता की शपथ



**संवाददाता । पटना**

पटना हाईकोर्ट को एक और नया जज मिल गया है. जस्टिस विवेक चौधरी ने शुक्रवार को पटना हाईकोर्ट के जज के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली. राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में एक सादे समारोह में उन्हें शपथ दिलाई. इस अवसर पर बिहार मंत्रिमंडल के सदस्य, पटना हाईकोर्ट के जज, महाधिवक्ता, विभागीय प्रमुख मौजूद रहे. जस्टिस विवेक चौधरी को भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट कालेजियम की अनुशंसा पर कलकत्ता हाईकोर्ट से पटना हाईकोर्ट स्थानांतरित किया गया है. अब पटना हाईकोर्ट में जजों की कुल संख्या 35 हो गयी है.

### आओ जानें

## ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत योजनावार पूर्ण सड़कों का विवरण

| योजना का नाम | पूर्ण सड़क किमी |
|---|---|
| मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना | 6795.26 |
| आपकी सरकार आपके द्वार | 739.26 |
| न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम | 4685.19 |
| महादलित योजना | 780.84 |
| नाबार्ड योजना | 3852.09 |
| सीमा क्षेत्र विकास योजना | 35.75 |
| विश्व बैंक | 331.95 |
| प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना | 52344.54 |
| मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना | 12578.00 |
| निश्चय योजना | 3725.33 |
| अन्य योजना | 9499.24 |
| कुल | 95367.45 |

### कांस्टेबल को अपहरण कर जबरन करा दी थी शादी

# हाईकोर्ट ने 10 साल पहले हुई शादी को किया रद्द

**संवाददाता । पटना**

**कोर्ट बोला- घटना बिहार के 'पकड़ौआ विवाह' का एक उदाहरण था, जो एक सामाजिक बुराई है**



बिहार में 10 साल पहले जबरन हुई एक शादी पर पटना हाई कोर्ट का अहम फैसला आया है. पटना उच्च न्यायालय ने भारतीय सेना के एक कांस्टेबल की शादी को रद्द कर दिया है. उन्हें 10 साल पहले बिहार में अपहृत कर बंदूक की नोक पर एक महिला के साथ उनकी जबरन शादी कर दी गई थी. याचिकाकर्ता और नवादा जिले के रविकांत को 30 जून 2013 को दुल्हन के परिवार ने उस समय अगवा कर लिया था जब वह लखीसराय के एक मंदिर में प्रार्थना करने गए थे. इसी मामले में फैसला आया है.

बता दें कि यह घटना बिहार के 'पकड़ौआ विवाह' (विवाह योग्य उम्र की लड़कियों के परिवार के सदस्य द्वारा भारी दहेज देने से बचने के लिए कपटपूर्ण तरीकों का सहारा लिया जाना) का एक उदाहरण था जो एक सामाजिक बुराई है. इस विषय पर कुछ फिल्में भी बन चुकी हैं. याचिकाकर्ता सभी रीतियों के संपन्न होने से पहले दुल्हन के घर से भाग गया और ड्यूटी पर फिर से लौटने के लिए जम्मू-कश्मीर चला गया था. छुट्टी पर लौटने पर शादी को रद्द करने की मांग करते हुए लखीसराय की परिवार अदालत में एक याचिका दायर की थी.

परिवार अदालत ने 27 जनवरी, 2020 को उनकी याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी. न्यायमूर्ति पी बी बजंथरी और न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा की खंडपीठ ने यह कहते हुए निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया कि पारिवारिक अदालत ने त्रुटिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया कि याचिकाकर्ता का मामला अविश्वसनीय हो गया क्योंकि उसने विवाह को रद्द करने के लिए तुरंत मुकदमा दायर नहीं किया था. खंडपीठ ने कहा, याचिकाकर्ता ने स्थिति स्पष्ट कर दी है और कोई अनुचित देरी नहीं हुई है.

**कोई भी शादी तब तक वैध नहीं जब तक सप्तपदी नहीं की जाती :** खंडपीठ ने इस महीने की शुरुआत में अपने आदेश में इस बात पर जोर देने के लिए उच्चतम न्यायालय के फैसले का भी हवाला दिया कि हिंदू परंपराओं के अनुसार कोई भी शादी तब तक वैध नहीं हो सकती जब तक कि सप्तपदी नहीं की जाती. उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया, विद्वान परिवार अदालत का यह निष्कर्ष कि सप्तपदी का अनुष्ठान नहीं करने का मतलब यह नहीं है कि विवाह नहीं किया गया है, किसी भी योग्यता से रहित है.

### गया में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, कई उपकरण बरामद

**गया ।** गया में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है. गया पुलिस की कार्रवाई में कई अर्धनिर्मित हथियार की बरामदगी की गई है. वहीं, बड़े पैमाने पर हथियार बनाने में उपयोग होने वाले उपकरणों की भी बरामदगी हुई है. इस मामले के तार औरंगाबाद से जुड़े हैं. बीते दिन औरंगाबाद में हथियार तस्करों की गिरफ्तारी की गई थी. इनके द्वारा हथियार बनाने का धंधा चलाया जा रहा था. इसके बाद औरंगाबाद पुलिस की कार्रवाई में गया में भी इसके तार जुड़े होने की बात सामने आई थी.

निशानदेही के आधार पर गया एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर गया के टिकारी थाना इलाके में हुई छापेमारी में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया गया है. विशेष टीम में टिकारी एसडीपीओ गुलशन कुमार को शामिल किया गया था. पुलिस की विशेष टीम ने निशानदेही के आधार पर मलैया गांव में छापेमारी शुरू की. इस दौरान वहां से मिनी गन फैक्ट्री संचालित करने का खुलासा हुआ है. पुलिस की टीम ने मौके से कई अर्धनिर्मित हथियार की बरामदगी की है. वहीं, काफी संख्या में हथियार बनाने में उपयोग होने वाले उपकरणों की भी बरामदगी की है. बताया जा रहा है कि अर्धनिर्मित हथियार देसी एसएलआर आदि हैं, जिसकी बरामदगी हुई है. गया पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है.

### लखीसराय ट्रिपल मर्डर केस में विजय सिन्हा बोले-

# जदयू के नेता आरोपी को बचा रहे हैं

**संवाददाता । पटना**



लखीसराय में ट्रिपल मर्डर केस मामले में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने जदयू और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पर निशाना साधा है. सिन्हा ने महागठबंधन के नेताओं के साथ अपराधी की तस्वीर शेयर की. यह फोटो स्पष्ट बताता है कि अपराधी को बचाने के लिए जदयू के नेता खेल खेल रहे हैं. अब फोटो जो वायरल हो रहा है कि उसमें जदयू के नेता साफ दिख रहा है. फोटो की कहानी से आप लोगों को मत भटकाइए. उन्होंने आरोप लगाया कि जदयू के आका आरोपी को बचा रहे हैं. उन्होंने कहा कि मुझपर बालू के साइट चलाने का आरोप लगा है. सांसद ललन बाबू आपके जदयू के जो नेता हैं, वह मेरे और मेरे परिवार के बालू कारोबार से जुड़े होने का प्रमाण दे देंगे तो मैं इस्तीफा दे दूंगा. लखीसराय में ऐसा नरसंहार पहली बार नहीं हुआ है. ऐसा पहले भी हुआ है, वह भी बालू कारोबार के कारण. आप उच्चस्तरीय जांच करवाइए. आप भयभीत क्यों हो रहे हैं. आप सीबीआई से जांच क्यों नहीं करवा रहे हैं. पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही. जो आका कहेगा वही गुलाम करेगा वाली स्थिति है. इतने दिन बाद भी अब तक मास्टरमाइंड नहीं पकड़ाया है.

**पीड़ित परिवार थाने में पहले भी शिकायत की थी :** सिन्हा ने कहा कि इस मामले में पहले भी पीड़ित परिवार ने छेड़खानी, मारपीट की शिकायत की थी. लेकिन, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की.

### शिक्षक भर्ती परीक्षा का शिड्यूल जारी

# 7 से 16 दिसंबर तक होगा एग्जाम

**पटना ।** बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती के दूसरे चरण में ली जाने वाली परीक्षा का शिड्यूल जारी कर दिया गया है. आयोग इस बार 7 दिसंबर से 16 दिसंबर तक परीक्षा लेगी. इस बार परीक्षा एक ही शिफ्ट में ली जाएगी. दोपहर 12 बजे से ढाई बजे तक परीक्षा होगी. बीपीएससी के सचिव रविभूषण के अनुसार शिक्षक भर्ती के दूसरे फेज की परीक्षा परीक्षा 7, 8, 9, 10, 14, 15 एवं 16 दिसंबर को आयोजित की जाएगी. सभी विषयों के लिए 150 अंकों की परीक्षा होगी. जिसमें 150 प्रश्न पूछे जाएंगे. परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होगी. इसमें भाषा, सामान्य ज्ञान और संबंधित विषय से प्रश्न शामिल होंगे. आयोग के अनुसार शिक्षक भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण में ओएमआर शीट में बदलाव किए गए हैं. इस बार रौल नंबर अंक में लिखने का ऑप्शन हटा दिया गया है. इसके साथ ही विषय लिखने के लिए अलग से कॉलम नहीं दिया जाएगा. रौल नंबर और विषय के लिए सिर्फ गोला भरना होगा. बीपीएससी का तर्क है कि पहले चरण में अभ्यर्थियों ने रौल नंबर और विषय का चयन करने में काफी गलती की थी.

### मुजफ्फरपुर में डेंगू से एक की मौत, 8 नए केस आए सामने

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. यहां 8 डेंगू के नए मरीज मिले है, जबकि एक की मौत हो गई है. इसके साथ ही जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 552 हो गई है. जिले में अब मौत की संख्या पांच हो चुकी है. मुशहरी के एक, शहरी क्षेत्र के दो, मीनापुर के दो, औराई प्रखंड के दो और सकरा से एक मरीज मिले हैं. अबतक सबसे ज्यादा मरीज मुशहरी प्रखंड से मिले हैं. स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है.

## कारोबार

### गति ने बेंगलुरु में गोदाम सेवा शुरू की

**नयी दिल्ली ।** एक्सप्रेस वितरण एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन कंपनी गति ने बेंगलुरु के मायासंद्र में एक प्रौद्योगिकी-सक्षम सतह पोतांतरण केंद्र तथा वितरण गोदाम (एसटीसीडीडब्ल्यू) शुक्रवार को शुरू किया. यह कंपनी की 21 आधुनिक, स्वचालित तथा पर्यावरण-अनुकूल एसटीसीडीडब्ल्यू बनाने की योजना का हिस्सा है. कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि एसटीसीडीडब्ल्यू में 1,600 टन का दैनिक थ्रूपुट और 40,000 टन का मासिक थ्रूपुट देने की क्षमता है.

### आईएफजीएल ओडिशा में लगाएगा संस्थान

**कोलकाता ।** शहर स्थित रिफ्रैक्टरी निर्माता आईएफजीएल रिफ्रैक्टरीज ने ओडिशा के कलुंगा में अपना आधुनिक अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है. आईएफजीएल रेफ्रेक्ट्रीज के प्रबंध निदेशक जेम्स मैकिन्टोश ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधा सामग्री, स्टील, स्लैग इंटरफेस प्रतिक्रियाओं के लिए धातु पिघलने की सुविधाओं के साथ-साथ मौलिक अनुसंधान को पूरा करने की विश्व स्तरीय क्षमता प्रदान करेगी. उन्होंने कहा कि कंपनी ऐसी प्रक्रियाओं और उत्पादों को विकसित करने पर अधिक ध्यान देगी जो व्यापार वृद्धि को सक्षम बनाते हैं.

### 1.23 करोड़ से शेयर आवंटित करेगी मारुति

**नयी दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया के निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर गुजरात में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए अपनी मूल कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन (एसएमसी) को तरजीही आधार पर 1.23 करोड़ से अधिक शेयर आवंटित करने की मंजूरी दे दी है. कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने एसएमसी को पांच रुपये अंकित मूल्य वाले 1,23,22,514 शेयरों को 10,420.85 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर आवंटित करने की मंजूरी दे दी है.

### चीन के रियल एस्टेट संकट का असर बैंकिंग सेक्टर पर भी दिखने लगा है

# वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी ने खड़े किये हाथ

**भाषा । नयी दिल्ली**

दुनियाभर में अपना कारोबार फैलाकर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में लगे चीन पर संकट गहराता जा रहा है. दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी चीन को लेकर जो आशंका जताई जा रही थी, वह सच होती दिख रही है. चीन के रियल एस्टेट संकट का असर अब बैंकिंग सेक्टर पर भी दिखने लगा है. देश की एक बड़ी वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए हैं. उसने निवेशकों से साफ-साफ कहा है कि वह बिल चुकाने की स्थिति में नहीं है.

चीन में रियल एस्टेट पिछले कई साल से संकट में है. देश की जीडीपी में इसकी 25% हिस्सेदारी है. इसलिए माना जा रहा था कि यह संकट पूरी इकॉनमी खासकर बैंकिंग सेक्टर को डुबो सकता है. अब इसने धीरे-धीरे दूसरे सेक्टर्स को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है. इसका पहला शिकार तीन ट्रिलियन डॉलर का शैडो बैंकिंग सेक्टर हुआ है.

चीन की प्रमुख वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी झोंगझी इंटरप्राइजेज ग्रुप (जेडइजी) ने बुधवार को निवेशकों को लिखी चिट्ठी में अपने हालात का खुलासा किया. बीजिंग की इस कंपनी ने कहा कि चीन के प्रॉपर्टी सेक्टर में उनका अच्छा-खासा निवेश है. हालत यह हो गई है कि कंपनी पर 65 अरब डॉलर यानी 460 अरब युआन की देनदारी चढ़ गई है, जबकि उसके पास केवल 200 अरब युआन की एसेट्स हैं. कंपनी का कहना है कि लंबे समय से उसका पैसा डेट और इक्विटी इन्वेस्टमेंट में फंसा है. साथ ही कंपनी के पास लिक्विडिटी खत्म हो गई है. बता दें कि जेडइजी चीन की बड़ी प्राइवेट कंपनियों में से एक है. इसका बिजनस फाइनेंशियल सर्विसेज, माइनिंग और इलेक्ट्रिक वीकल्स तक फैला है. इसकी फाइनेंशियल पोजीशन के बारे में सबसे पहले अगस्त में संकेत मिला था, जब इससे जुड़े एक ट्रेस्ट ने कॉरपोरेट इन्वेस्टर्स के पेमेंट में डिफॉल्ट किया था. झोनग्रोंग इंटरनेशनल ट्रस्ट कुल 87 अरब डॉलर के फंड को मैनेज करता है. यह देश की उन हजारों वेल्थ मैनेजमेंट कंपनियों में से एक है, जो निवेशकों को हाई रिटर्न देती हैं.

एनालिस्ट्स का कहना है कि देश में ट्रस्ट इंडस्ट्री यानी शैडो बैंकिंग सेक्टर 2.9 ट्रिलियन डॉलर की है. इनमें देश की मिडिल और अपर-मिडिल क्लास लोगों का निवेश है. इसलिए डिफॉल्ट की स्थिति में ग्राहकों का भरोसा डगमगा सकता है. वहीं विश्लेष्कों की मानें तो देश की धीमी होती अर्थव्यवस्था, कम ब्याज दरें और अमेरिका के साथ भू-राजनीतिक खींचतान ने इसकी आर्थिक क्षमता पर संदेह पैदा कर दिया है. इससे विदेशी कारोबारी तेजी से चीन से पैसा निकाल रहे हैं और वहां निवेश कम कर रहे हैं. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) के निक मैरो ने कहा कि भूराजनीतिक जोखिम, घरेलू नीति में अनिश्चितता और धीमी वृद्धि के बारे में चिंताएं कंपनियों को वैकल्पिक बाजारों के बारे में सोचने के लिए विवश कर रही हैं.



**विदेशी निवेश में 11.8 बिलियन डॉलर की आई कमी**

सूत्रों की मानें तो चीन ने सितंबर के अंत तक तीन महीनों में विदेशी निवेश में 11.8 बिलियन डॉलर की कमी दर्ज की. 1998 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है. इससे पता चलता है कि विदेशी कंपनियां अपना मुनाफा चीन में दोबारा निवेश नहीं कर रही हैं, बल्कि वे पैसा देश से बाहर ले जा रही हैं. स्विस औद्योगिक मशीनरी निर्माता ऑरलिकॉन के एक प्रवक्ता का कहना है कि चीन इस समय धीमी वृद्धि का सामना कर रहा है. इसमें कुछ सुधार करने की जरूरत है. कहते हैं कि 2022 में, हम पहली कंपनी थे जिसने कहा था कि चीन में आर्थिक मंदी का असर हमारे कारोबार पर पड़ेगा. परिणामस्वरूप, हमने इन प्रभावों को कम करने के लिए उपायों को लागू करना शुरू कर दिया. कंपनी के लिए चीन एक प्रमुख बाजार बना हुआ है. देश भर में इसके करीब 2,000 कर्मचारी हैं, जो इसकी बिक्री का एक तिहाई से अधिक हिस्सा है. कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से, ऑरलिकॉन जैसे व्यवसायों ने दुनिया के सबसे बड़े बाजार में परिचालन की चुनौतियों का सामना किया है.

**संकट गहराया**

- जेडइजी का प्रॉपर्टी सेक्टर में अच्छा-खासा निवेश है
- कंपनी पर 65 अरब डॉलर की देनदारी चढ़ गई है



# ओडिशा सरकार ने बांग्लादेश को भेजे दो मीट्रिक टन काजू

**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार ने बांग्लादेश को दो मीट्रिक टन काजू भेजे हैं. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. पाफ ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दो मीट्रिक टन प्रीमियम गुणवत्ता वाले काजू का निर्यात किया गया. अधिकारी ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कदम न केवल दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करता है बल्कि ओडिशा में कृषि क्षेत्र के लिए नए मार्ग भी प्रशस्त करता है. एपीईडीए के चेयरमैन अभिषेक देव ने कृषि एवं किसान अधिकारिता के मुख्य सचिव अरबिंद पाधी, एमएसएमई के मुख्य सचिव स्वस्वत मिश्रा और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में खेप को रवाना किया. पाफ ग्लोबल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुब्रत घोष ने कहा, यह न केवल ओडिशा में काजू उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि भारत तथा बांग्लादेश के बीच कृषि क्षेत्र में वृद्धि व सहयोग की क्षमता को भी दर्शाता है.

### सलाह — शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को कहा-यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा

# कच्चे माल-पूंजीगत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करें सरकार

**भाषा । नयी दिल्ली**



कच्चे माल और पूंजीगत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने से सरकार को कई मौजूदा निर्यात योजनाओं की आवश्यकता में कटौती करने में मदद मिल सकती है. शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही. जीटीआरआई के अनुसार, यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा क्योंकि भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों के ढांचे के भीतर इन प्रोत्साहनों के प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका जैसे भारत के प्रमुख व्यापार साझेदारों सहित कई देश भारतीय योजनाओं को सब्सिडी के रूप में घोषित करते हैं और प्रतिपूरक शुल्क लगाकर निर्यातकों को दंडित करते हैं. देश के कुल निर्यात में अमेरिका और यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से अधिक है. वर्तमान में भारत निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए कई योजनाएं लागू कर रहा है. इनमें एडवांस ऑथराइजेशन स्कीम (एएएस), एक्सपोर्ट प्रमोशन कैपिटल गुड्स स्कीम (ईपीसीजीएस), ड्यूटी ड्रॉबैक स्कीम (डीडीएस), निर्यातित उत्पादों पर शुल्क व करों में छूट (आरओडीटीईपी), विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट (ईओयू), प्री-शिपमेंट एंड पोस्ट-शिपमेंट क्रेडिट बैंक और इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम (आईईएस) शामिल हैं. इन योजनाओं का मकसद वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है.

जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यूरोपीय संघ, अमेरिका और कई अन्य ने अक्सर इन योजनाओं को सब्सिडी के रूप में देखा है और भारत द्वारा अपने निर्यातकों को प्रदान किए जाने वाले मौद्रिक लाभों को बेअसर करते हुए प्रतिपूरक शुल्क लगाए है. इन देशों का पहला तर्क यह है कि ये योजनाएं विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सब्सिडी और प्रतिपूरक उपायों (एएससीएम) पर समझौते का उल्लंघन करती हैं.

उन्होंने कहा, इन चुनौतियों के चलते भारत सरकार को एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है. इसमें निर्यात योजनाओं की संरचना में सुधार, डब्ल्यूटीओ में सक्रिय रूप से विवाद उठाना, योजनाओं की समयपूर्व निकासी का विरोध करना और सीमा शुल्क संरचना को तर्कसंगत बनाना शामिल हैं. वर्तमान में औद्योगिक उत्पादों के लिए भारत का औसत शुल्क या सीमा शुल्क यूरोपीय संघ के 4.1 प्रतिशत की तुलना में 14.7 प्रतिशत है. भारत की कई निर्यात योजनाएं, जैसे एसईजेड, ईओयू, आरओडीटीईपी और ड्राबैक ऐसे उच्च आयात शुल्क के कारण मौजूद हैं.



# रियल एस्टेट कंपनी को 550 करोड़ रुपये राजस्व की आस

- परियोजना के तहत सात लाख वर्ग फुट में दो ऊंचे टावर में 285 अपार्टमेंट बनाए जाएंगे हैं, इससे 550 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल होने की उम्मीद

**भाषा । नयी दिल्ली**

रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को बेंगलुरु में अपनी नई आवासीय परियोजना से 550 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है. कंपनी ने बेंगलुरु के आईटी हब व्हाइटफील्ड के केंद्र में एक नया हाउसिंग प्रोजेक्ट 'प्रेस्टीज ग्लेनब्रुक' पेश किया है. प्रेस्टीज ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, परियोजना के तहत सात लाख वर्ग फुट में दो ऊंचे टावर में 285 अपार्टमेंट बनाए जाएंगे हैं. इससे 550 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल होने की उम्मीद है. प्रेस्टीज एस्टेट्स को उम्मीद है कि आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के चलते चालू वित्त वर्ष 2023-24 में उसकी बिक्री बुकिंग 55 फीसदी बढ़कर 20,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच जाएगी. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की बिक्री बुकिंग 12,931 करोड़ रुपये रही थी.

# त्वरित हो निर्णय

राज्यपालों की भूमिका को लेकर गैर-भाजपा शासित सरकारों की शिकायतें और नाराजगी के बीच सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को ले कर न केवल सख्त टिप्पणियां की हैं, बल्कि पंजाब के विधानसभा सत्र को आहूत करने के राज्य सरकार के फैसले को बाधित करने को असंवैधानिक बताया है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से कहा है कि वह 19 एवं 20 जून को राज्य विधानसभा की वैध बैठक में पारित किए गए विधेयकों पर सहमति देने या न देने का फैसला करें. कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकते. सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की कार्रवाई को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया. इससे केरल, तमिलनाडु, पंजाब और तेलंगना की सरकारों ने भी राहत की सांस ली है. केरल और तमिलनाडु में तो राजभवनों और राज्य सरकारों के बीच के विवाद लगातार तीखे होते जा रहे हैं. संविधान में संघात्मक ढांचे के अधिकारों और कर्तव्यों को ले कर पूरी तरह स्पष्ट है. बावजूद इसके राज्यपालों और विपक्ष शासित राज्यपालों के विवादों का असर राज्यों के विकास और राजनीतिक प्रक्रिया पर पड़ता आया है. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्यपाल राज्य की विधायिका की ओर से पारित विधेयकों को अनिश्चितकाल के लिए लंबित नहीं रख सकते. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि राज्य के एक अनिर्वाचित प्रमुख के रूप में राज्यपाल को कुछ संवैधानिक शक्तियां सौंपी गई हैं. इसमें कहा गया है कि राज्यपाल बिना किसी कार्रवाई के विधेयक को अनिश्चित काल तक लंबित रखने के लिए स्वतंत्र नहीं हो सकते. संविधान के अनुच्छेद 200 के अनुसार, राज्यपाल के पास तीन विकल्प हैं- विधेयक पर सहमति देना, सहमति रोकना और विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करना. यदि राज्यपाल अनुच्छेद 200 के मूल भाग के तहत सहमति को रोकने का फैसला करते हैं तो कार्रवाई का तार्किक तरीका विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य विधायिका को भेजने के लिए बताए गए तरीके पर आगे बढ़ना है. सर्वोच्च न्यायलय ने कहा कि तय विकल्पों से इतर राज्यपाल की इस तरह की कार्रवाई शासन के संसदीय पैटर्न पर आधारित सांविधानिक लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के विपरीत होगी. अनुच्छेद 168 के तहत राज्यपाल विधायिका का एक हिस्सा है और वह संवैधानिक शासन से बंधे हुए हैं. ये मामला तमिलनाडु और केरल से जुड़ा है. दोनों राज्यों की सरकार का आरोप है कि राज्यपाल उनकी विधानसभा में पास हो चुके बिलों को पारित करने में देरी कर रहे हैं. समय आ गया है कि अतीत में विभिन्न आयोगों और समितियों द्वारा दी गई सिफारिशों को आज के संदर्भ में नवीकृत करते हुए अमल में लाया जाए.

> सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की कार्रवाई को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया. इससे केरल, तमिलनाडु, पंजाब और तेलंगना की सरकारों ने भी राहत की सांस ली है. केरल और तमिलनाडु में तो राजभवनों और राज्य सरकारों के बीच के विवाद लगातार तीखे होते जा रहे हैं.

## सुभाषित

**क्षमा शस्त्रं करे यस्य दुर्जनः किं करिष्यति ।**
**अतृणे पतितो वन्हिः स्वयमेवोपशाम्यति ॥**

जिसके हाथ में क्षमारूप शस्त्र हो, उसका कोई दुर्जन कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता. आग जब किसी स्थान पर गिरती है तो वह तभी जलाने की क्षमता रखती है, जब वहां घास-फूस आदि जलाने का सामान होता है. जहां घास-फूस नहीं होता वह आग गिर अपने आप बुझ जाती है.

# मूर्खों के सरदार, पनौती, राहु-केतु

**मिजोरम और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे और मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा तेलंगाना जैसे अपेक्षाकृत बड़े राज्यों में चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखें इस तरह डिजाइन की थीं कि देश और नेता महीने भर व्यस्त रहे. छत्तीसगढ़ को छोड़ बाकी राज्यों में एक-एक दिन में ही मतदान हुआ या होगा, लेकिन सबकी निगाहें उधर ही टंगी हुई हैं. इन राज्यों के चुनाव से आगामी अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव या अप्रैल में होनेवाले आंध्रप्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा और सिक्किम के चुनाव का कोई खास लेना-देना नहीं रहेगा.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

चुनावों में राष्ट्रीय स्तर के परस्पर विरोधी राजनेताओं द्वारा एक-दूजे को मूर्खों के सरदार, पनौती, राहु-केतु, जेबकतरे कहा जाना कभी सुना था क्या? लेकिन अब सुन रहे हैं. यह बदलते भारत का जनतंत्र है. हाल में नरेंद्र मोदी द्वारा राहुल गांधी को मूर्खों के सरदार कहा गया, तो राहुल ने मोदी को पनौती कहा, अमित शाह ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार को राहु-केतु कहा तो राहुल ने मोदी-अदानी-शाह की जेबकतरे से तुलना की. राहुल द्वारा प्रयुक्त पनौती नये तरह का शब्द है, जिसका व्युत्पत्तिगत अर्थ होता है बाढ़ जैसा प्रलयंकारी या शनि की बुरी दशा का समय. 25 नवंबर को जब आप ये पंक्तियां पढ़ रहे होंगे, उस समय राजस्थान में मतदान के लिए लोग अपने-अपने घरों से निकल रहे होंगे. तबतक वोट खींचनेवाले तत्व तेलंगाना प्रस्थान कर चुके रहेंगे. वहां तीस नवंबर को मतदान है.
मिजोरम और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे और मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा तेलंगाना जैसे अपेक्षाकृत बड़े राज्यों में चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखें इस तरह डिजाइन की थीं कि देश और नेता महीने भर व्यस्त रहे. छत्तीसगढ़ को छोड़ बाकी राज्यों में एक-एक दिन में ही मतदान हुआ या होगा, लेकिन सबकी निगाहें उधर ही टंगी हुई हैं. इन राज्यों के चुनाव से आगामी अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव या अप्रैल में होनेवाले आंध्रप्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा और सिक्किम के चुनाव का कोई खास लेना-देना नहीं रहेगा. इसके बावजूद इन पांच राज्यों का चुनाव परिणाम ट्रेंड सेटर भी नहीं रहेगा, यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता. चुनावों का सिलसिला यहीं नहीं रुकनेवाला. अगले साल मई में जम्मू-कश्मीर में चुनाव होगा, अक्टूबर में हरियाणा और महाराष्ट्र में और नवंबर-दिसंबर में झारखंड में.
मध्यप्रदेश आदि पांच राज्यों के चुनाव के पूर्व एक राजनीतिक सुर्रा उछाला गया था-वन नेशन, वन इलेक्शन. चुनावी शोर में वह सुर्रा सर्राटेदार वेग से न जाने कहां सरक गया. विकास के महाप्रभु चुनावी चक्कर में फंसे ही रहेंगे और आम अवाम घनचक्कर में. जब किसी राज्य में चुनाव होता है तो अन्य राज्यों से जाति/समाज को ध्यान में रखकर राजनीतिक दल अपने चहेते नेताओं को वहां कैंप करा देते हैं. जिस राजनीतिक दल की जीत होती है, उसके नेता अपने प्रदेश में लौटकर डींगें हांकते हैं, देखा, मैं वहां कैम्पेनिंग में गया तो जीत हो गई. बाज बार संबंधित नेता अपने प्रदेश में खुद भी हार जाता है या उसका दल सरकार बनाने लायक जीत हासिल नहीं कर पाता. पार्टियां और नेता जनता को इतना नासमझ समझते हैं कि उनकी थोड़ी कैम्पेनिंग से वह अपना मन बदल लेती है.
छोटे और उपेक्षित से झारखंड का चुनावी फलित गौर से जानिए-समझिए. वह हर चुनाव में अमूमन आधे विधायकों को घर बैठा देने की परिपाटी कायम कर चुका है. वह माननीय के दल या खुद उनके साइज से कतई मुरव्वत नहीं करता. राजस्थान और हिमाचल अलग तरह के उदाहरण हैं, जो हर चुनाव में सत्ता ही पलट दिया करते रहे हैं. राजनीति खुद ही घनचक्कर है. उसके विषय में कहा जाता है-राजनीति में जो कहा जाता है, वही सच नहीं होता और जो सच होता है, उसे कई बार कहा नहीं जाता. ये सारी ऐसी बातें हैं, जिनको हर कोई जानता-समझता है, फिर भी राजनीति की गलियों में चक्कर लगाये बिना न तो पेट का पानी पचता है, न ही काम सधता है. राजनीति ऐसी आवश्यक आवश्यकता है, जिस पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता. अब तो रहा-सहा ट्रेंड बदल चुका है. दिन में इस दल में तो रात में उस दल में जाकर राजनेता अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं. इसी कारण हाल ही एक लाइनी व्यंग्य सोशल मीडिया में वॉयरल किया जाता रहा, चुने गये विधायकों की कीमत 25-50 करोड़ और उनको चुननेवालों की कीमत केवल पांच किलो राशन. पहले दो-चार 'मौसम विज्ञानी' हुआ करते थे. अब जो यह विज्ञान नहीं जानता, वह राजनीति में कई बार कौड़ी का तीन हो जाता है. नाम गिनाने की जरूरत नहीं. अपने आस-पास नजर डालें, गर्व से सीना ताने ऐसे महामान्य कई मिल जाएंगे. यही कारण है कि पहले राजनेताओं को सुननेवालों की काफी तादाद होती थी, अब नामी-गिरामी राजनेताओं के भाषण में भी भीड़ जुटानी पड़ती है. इसके बावजूद कई मर्तबा कुर्सियां खाली रह जाती हैं. केवल दल और नेता का ही नहीं, जनता और राजनेता का भी संबंध मौके का हो गया है. चूंकि अभी राजस्थान और तेलंगाना का चुनाव बाकी है, इसलिए गौर कर लीजिए तो पता चल जाएगा.
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में कैसे रेवड़ियां लुटाई गईं और राजस्थान और तेलंगाना में कैसे लुटाई जा रही हैं, देख-सुन-समझ लीजिए. यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अगले साल आठ राज्यों और लोकसभा का भी चुनाव है. हैरान मत होइए कि सुप्रीम कोर्ट और प्रधानमंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर तीखे प्रहार किये. प्रहार करना उनकी आदतों में शुमार है, यह उनका कर्तव्य है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट को चुनाव में नहीं जाना है, जबकि प्रधानमंत्री को तो जाना है. संसद में प्रतिपक्षियों को लक्षित करते हुए उन्होंने गर्वोक्ति की थी, एक अकेला सब पर भारी. उनके चाहनेवालों को बुरा लग सकता है, लेकिन यह सौ फीसद सही है कि उनकी गर्वोक्ति उनके दल पर ही कुछ अधिक वजन के साथ लागू हो रही है. राज्यों में चुनाव प्रधानमंत्री के ही चेहरे के भरोसे लड़े जा रहे हैं. इतिहास साक्षी है, जब किसी दल पर कोई एक नेता भारी पड़ने लगे तो दल दलदल हो जाता है. पहले कांग्रेस का यही हाल था, अब भाजपा उसी राह पर चल निकली है, क्षेत्रीय दल तो खैर एक आका के ही भरोसे रहते हैं.

• बोधि-वृक्ष | अनीश



## अनसुनी बुराई

जो महान होते हैं, उनकी महानता उनके व्यवहार में हमेशा झलकती रहती है, लेकिन अज्ञानी जन उसे देख नहीं पाते, समझ नहीं पाते. वहीं दूसरी ओर ज्ञानी जन उन अज्ञानियों के व्यवहार को देखते भी हैं, समझते भी है, लेकिन उसे महत्व नहीं देते. पर निंदा और व्यर्थ की बातें करना अज्ञानियों का विशेष लक्षण है. परनिंदा के माध्यम से अज्ञानी अपना दोष छिपाने की कोशिश करते हैं. जीवन में वे ही सफल हो पाते हैं, जो अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर अपने कदम आगे बढ़ाते हैं और तदनुकूल व्यवहार भी किया करते हैं. इस संदर्भ में स्वामी विवेकानंद विश्व के दर्शन में प्रकट हुए एक देदीप्यमान सितारा हैं. एक बार स्वामी विवेकानंद रेल से कहीं जा रहे थे. ट्रेन के जिस डिब्बे में सफर कर रहे थे, उसी डिब्बे में कुछ अंग्रेज यात्री भी थे. उन अंग्रेजों को साधुओं से बहुत चिढ़ थी. वे साधुओं की भर-पेट निंदा कर रहे थे. साथ वाले साधु यात्री को भी गाली दे रहे थे. उनकी सोच थी कि चूंकि साधू अंग्रेजी नहीं जानते, इसलिए उन अंग्रेजों की बातों को नहीं समझ रहे होंगे. इसलिए उन अंग्रेजों ने आपसी बातचीत में साधुओं को कई बार भला- बुरा कहा. हालांकि उन दिनों की हकीकत भी थी कि अंग्रेजी जानने वाले साधु होते भी नहीं थे. रास्ते में एक बड़ा स्टेशन आया. उस स्टेशन पर विवेकानंद के स्वागत में हजारों लोग उपस्थित थे, जिनमें बड़े-बड़े विद्वान् एवं अधिकारी भी शामिल थे. वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करने के बाद अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी स्वामीजी अंग्रेजी में ही दे रहे थे. इतनी अच्छी अंग्रेजी बोलते देखकर उन अंग्रेज यात्रियों को सांप सूंघ गया. जो रेल में उनकी बुराई कर रहे थे. अवसर मिलने पर वे विवेकानंद के पास आये और उनसे नम्रतापूर्वक पूछा – आपने हम लोगों की बात सुनी. आपने बुरा माना होगा? स्वामीजी ने सहज शालीनता से कहा-"मेरा मस्तिष्क अपने ही कार्यों में इतना अधिक व्यस्त था कि आप लोगों की बात सुनी भी, पर उन पर ध्यान देने और उनका बुरा मानने का अवसर ही नहीं मिला." स्वामीजी का यह जवाब सुनकर अंग्रेजों का सिर शर्म से झुक गया और उन्होंने चरणों में झुककर उनकी शिष्यता स्वीकार कर ली. स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक कहानी से सीख मिलती है कि हमें इधर-उधर की बातों को छोड़कर सदैव अपने लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए.

# क्यों बढ़ रहे हैं कैंसर जैसे रोग

• सेहत

बीबी रमाकांत

संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य में दुनिया की सभी सरकारों ने वादा किया है कि कैंसर समेत अन्य असंक्रामक रोगों की दर और मृत्यु दर में 2030 तक 33 प्रतिशत गिरावट और 2025 तक 25 प्रतिशत गिरावट आएगी. भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 भी इन्हीं लक्ष्यों को दोहराती है, पर विभिन्न कैंसर साल दर साल बढ़ते चले जा रहे हैं. एक ओर सरकारें तंबाकू नियंत्रण कर रही हैं, परंतु तंबाकू उद्योग के मुनाफ़े में फिर कैसे साल-दर-साल बढ़ोतरी होती चली जा रही है? यह बात सही है कि तंबाकू सेवन की दर में गिरावट आयी है, पर यह गिरावट अत्यंत कम है. वहीं वैज्ञानिक प्रमाण यह है कि हर दो में से एक तंबाकू व्यसनी तंबाकू से संबंधित जानलेवा रोग से मृत होगा तो सरकारों को तंबाकू उद्योग को इसके लिए ज़िम्मेदार और जवाबदेह ठहराते हुए कड़ाई से अंकुश लगाना होगा. यह कैसे मुमकिन है कि एक ओर सरकारी तंबाकू नियंत्रण चले और दूसरी ओर तंबाकू उद्योग धनाढ्य होता चला जाये और नये प्रकार की धूर्त चालाकी जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक सिग्रेट आदि के ज़रिये ज़हर के व्यापार के मकड़जाल को और फैलाए? एक ओर सरकारें शराब और नशे के ख़िलाफ़ मद्यनिषेध विभाग चला रही हैं और दूसरी ओर शराब सेवन भी बढ़ रहा है और शराब उद्योग दिन दूनी रात चौगुनी तरक्क़ी कर रहा है? अक्सर यह सुनने को मिलता है कि सरकारों को तंबाकू और शराब उद्योग से राजस्व चाहिए, पर हक़ीक़त यह है कि तंबाकू और शराब से होने वाले नुक़सान और जानलेवा रोगों के इलाज आदि और असामयिक मृत्यु इस राजस्व को खून से लतपथ कर देती हैं. 2018 के मुक़ाबले 2020 के वैश्विक कैंसर आंकड़े देखें तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि न केवल कैंसर से ग्रसित लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, बल्कि कैंसर की मृत्यु दर भी बढ़ी है, वैश्विक स्तर पर 2018 में 1.81 करोड़ लोग कैंसर से ग्रसित हुए थे, पर 2020 में यह संख्या कम होने के बजाय बढ़ गई. यानी 1.92 करोड़ लोग कैंसर से ग्रसित हुए. दुनिया में 2018 में 96 लाख लोग कैंसर से मृत हुए थे, पर 2020 में कैंसर मृत्यु दर में गिरावट आने के बजाय बढ़ोतरी ही हुई. यानी एक करोड़ लोगों की कैंसर से मृत्यु हुई. 2018 में 20.8 लाख लोग स्तन के कैंसर से ग्रसित हुए पर 2020 में यह संख्या बढ़ कर 22.6 लाख हो गई. 2018 में 20.9 लाख लोग फेफड़े के कैंसर से ग्रसित हुए पर 2020 में यह संख्या बढ़ कर 22.1 लाख हो गई.2018 में 17.9 लाख लोग बृहदान्त्र और मलाशय के कैंसर से ग्रस्त हुए थे, पर 2020 में यह संख्या भी बढ़ कर 19.3 लाख हो गई. 2018 में 12.7 लाख लोग पौरुष ग्रंथि के कैंसर से ग्रसित हुए थे, पर 2020 में यह संख्या बढ़ कर 14.1 लाख हो गई. कैंसर दर और कैंसर से मृत होने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ-साथ कैंसर का ख़तरा बढ़ाने वाले कारण और उनसे पोषित उद्योग के मुनाफ़े भी बढ़ रहे हैं. वैश्विक कैंसर आंकड़े देखें तो ज़ाहिर होगा कि 60 प्रतिशत कैंसर और कैंसर से मृत्यु एशिया में होती हैं, जबकि अमीर विकसित देशों में यह दर कम हो गयी है. विकासशील देशों में कैंसर की जांच और इलाज भी सबको समय से मुहैया नहीं होता. तंबाकू उद्योग भले ही अमीर विकसित देशों के हों, पर इनके जानलेवा तंबाकू उत्पाद सबसे ज़्यादा विक्रय विकासशील देशों में होते हैं. दुनिया की सबसे बड़ी तंबाकू कंपनी फ़िलिप मोरिस अमेरिका की कंपनी है, जिसका मुख्यालय अब स्विट्ज़रलैंड में हो गया है. जापान टोबैको जापान की है. ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको हो या अन्य सबसे बड़ी तंबाकू कंपनियां, भले ही अमीर देशों की हों, पर वहां की जनता से इनको सबसे ज़्यादा मुनाफ़ा नहीं मिलता है, बल्कि इसके ठीक विपरीत इनका अधिकांश बाज़ार और मुनाफ़ा विकासशील देशों से आता है. यदि कैंसर से लोगों को बचाना है तो कैंसर का ख़तरा बढ़ाने वाले कारणों पर रोक लगाना अनिवार्य है. विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कैंसर से बचाव मुमकिन है. यदि कैंसर उत्पन्न करने वाले कारणों पर रोक लगायी जाये. तंबाकू, शराब और मोटापा-यदि इन तीनों से बचाव किया जाये तो कैंसर दर गिरेगी. तंबाकू, शराब, फ़ास्ट फ़ूड जैसे रोगों का ख़तरा बढ़ाने वाले खाद्य उत्पाद पर विराम लगाना ज़रूरी है. निकट भविष्य में सरकारों पर इन पर अत्यधिक कर लगाना चाहिए और विज्ञापन आदि पर पूर्ण रोक लगानी चाहिए, ताकि लोग इनका सेवन कम या बंद करें, पर अंततः तो पूर्ण रूप से बंदी ही ज़रूरी है.

> विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कैंसर से बचाव मुमकिन है. यदि कैंसर उत्पन्न करने वाले कारणों पर रोक लगायी जाये. तंबाकू, शराब और मोटापा-यदि इन तीनों से बचाव किया जाये तो कैंसर दर गिरेगी. तंबाकू, शराब, फ़ास्ट फ़ूड जैसे रोगों का ख़तरा बढ़ाने वाले खाद्य उत्पाद पर विराम लगाना ज़रूरी है.

# मुफ्त राशन बांटने के सियासी मायने

• सामयिकी

एन.बनर्जी

केंद्र सरकार की ओर से 2020-21 में कोविड महामारी के दौरान लंबी लॉक डाऊन अवधि में देश में गरीबों और निम्न आय वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना बहुत सोच-समझकर किया गया था. इस सुविधा को दो बार बढ़ाया गया था, आखिरी बार 1 जनवरी, 2023 को एक वर्ष की अवधि के लिए. पिछले विस्तार का संबंध संभवतः नागालैंड, त्रिपुरा, मेघालय और कर्नाटक में चुनावों से अधिक था. अब वर्तमान पांच राज्यों के चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की कि देश की लगभग 60प्रतिशत आबादी अर्थात 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए लगभग सालाना 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी खर्च पर मुफ्त राशन (खाद्यान्न) योजना फिर से पांच साल के लिए, यानी 2028 तक बढ़ा दी जायेगी. छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी रैली में की गई घोषणा बेतुकी लगती है. यह सरकार के स्वयं के वार्षिक आर्थिक विकास के दावों और देश के बहुआयामी गरीबों की पंजीकृत संख्या में वार्षिक ऑन-पेपर गिरावट को चुनौती देता है. मुफ्त खाद्यान्न योजना के तहत भारत में गरीबों की आबादी 2028 के अंत तक 80 करोड़ से अधिक स्थिर रहने की उम्मीद है. यह संख्या इस साल जुलाई में सरकार की अपनी रिपोर्ट के विपरीत है, जिसमें कहा गया था कि लगभग 13.5 करोड़ लोग या इसके करीब लोग गरीब हैं. दावा किया गया था कि मार्च 2021 तक पांच वर्षों में भारत की 10 प्रतिशत आबादी गरीबी से बच गई. गवर्नमेंट थिंक टैंक नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा, 'पोषण में सुधार, वर्षों की स्कूली शिक्षा, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.'इसके अलावा, नीति आयोग की रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई. अध्ययन में कुपोषण, शिक्षा और स्वच्छता जैसे 12 संकेतकों के आधार पर संयुक्त राष्ट्र के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) का उपयोग किया गया. रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में रहने वाली आबादी का प्रतिशत 2015-16 में 25 प्रतिशत से गिरकर 2019-21 में 15 प्रतिशत हो गया.' देश में बहुआयामी गरीबों की संख्या में 9.89 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जो 2015-16 में 24.85 प्रतिशत से बढ़कर 2019-21 में 14.96 प्रतिशत हो गई. ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे तेजी से गिरावट देखी गई जो 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28प्रतिशत हो गई.'राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों के लिए बहुआयामी गरीबी अनुमान प्रदान करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे तेज कमी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों में देखी गई. क्विज़ली, ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया था, जिसे सरकार ने ग़लत और दुर्भावनापूर्ण इरादे से खारिज कर दिया था. क्या ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने भारत की गरीबी का आंकड़ा देश की मुफ्त खाद्यान्न योजना पर आधारित किया है?दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी. राजनीतिक रूप से केंद्र सरकार का नेतृत्व कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इस कैलेंडर वर्ष के बाद मुफ्त खाद्यान्न योजना को रोकने का समय काफी मुश्किल पैदा करने वाला हो सकता है. यह इस तथ्य के बावजूद है कि हाल के दिनों में मुफ्त राशन से भाजपा के लिए मतपेटियां नहीं भरीं. लेकिन, इसके बाहर होने से भाजपा काफी अलोकप्रिय हो सकती है. हाल ही में पार्टी को कर्नाटक में बड़ा झटका लगा था. जाहिर है, सन् 2020 से 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त खाद्यान्न भाजपा को चुनाव जीतने में विशेष मदद नहीं कर रहा है. ऐसे खाद्यान्न का वितरण राज्य सरकारों के अंतर्गत आने वाली राशन दुकानों के माध्यम से किया जाता है. गरीबों और अशिक्षितों को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि राशन की दुकानों पर मुफ्त अनाज का बिल कौन भरता है. मुफ्त राशन की आपूर्ति का श्रेय राज्य लेते हैं. इस प्रणाली ने खाद्यान्नों की खरीद और वितरण में शामिल राज्य मशीनरी को बुरी तरह से भ्रष्ट कर दिया है.

> गवर्नमेंट थिंक टैंक नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा, 'पोषण में सुधार, वर्षों की स्कूली शिक्षा, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.'इसके अलावा, नीति आयोग की रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई.

## मीडिया में अन्यत्र

# निर्यात में 6.2 फीसदी की वृद्धि

पिछले महीने, भारत के माल निर्यात में 6.2 फीसदी की वृद्धि के साथ इस वित्तीय वर्ष में सिर्फ दूसरी बार निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई. व्यापारिक वस्तुओं का आयात पिछले अक्टूबर महीने के मुकाबले 12.3 फीसदी और सितंबर महीने के मुकाबले लगभग 21 फीसदी बढ़कर 65.03 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया. नतीजतन, व्यापार घाटा भी रिकॉर्ड 31.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया. आभूषण और हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी वस्तुओं की त्योहारी मांग की प्रत्याशा में आयात खर्च हाल के महीनों में अपेक्षाकृत कम रहने के रुझानों के पार जाने की उम्मीद थी. लेकिन निर्यात में आया यह उछाल और व्यापार घाटा उम्मीदों से परे था और अर्थशास्त्रियों ने इसे 'विशेष प्रकृति' के प्रभावों की वजह से लगने वाला 'एक बड़ा झटका' बताया. वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि 11 महीनों में सबसे अधिक वृद्धि के साथ व्यापारिक निर्यात में 'आश्चर्यजनक बढ़त' हुई है और 'कमजोर वैश्विक मांग की आशंका के बावजूद' निर्यात व आयात में बढ़ोतरी हुई है. उच्च आयात और संभावित व्यापार घाटे के रुझान से फिलहाल बहुत ज्यादा चिंतित होने की जरुरत नहीं है. तेल की कीमतों में हुई हालिया गिरावट से इस बेलोचदार आयात खर्च को सात महीने के उच्चतम 17.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर से नीचे रखने में मदद मिलेगी. त्योहारी और शादी की मांग ने जहां सोने और चांदी के आयात को एक हद तक बढ़ा दिया, वहीं अक्टूबर महीने की शुरुआत में इन कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट ने भी इसमें एक भूमिका निभाई क्योंकि जौहरियों (ज्वैलर्स) ने कीमतों में उछाल से पहले भंडार (स्टॉक) बढ़ाने की कोशिश की. इसी तरह, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के आयात में आए सभी उछाल को उपभोग की मांग के रूप में नहीं गिना जा सकता है. चूंकि अक्टूबर महीना नए आयात 'लाइसेंसिंग' मानदंडों के 'टाले गए' कार्यान्वयन, जिसे अब व्यंजनापूर्ण तरीके से 'आयात प्रबंधन प्रणाली' के रूप में फिर से परिभाषित किया गया है, से पहले व्यक्तिगत कंप्यूटर, लैपटॉप और सर्वर के मुफ्त आयात का आखिरी महीना था, लिहाजा इसने भी कंपनियों को इन वस्तुओं की जखीरा लगाने (स्टॉकपाइलिंग) के लिए प्रेरित किया. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### घृत/धृत/धृति/धृती

**रांची** नगर निगम से आयी एक अधिसूचना पर नजर पड़ी. उसमें लिखा था-नागरिकों को घृतिकर समय पर देना अनिवार्य होगा.विज्ञप्ति में घृतिकर शब्द को देखकर चकरा गया. बहुत दिमाग खपाने के बाद भी यह समझ में नहीं आया कि इस घृतिकर का मतलब क्या होता है.तब निगम के ही एक अधिकारी को फोन लगा कर घृतिकर का मतलब पूछा तो उन्होंने बड़े प्रेम से बताया-होल्डिंग टैक्स. मैंने कहा कि होल्डिंग का हिंदी अनुवाद धृति तो हो सकता है, लेकिन घृति कैसे हो गया. उन्होंने कहा-अरे क्लर्क लोग ऐसा ही टाइप कर देते हैं. हमलोगों का भी इसपर ध्यान नहीं जा पाता है. खैर, यह तो समझ में आ गया कि घृतिकर लिखने में गलती हुई. लिखना था धृति कर, जो लापरवाही या अज्ञानतावश नहीं हो सका, लेकिन इस शब्द के बारे में आगे भी जानना आवश्यक है, ताकि ऐसी भूलों से बचा जा सके. बनावट में घ और ध दोनों एक जैसे लगते हैं, इसलिए भी ऐसी गलती की संभावना होती है. घृत और धृत दोनों शब्द संस्कृत मूल के हैं. घृत संज्ञा पुल्लिंग है, जिसका अर्थ घी होता है, लेकिन उसके जैसे लगनेवाला शब्द धृत का विशेषण है. इसका अर्थ है धारण या ग्रहण किया हुआ, आधारित, स्थित, अधीन किया हुआ, गिरा हुआ, रखा हुआ, पतित, तौला हुआ, पकड़ा हुआ, गिरफ्तार किया हुआ. संज्ञा पुल्लिंग के रूप में इसका मतलब है ग्रहण या धारण करने का भाव, गिरना, स्थिति, लड़ाई या कुश्ती का ढंग. धृति इसी से बना हुआ संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जिसका अर्थ है धारण करने का गुण या शक्ति, धारणा, संकल्प, ग्रहण, पकड़ना, चित्त की स्थिरता, धैर्य, धीरता, गंभीरता, दृढ़ स्मरण शक्ति, ठहराव, प्रीति, तुष्टि, पुराणों के अनुसार सोलह मातृकाओं में से एक, मन की धारणा जिसके तीन रूप हैं सात्विकी, राजसी तथा तामसी, काव्यशास्त्र के अनुसार किसी रस का एक संचारी भाव और अंग्रेजी में होल्डिंग. धृति से बने धृती का अर्थ है धैर्यवान, धीर.

# रिश्वत लेना एक कला है, एक विज्ञान है!

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



रिश्वत कौन नहीं लेता? रिश्वत कहां नहीं ली जाती? और छोटी से छोटी, बड़ी से बड़ी कौन सी रकम की रिश्वत नहीं ली जाती? रिश्वत का अपना एक बड़ा बाजार है. रिश्वत पारिभाषिक रूप से कहें तो वह धनराशि है, जो अवैध कार्य के लिए अवैध रूप से ली जाती है. अर्थात जहां अवैध कार्य होगा, वहां रिश्वत भी होगी. इसीलिए जो लोग रिश्वत के शौकीन होते हैं, वह इस बात का प्रयत्न करते हैं कि कोई भी कार्य पूरी तरह वैध रूप से न होने पाए. अगर सारे काम सब लोगों के वैध रूप से होने लगें तो बेचारे रिश्वतपसंद लोग रिश्वत कैसे लेंगे? किस काम की लेंगे? और उन्हें रिश्वत देने के लिए कोई जाएगा क्यों? अगर घर बैठे लाइसेंस मिल जाए तो दफ्तर में जाकर अधिकारी को कोई रिश्वत क्यों देने लगा? रिश्वत देने वाले की अपनी मजबूरी होती है. रिश्वत लेने वाले का अपना गणित रहता है. रिश्वत लेने वाला इस प्रकार से जाल फैलाता है कि मछली खुद आती है और फंस जाती है. यद्यपि रिश्वत बहुत पुराना कारोबार है और पीढ़ी दर पीढ़ी रिश्वत लेते- लेते लोग बहुत समझदार हो गए हैं, लेकिन फिर भी कई लोग पकड़े जाते हैं और उनकी मूर्खता पर तरस भी आता है. अरे भाई! रिश्वत जब लेना नहीं आता था तो क्यों ली? पहले किसी गुरु के चरणों में बैठकर रिश्वत लेने के गुर सीखते. कई लोग रंगे हाथों पकड़े जाते हैं अर्थात नोटों पर लाल रंग लगा होता है. जैसे ही रिश्वत लेने वाला उन नोटों को छूता है, उसके हाथ रंग जाते हैं. और इसे साहित्य की भाषा में रंगे हाथों पकड़ना कहते हैं. कई लोग इतनी बुद्धिमत्ता के साथ रिश्वत लेते हैं कि क्या मजाल कि पूरे कैरियर में एक बार भी पकड़े जाएं. बहुत से लोग अपने एजेंट की मार्फत रिश्वत लेते हैं और बड़े गर्व के साथ मूंछों पर ताव देते हुए कहते हैं कि हमने आज तक रिश्वत का एक पैसा भी अपने हाथ से नहीं लिया. अगर आप उनके गर्व से भरे हुए शब्दों की गहराई में जांच पड़ताल करें तो आप पाएंगे कि वास्तव में उन्होंने एक भी पैसा अपने हाथ से रिश्वत का नहीं लिया है. हमेशा किसी न किसी दलाल की मार्फत ही पैसा लिया. बहुत से लोग दलाल की मार्फत रिश्वत खाने में भी पकड़े जाते हैं. दलाल नौसिखिया होता है. पकड़ा जाता है और फिर वह असली रिश्वत लेने वाले का नाम खोल देता है. किसी अच्छे रिश्वत-प्रेमी के पास आप घंटा दो घंटा रोज बैठकर उससे ज्ञानार्जन करें तो इस बात की जानकारी मिल सकती है कि कैसे रिश्वत लेने के बाद भी आदमी कभी पकड़ा न जाए.

# फायनाइंस की एबीसी और फिल्मों के पाठ

फिल्में मनोरंजन के लिए देखी जाती हैं, इसमें कोई संदेह नहीं. लेकिन आप इन्हें गौर से देखेंगे तो कई बार वित्तीय जीवन के उपयोगी सबक भी सीख सकते हैं. आज हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में जो हमें फाइनेंस का सही फंडा सिखाती हैं.



शिखर चंद जैन

## बागवान 2003- बुढ़ापे में बेटा नहीं पैसे का सहारा

इस फिल्म में उन माता पिताओं की परेशानियों को बताया गया है जिन्होंने अपना सब कुछ बच्चों के सही पालन पोषण, शिक्षा और शादी विवाह में खर्च कर डाला. कभी परवाह नहीं की कि बुढ़ापे में उनका क्या होगा. हमारे देश में बेटों को बुढ़ापे का सहारा माना जाता है. इसलिए यह विशेष महत्व वाली फिल्म है. अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी ने वही गलती की जो आम भारतीय माता-पिता करते हैं. नतीजा यह हुआ कि शादी के 40 साल बाद बच्चों की उपेक्षा और अपमान के कारण बुढ़ापे में उन्हें अकेले रहना पड़ा. यह तो अमिताभ बच्चन का भाग्य अच्छा था कि उन्होंने एक किताब लिखी और वह बेस्टसेलर बन गई. किताब की कमाई से ही उन्हें सहारा मिला.

**सबक**

**बुढ़ापे के लिए हाथ में कुछ संपत्ति और लिक्विड मनी जरूर रखें**




## तारा रमपम 2008 पैसा उड़ाएं नहीं बचाएं

सैफ अली खान एक प्रोफेशनल कार रेसर है. एक्सीडेंट के बाद उसका करियर बर्बाद हो गया. वे खूब ऐशो आराम की जिंदगी जी रहे थे मगर अब कहां? उसकी पत्नी और वह खुद बहुत कोशिश करते हैं मगर कोई जॉब नहीं मिलता. इधर उनके सिर पर कर्ज बढ़ता जा रहा है. मजबूरन वे एक छोटे से घर में रहने लगते हैं और अपने खर्चों में कटौती करते हैं. मुसीबत तब और बढ़ जाती है जब उनका बच्चा बीमार हो जाता है और उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है. मजबूरन सैफ अली खान दोबारा कार रेसिंग में आता है. सौभाग्य से वह जीत जाता है और बच्चे का इलाज करवाने में सफल हो जाता है.

**सबक**


**अच्छे दिनों में पैसे ना उड़ाए, मुसीबत के लिए बचा कर रखें.**










## खोसला का घोसला 2006 अपनी जायदाद सुरक्षित रखें

अनुपम खेर एक मसखरा मगर मस्तमौला इंसान है. उसकी जमीन को धूर्त प्रोपर्टी डीलर बोमन ईरानी हथिया लेता है. खोसला के दो बेटे हैं. कुछ कलाकारों की मदद से वे बोमन को सबक सिखाते हैं. ये कलाकार एक सरकारी जमीन को बेचकर पैसा उठा लेते हैं. इसी पैसे से वे दोबारा अनुपम खेर की जमीन खरीद लेते हैं.

**सबक**

**प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से यह फिल्म सिखाती है कि हमें लालची और प्रॉपर्टी डीलरों से बचना चाहिए और जमीन की खरीद बिक्री में समुचित सावधानी बरतनी चाहिए.**

## तीन बहुरानियां 1968- अपनी कमाई के मुताबिक ही खर्च करें

स्कूल टीचर पृथ्वीराज कपूर की जिंदगी मजे से चल रही थी. वे अपने संयुक्त परिवार को सुचारू रूप से चला रहे थे. लेकिन अचानक उनके पड़ोस में ग्लैमरस जिन्दगी जीने वाली शशिकला आ जाती है. उसकी चमकदमक वाली, अमीरी के लटके झटके वाली जिन्दगी देखकर पृथ्वीराज कपूर की तीनों बहुएं उल्टे सीधे खर्च करके उस पर अपना प्रभाव जमाने में जुट जाती हैं. इससे घर की आर्थिक स्थिति डांवाडोल होने लगती है. बहुओं का रंग बेटों पर भी चढ़ जाता है और वे भी हीरोइन को आकर्षित करने के लिए पैसे उड़ाने लगते हैं. यानी आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया. पृथ्वीराज कपूर ट्रिक खेलकर बहुओं और बेटों को सही राह पर लाते हैं.

**सबक**

**तेते पांव पसारिए, जेती लंबी सौर. दूसरों को प्रभावित करने के लिए अपनी जिन्दगी बर्बाद न करें.**

## बदमाश कंपनी 2010- मेहनत की कमाई सोचकर निवेश करें

अकसर दुष्ट और ठग प्रवृत्ति के लोग सीधेसादे निवेशकों या कम जानकारी रखने वाले लालची निवेशकों का गलत लाभ उठाते हैं. वे हाई रिटर्न के लालच से लुभाकर पोंजी स्कीम में पैसा लगवा देते हैं . ये ठग कहीं आपका पैसा लगाते नहीं बल्कि एक निवेशक से पैसा लेकर दूसरे को चुकाते रहते हैं. अंत में एक दिन ये बड़ी रकम मारकर फरार हो जाते हैं. इस फिल्म में यही दिखाया गया है.

**सबक**

**लालच में न फंसे. सावधान रहें और अपनी मेहनत की कमाई को निवेश करने में किसी अनुभवी और कुशल वित्तीय सलाहकार की मदद लें.**

## मम्माज गर्ल हैं हिमांशी खुराना

कई पंजाबी फिल्मों, म्यूजिक ऐल्बम और टीवी सीरियल में काम कर चुकी हिमांशी खुराना मूल रूप से पंजाब के कीरतपुर साहिब की रहने वाली हैं. उन्हें बड़ी पहचान मिली थी पंजाबी फिल्म साड्डा हक से. इसमें बतौर ऐक्ट्रेस उन्होंने काम किया था. 27 नवंबर को हिमांशी का जन्मदिन है. आइए, इस मौके पर जाने उनसे जुड़ी खास बातें..

### लव यू मम्मा

हिमांशी खुराना दुनिया में सबसे अधिक किसी से प्यार करती हैं तो वह उनकी मां सुनीत कौर हैं . उनकी की जिंदगी पर सबसे ज्यादा प्रभाव भी उनकी मां का ही है . वह हमेशा अपनी मां सुनीत कौर से प्रेरणा लेती रहती हैं . हिमांशी खुराना अपनी मां को कितना प्यार करती हैं इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उन्होंने अपनी बाईं कलाई टैटू बनवा रखा है जिस पर लिखा है लव मम्मा .

### फैमिली परफेक्ट

परिवार में मां के अलावा पिता और दो छोटे भाई हैं . छोटे भाइयों का नाम है हितेश खुराना और अपरम दीप . दोनों भाई हिमांशी को बहुत प्यार करते हैं . हिमांशी के पिता का नाम कुलदीप खुराना है . वह सरकारी मुलाजिम हैं . शुरू में उनके पिता चाहते थे कि हिमांशी नर्स बनें, लेकिन तकदीर ने उन्हें ऐक्ट्रेस बना दिया . हिमांशी ने 12वीं की पढ़ाई लुधियाना के बीसीएम स्कूल से की है . इसके बाद उन्होंने एयर होस्टेस की ट्रेनिंग ली .

### किताबें पढ़ने की शौकीन

5 फीट 5 इंच की हिमांशी खुराना करीब 55 किलोग्राम की हैं . हिमांशी की हॉबी में किताबें पढ़ने, डांस करना व फिल्में देखना शामिल है .

### 16 साल की उम्र में शुरू की मॉडलिंग

हिमांशी जब 11वीं क्लास में पढ़ रही थीं तो उनके एक रिश्तेदार ने कहा कि तुम्हें मॉडलिंग में जाना चाहिए, क्योंकि तुम्हारा चेहरा बेहद प्यारा है . उन्होंने 16 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू कर दी . 2009 में हिमांशी ने मिस लुधियाना का खिताब जीता . 2010 में हिमांशी मिस नॉर्थ जोन की विजेता रहीं . बड़े करियर की चाह में वह पंजाब से दिल्ली आ गईं . हिमांशी ने पेप्सी, नेस्ले, गीतांजलि जूलर्स, बिग बाजार, किंगफिशर जैसे कई बड़े ब्रैंडों में काम किया . उनकी पहली पंजाबी फिल्म थी जीत लेंगे जहां .



### साल के आखिरी महीने में आ रही ये फिल्में

# सिनेमाहॉल की खिड़की बनेगी रणभूमि

**डंकी और सालार ही नहीं, साल के आखिरी महीने में कई फिल्में एक दूसरे को शिकस्त देने के लिए रिलीज हो रही हैं. जी हां, दिसंबर 2023 ऐसा महीना है, जब सिनेमा हॉल की खिड़की रणभूमि की तरह नजर आएगी. बड़े स्टार वाली और बड़े बैनर तले कई फिल्में ताबड़तोड़ रिलीज होंगी. यह देखना दिलचस्प होगी कि पलड़ा किसका भाड़ी रहेगा. आइए, इस महीने रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों पर डालें एक नजर**

### एनिमल




**रिलीज़ डेट: 01 दिसम्बर 2023**

**स्टार**

**रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, परिणीति चोपड़ा आदि .**

दिसम्बर महीने की पहली सबसे बड़ी रिलीज़ फिल्म एनिमल है. इसके डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा हैं. इनका काम बॉलीवुड में बोलता है. फिर एक पर एक बड़े एक्टर्स का जलवा. रणबीर कपूर के अपने करियर को इस फिल्म के किरदार से एक नई दिशा मिलेगी, ऐसा फिल्मी दिग्गजों का कहना है. यहां उन्होंने एक ऐसे बेटे का किरदार निभाया है जो सपने में भी पिता से थर्राए.

### सैम बहादुर





**रिलीज़ डेट: 01 दिसम्बर 2023**

**स्टार**

**विक्की कौशल, फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा .**

मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विक्की कौशल भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ के किरदार को निभाएगें. यह फिल्म 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को पराजित कर उसके 90 हजार से अधिक सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर देने वाले महानायक, स्वतंत्र भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ के शौर्य, पराक्रम, बलिदान और योगदान को दिखाया जाएगा.

### योद्धा




**रिलीज़ डेट: 08 दिसम्बर 2023**

**स्टार**

**सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी .**

करण जौहर के बैनर धर्मा के तले बनी 'योद्धा' फिल्म की रिलीज डेट कई बार चेंज हुई और अब इसे 08 दिसम्बर कर दिया गया. बताया जा रहा है कि ये एक एयरप्लेन हाइजैक की कहानी होगी. उसी फ्लाइट में एक फौजी भी मौजूद है, जिसका रोल सिद्धार्थ मल्होत्रा ने किया है.

### मैरी क्रिसमस




**रिलीज़ डेट: 08 दिसम्बर 2023**

**स्टार**

**कटरीना कैफ, विजय सेतुपति, संजय कपूर, विनय पाठक, प्रतिमा खन्ना और टीनू आनंद .**

श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अभिनेत्री कटरीना कैफ और विजय सेतुपति लीड रोल में नजर आयेंगें. इस फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी और संजय रॉउत्रे हैं. 'मैरी क्रिसमस' को हिंदी और तमिल में साथ-साथ बनाया गया है. बताया जा रहा है कि दोनों के क्लाइमैक्स में भी बदलाव किया गया है.

### कैप्टन मिलर




**रिलीज़ डेट: 15 दिसम्बर 2023**

**स्टार**

**धनुष, शिवराज कुमार, नासिर .**

फिल्म की कहानी 1930 के दशक में सेट है. अंग्रेज़ 'कैप्टन मिलर' नाम के एक डकैत को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं. मिलर के सिर पर भारी-भरकम ईनाम है. फिल्म के टीज़र में भरपूर गोलीबारी है, खून से सनी कुल्हाड़ी है, कुल मिलाकर आउट एंड आउट एक्शन है.

### डंकी




**रिलीज़ डेट: 22 दिसम्बर 2023**

**स्टार**

**शाहरुख खान, तापसी पन्नू, बोमन ईरानी, सतीश शाह, दीया मिर्जा और विक्की कौशल .**

यह विदेशों में अवैध घुसपैठ के लिए 'डंकी रूट' के इस्तेमाल पर आधारित फिल्म है. डंकी रूट एक पंजाबी कहावत से प्रेरित है जिसका मतलब है एक से दूसरी जगह मंडराना. ये फिल्म उन लोगों की कहानी बताएगी, जो बेहतर ज़िंदगी की तलाश में अवैध ढंग से अमेरिका और कैनडा जैसे देशों में जाते हैं.

### सलार : पार्ट 1- सीज़फायर



**रिलीज़ डेट: 22 दिसम्बर 2023**

**स्टार**

**प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू.**

सालार एक आगामी बॉलीवुड एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन प्रशांत नील द्वारा किया जा रहा है. फिल्म में साउथ अभिनेता और बाहुबली फेम प्रभास एक्शन करते आएंगे. ये फिल्म में तमिल भाषा के अलावा हिंदी में भी रिलीज़ होगी.

### युवा



**रिलीज़ डेट: 22 दिसम्बर 2023**

फिल्म का निर्देशन युवरत्न फेम संतोष आनंदराम ने किया है. सिनेमैटोग्राफर के रूप में सिरिशा कुडुवल्ली को चुना गया है और कंतारा फेम संगीतकार बी अजनीश लोकनाथ संगीतकार हैं. बीते मार्च में ही अनाउंस कर दिया गया था कि युवा राजकुमार की फिल्म 22 दिसम्बर को सिनेमाघरों में उतरेगी. बेसिकली एक हीरो, सैंकड़ों विलन, हवा-हवाई एक्शन और खून-खराबा वाला फॉर्मूला अपनाया गया है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# आत्या-पात्या में भाग लेने के लिए झारखंड टीम तमिलनाडु रवाना

संवाददाता । रांची

36वीं सीनियर राष्ट्रीय आत्या-पात्या प्रतियोगिता में भाग लेने के झारखंड टीम शुक्रवार को तमिलनाडु रवाना हुई. प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 नवंबर तक जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम चेन्नई में आयोजित होगी. प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए झारखंड राज्य आत्या-पात्या संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, महासचिव अजय झा, विवेक कुमार, शुभम सिंह, आशुतोष द्विवेदी, दिव्या कुमारी गुप्ता, अखिलेश्वर उपाध्याय ने संयुक्त रूप से टीम के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी.



**महिला टीम**

1. सौम्या सेजल वर्मा (कप्तान)
2. क्रिस्टीना सुलेखा होरो (उपकप्तान)
3. अंजनी उरांव
4. रैना कुमारी
5. प्रीती रानी
6. सबीता लकड़ा
7. रोशनी भेंगरा
8. उपमा प्रधान
9. खुशबू रश्मि गुड़िया
10. आरती लकड़ा
11. सुचिता कच्छप
12. अनिता उरांव

प्रशिक्षकः- प्रिया सुष्मिता गुड़िया
टीम प्रबंधक :- कुआंरी उरांव

**पुरुष टीम**

1. शिव कुमार महतो (कप्तान)
2. सागर उरांव (उपकप्तान)
3. सुरेश कुमार महतो
4. जीतलाल सोरेन
5. ईश्वर चंद हांसदा
6. पिंटू कुमार
7. सृजन मांजी
8. साइमन सोरेन
9. तेजन कुमार यादव
10. सुरेन्द्र यादव
11. शुभम कुमार
12. विष्णु साहु

प्रशिक्षकः- निखिल कुमार
टीम प्रबंधकः- करण लोहरा
तकनीकी अधिकारीः- सूरज पासवान

## ब्रीफ खबरें

### अगले महीने शुरू होगी एआईएफएफ युवा लीग

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को कहा कि वह दिसंबर के दूसरे हफ्ते में अपनी महत्वाकांक्षी लीग की शुरुआत करेगा जिसमें सबसे पहले अंडर-17 वर्ग में प्रतियोगिता की शुरुआत होगी. खेल में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एआईएफएफ ने कहा कि वह आयु धोखाधड़ी से निपटने की रणनीति के तौर पर अंडर-13 और अंडर-15 युवा लीग में 'टीडब्ल्यू-3' परीक्षण कराएगा.

### आपस में भिड़ सकते हैं इजराइल और यूक्रेन

**नियोन (स्विट्जरलैंड)।** वर्तमान में युद्ध लड़ रहे दो देश इजरायल और यूक्रेन अगले साल की यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए एक-दूसरे से भिड़ सकते हैं. गुरुवार के प्ले ऑफ ड्रॉ के अनुसार दोनों राष्ट्रीय टीम को एक ही क्वालीफाइंग पथ पर रखा गया है और मार्च में संभावित निर्णायक मुकाबला होगा. प्ले ऑफ सेमीफाइनल में इजराइल को आइसलैंड से भिड़ना है जबकि यूक्रेन का सामना बोस्निया-हर्जेगोविना से होगा. प्ले ऑफ में जगह बनाने वाली 12 टीमें 21 मार्च को छह सेमीफाइनल मैच खेलेंगी.

### सर्बिया और इटली डेविस कप सेमीफाइनल में

**मलागा (स्पेन)।** नोवाक जोकोविच गुरुवार को यहां लगातार 21वीं एकल जीत के साथ डेविस कप टेनिस इतिहास के सबसे सफल सर्बियाई खिलाड़ी बने जिससे उनकी टीम ने तीन साल में दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई. दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने कैमरन नोरी को 6-4, 6-4 से हराकर सर्बिया को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 2-0 की जीत दिलाई. सर्बिया का मुकाबला इस शीर्ष पुरुष टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में सोमवार को इटली से होगा.

### सुमित और मुकुंद का पाक जाने से इनकार

**नयी दिल्ली।** भारत के दो शीर्ष एकल खिलाड़ियों सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) को बता दिया है कि वह आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे, जिससे नाराज राष्ट्रीय संघ ने खिलाड़ियों के इस रवैये पर अपनी अगली कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा करने का फैसला किया है. नागल भारत के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं. उनकी विश्व रैंकिंग 141 है जबकि मुकुंद 477 विश्व रैंकिंग के साथ भारतीय खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर काबिज हैं.

### दानी के लिए नौ साल की सजा की मांग की

**मैड्रिड।** स्पेन की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि पिछले साल एक महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी दानी अल्वेस के लिए अभियोजन पक्ष के वकीलों ने नौ साल की जेल की सजा की मांग की है. अल्वेस को 30 दिसंबर को बार्सीलोना के एक नाइट क्लब में महिला के साथ दुराचार करने के आरोप में मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है. उन्हें अगस्त में इस मामले में दोषी ठहराया गया था और अदालत ने कहा था कि उनके खिलाफ मुकदमा शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत है.

### महिला प्रीमियर लीग की नीलामी नौ दिसंबर को

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को घोषणा की कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2024 चरण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी नौ दिसंबर को मुंबई में होगी. डब्ल्यूपीएल का दूसरा चरण अगले साल फरवरी-मार्च में हो सकता है. मुंबई इंडियंस गत चैम्पियन है जिसने हरमनप्रीत कौर की अगुआई में इस साल के शुरू में 26 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराकर खिताब जीता था. पांच फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स ने नीलामी से पहले 60 क्रिकेटरों को बरकरार रखा है, जिनमें 21 विदेशी खिलाड़ी हैं.

## टी-20 सीरीज : किशन ने काफी मदद की: सूर्यकुमार यादव

# सिर्फ बेखौफ क्रिकेट खेला

एजेंसी । विशाखापत्तनम

सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी आक्रामक पारी को 'बेखौफ' करार दिया और मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि उन्हें कप्तानी में पदार्पण करते हुए देश को जीत दिलाने पर गर्व है. सूर्यकुमार ने 42 गेंद में 80 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन के साथ तीसरे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी भी की जिससे भारत ने गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक गेंद शेष रहते दो विकेट से जीत दर्ज की. सूर्यकुमार विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की छह विकेट की हार के दौरान सिर्फ 18 रन बना पाए थे. चोट के कारण हार्दिक पंड्या की गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई कर रहे सूर्यकुमार हालांकि अपने पसंदीदा प्रारूप में एक बार फिर शानदार लय में दिखे.

**चार छक्के और नौ चौके मारे :** सूर्यकुमार ने अपनी पारी में चार छक्के और नौ चौके मारे. एक शब्द में अपने खेल का जिक्र करने के लिए कहने पर सूर्यकुमार ने इसे 'बेखौफ' करार दिया. कप्तान ने इशान किशन की भी तारीफ की जिन्होंने 39 गेंद में 58 रन की पारी खेलकर उनका अच्छा साथ निभाया और जीत के लिए शानदार मंच तैयार किया. लक्ष्य का पीछा करते हुए 190.47 के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले सूर्यकुमार ने कहा कि मुझे लगता है कि उसने (किशन) मेरी काफी मदद की.



**काफी धैर्य के साथ खेला**

सूर्यकुमार ने 'बीसीसीआई' से कहा कि मुझे लगता है कि वह काफी धैर्य के साथ खेला, यह हालांकि काफी दबाव वाली स्थिति थी. जब वह बल्लेबाजी के लिए आया तो काफी शांतचित्त था और उसने जो जज्बा दिखाया मुझे लगता है कि वह शानदार था. यह पूछने पर कि क्या ऑस्ट्रेलिया के 200 रन से अधिक के स्कोर को देखने के बाद ड्रेसिंग रूम में तनाव था, कप्तान ने कहा, ''थोड़ा बहुत. ड्रेसिंग रूम में इतना अनुभव नहीं है लेकिन सभी लड़के रोमांचित थे.'' उन्होंने कहा, ''जब उन्होंने स्कोर देखा तो सिर्फ इतना कहा कि अगर हम जीते तो काफी मजा आएगा. सूर्यकुमार ने कहा कि देश की अगुआई करने के लिए गौरवांवित महसूस कर रहा हूं और कप्तान के रूप में अपने पहले ही मैच में योगदान देकर खुश हूं. अगले मैच को लेकर उत्सुक हूं.

### ओडोनेल वार्नर को विदाई पसंदीदा स्थल पर मिले

भाषा। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन ओडोनेल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को विदाई टेस्ट देने के पक्ष में नहीं हैं और उन्होंने कहा कि किसी को भी अपनी पसंद के स्थल और तारीख को चुनने का अधिकार नहीं होना चाहिए. सैंतीस साल के वार्नर ने इस साल की शुरुआत में संकेत दिया था कि वह अपने टेस्ट करियर का अंत अगले साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर करना चाहते हैं. सभी प्रारूपों में खेलने वाला यह क्रिकेटर सफेद गेंद के प्रारूपों में खेलना जारी रखेगा लेकिन उन्होंने 14 दिसंबर से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही तीन टेस्ट की श्रृंखला के साथ लंबे प्रारूप को अलविदा कहने की योजना बनाई है. इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम टेस्ट जनवरी में सिडनी में होगा. ओडोनेल ने शुक्रवार को 'सेन रेडियो' पर कहा, ''मुझे विदाई दौरे पसंद नहीं है. मुझे लगता है कि आपको ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलने के लिए आमंत्रित किया जाता है और यह सम्मान की बात है. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि किसी को यह कहने का अधिकार है कि मैं इस साल 30 जून के बाद नहीं खेलूंगा. ओडोनेल से पूछा गया कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को इस साल की शुरुआत में एशेज श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जाना चाहिए या सफेद गेंद के प्रारूप में उनके प्रदर्शन के आधार पर, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए.

### फाइनल में पैट कमिंस का गेंद से सर्वश्रेष्ठ दिन रहा : लाबुशेन



**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल के दौरान पैट कमिंस ने जिस तरह की गेंदबाजी की, वैसी गेंदबाजी करते हुए उन्होंने कभी किसी को नहीं देखा. आस्ट्रेलिया ने फाइनल में छह विकेट की जीत से रिकॉर्ड छठा खिताब अपने नाम किया था. कमिंस ने 10 ओवर में दो विकेट झटके जिसमें उनका इकोनॉमी रेट सर्वश्रेष्ठ रहा. उन्होंने विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के विकेट लिये जिससे भारतीय टीम 240 रन पर सिमट गयी. लाबुशेन ने 'सेन रेडियो' से कहा कि मुझे लगता है कि गेंद से वह दिन निश्चित रूप से पैट का सर्वश्रेष्ठ दिन रहा. उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी ऐसे गेंदबाजी करते हुए किसी को नहीं देखा जैसे कमिंस ने की, उन्होंने सही समय पर सही गेंद फेंकी. मैंने ऐसा मध्य ओवर के गेंदबाज से कभी नहीं देखा, विशेषकर एक तेज गेंदबाज से. इसलिये काफी श्रेय उन्हें जाता है. लाबुशेन ने फाइनल में नाबाद अर्धशतक बनाया था. उन्होंने कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड की रणनीति बनाने की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम विश्लेषक ने योजना बनाकर भारत को दबाव में ला दिया.

## आओ जानें

### टी- 20 वर्ल्ड कप 2022 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टॉप 10 गेंदबाज

| गेंदबाज | मैच | विकेट | इकॉ. पारी में 4/5 विकेट | सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन |
|---|---|---|---|---|
| वानिन्दु हसरंगा (श्रीलंका) | 8 | 15 | 6.41 0/0 | 3/8 |
| सैम करन (इंग्लैंड) | 6 | 13 | 6.52 0/1 | 5/10 |
| बास डी लीड (नीदरलैंड्स) | 8 | 13 | 7.68 0/0 | 3/19 |
| ब्लेसिंग मुज़राबानी (ज़िम्बाब्वे) | 8 | 12 | 7.65 0/0 | 3/23 |
| एनरिक नॉर्टजे (दक्षिण अफ्रीका) | 5 | 11 | 5.37 2/0 | 4/10 |
| शाहीन अफरीदी (पाकिस्तान) | 7 | 11 | 6.15 1/0 | 4/22 |
| शादाब खान (पाकिस्तान) | 7 | 11 | 6.34 0/0 | 3/22 |
| जोशुआ लिटिल (आयरलैंड) | 7 | 11 | 7.00 0/0 | 3/22 |
| पॉल वैन मीकरन (नीदरलैंड्स) | 8 | 11 | 6.38 0/0 | 3/29 |
| अर्शदीप सिंह (भारत) | 6 | 10 | 7.80 0/0 | 3/32 |

## फील्ड अपडेट

### राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप का शुभारंभ



**रांची।** 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर और सीनियर थांग-टा चैंपियनशिप का आगाज शुक्रवार को रांची के खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में हुआ. डिविजनल फारेस्ट ऑफिसर उमेश साहनी और कैराली स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने चैंपियनशिप का उद्घाटन किया. इस दौरान झारखंड ओलंपिक संघ और थांग-टा संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे. थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में झारखंड थांग-टा संघ यह तीन दिनवसीय प्रतियोगिता आयोजित कर रही है. इस प्रतियोगिता में मेजबान झारखंड के 40 खिलाड़ियों के साथ असम, मणिपुर, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, त्रिपुरा और देश के अन्य हिस्सों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं.

### मुक्केबाजी में चुनौती पेश करेंगे थापा व पंघाल


**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियनशिप के छह बार के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) और 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) उन शीर्ष मुक्केबाजों में शामिल हैं जो शिलांग में 25 नवंबर से एक दिसंबर तक होने वाली सातवीं पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगे. पिछले सत्र में स्वर्ण पदक जीतने वाले असम के थापा अपने इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे जबकि सेना का प्रतिनिधित्व करने वाले पंघाल की नजरें भी स्वर्ण पदक पर होंगी. तोक्यो ओलंपियन आशीष कुमार (80 किग्रा), 2021 के एशियाई चैंपियन संजीत (92 किग्रा), 2021 के युवा विश्व चैंपियन सचिन (57 किग्रा), तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले सतीश (92 किग्रा से अधिक) और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर (92 किग्रा) जैसे बड़े नाम भी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगे.

### खामियों की पहचान कर सुधारा: लाकड़ा

**बेंगलुरु।** भारतीय रक्षापंक्ति के खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा ने शुक्रवार को कहा कि टीम ने कुआलालंपुर में आगामी एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) जूनियर हॉकी विश्व कप से पहले सभी खामियों की पहचान कर उसमें सुधार किया है. इस टूर्नामेंट का आयोजन पांच से 16 दिसंबर तक होगा, जिसमें भारत शुरुआती दिन पूल सी मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा. लाकड़ा ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा कि टीम का तैयारी शिविर शानदार रहा. हमने अपनी सभी खामियों की पहचान की और अपने खेल के सभी पहलुओं में सुधार करने के लिए कड़ा अभ्यास किया है. इस युवा खिलाड़ी ने कहा, हमारे में से हर खिलाड़ी ने बहुत कड़ी मेहनत की है और शिविर में सबने अच्छे से एक-दूसरे का सहयोग किया.

## सात्विक- चिराग की जोड़ी चीन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**शेनजेन।** एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरूष जोड़ी ने चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डेनियल मार्टिन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया. शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय युगल जोड़ी ने विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16 21-14 से हराया. इस साल इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500 और स्विस सुपर 300 जीतने वाले सात्विक और चिराग के सामने अंतिम चार में चीन की जोड़ी की चुनौती होगी. चीन की



दो जोड़ियों के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हे जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त लियू यू चेन और ओयू जुवान यी से भिड़ेगी. विश्व रैंकिंग की पूर्व शीर्ष भारतीय जोड़ी ने अपने खेल में शानदार समन्वय दिखाया.

## राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप, आयोजन समिति का गठन

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर मुख्य संरक्षक और सांसद विजय हांसदा चेयरमैन बनाए गए

संवाददाता । रांची

भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं झारखंड साइकलिंग संघ के द्वारा 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सिदो कान्हु वेलोड्रम में 75 वीं सीनियर, 52 वीं जूनियर , 38 वीं सब जूनियर महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. झारखंड साइकिलिंग संघ द्वारा ऑर्गेनाइजिंग कमेटी बनाई गई है. जिसमें मंत्री मिथिलेश ठाकुर को मुख्य संरक्षक और सांसद विजय हांसदा को चेयरमैन बनाया गया है.

**पदाधिकारी की सूची**

- **मुख्य संरक्षक**– मिथलेश कुमार ठाकुर (मंत्री पेय जल एवं स्वच्छता विभाग)
- **चेयरमैन** – विजय हांसदा (लोक सभा सांसद)
- **वाइस चेयरमैन**– डॉ मधुकांत पाठक
- **वाइस प्रेसिडेंट** – राज महेस्वरम (उपसचिव, पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग), अम्लाम कुशुम सिन्हा, अजय मुकुल टोप्पो, सुरेश कुमार, सुरजीत कुमार, विरेन्द्र कुमार, सी डी सिंह, एस के पांडेय, ब्रजेश सिंह (मुन्ना), चंदन तिवारी
- **आयोजन सचिव**– शैलेंद्र कुमार पाठक
- **कोषाध्यक्ष** – रणवीर सिंह
- **सदस्य** – दिवाकर सिंह, राजेश कुमार यादव, दिलीप गुप्ता, जितेंद्र महतो, दीपक हेमब्रम, शशि कांत पांडेय, ओम प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार, सोमित्रों बोराल, सतविंदर कौर, अनीता कुमारी, गुलाची बांद्रा, राहुल प्रकाश, सलिल कुमार, चंद्र बहादुर सिंह हैं.

## सम्मान 22 वीं एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड का शानदार प्रदर्शन

# पदक विजेताओं को विधायक ने किया सम्मानित

संवाददाता । रांची

फिलीपींस में संपन्न 22 वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पदक विजेताओं शुक्रवार को हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने सम्मानित किया.यह प्रतियोगित 8-12 नवंबर तक फिलीपींस में आयोजित हुई. इस प्रतियोगिता में झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के आठ खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था. उनमें से झारखंड के तीन खिलाड़ी पदक जीत के आए हैं. इसमें राजकुमार वाल्मीकि ने गोला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक, प्रभा लकड़ा ने ऊंची कूद में रजत पदक और अशोक कुमार महतो ने पोल वॉल्ट में कांस्य पदक जीता है. नवीन जायसवाल ने खिलाड़ियों और संगठन के पदाधिकारी को आश्वासन दिया कि जब भी झारखंड मास्टर्स एथलेटिक्स परिवार जरूरत होगी वह सदैव उपस्थित रहेंगे.

हटिया विधानसभा के आजसू पार्टी के प्रभारी भारत काशी साहू ने भी भारतीय टीम के प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाड़ियों का अपने आवास पर सम्मानित किया. इस मौके पर झारखंड मास्टर एथलेटिक्स संगठन के सचिव लक्ष्मण राम, विपिन कुमार सिंह, संजय चक्रवर्ती, बाबू देव, चंदन साहू, राजू मुंडा समेत एसोसिएशन के मेंबर मौजूद थे.




# रायवल क्लब गुवा सेमीफाइनल में पहुंचा

खेल संवाददाता। चाईबासा

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत शुक्रवार को खेले गए चौथे एवं अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच में रायवल क्लब गुवा ने नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ा जामदा को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से पराजित कर सेमीफाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया. बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए चौथे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एनसीसी जामदा की टीम 22.5 ओवर मात्र 131 रन बनाकर आल आउट हो गई. अर्जुन कुमार ने पांच चौकों की मदद से 32 रन, प्रवीण साहनी ने 26, मनोज कुमार ने 22 तथा शांतनु मुखर्जी ने 19 रन बनाए. रायवल क्लब गुवा की ओर से रतिकांत महंता ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 20 रन देकर छह बल्लेबाजों को चलता किया. गणेश दास को दो तथा पियुष सिंह को एक सफलता हाथ लगी. जीत के लिए निर्धारित 30 ओवर में 132 रनों का पीछा करने उतरी रायवल क्लब की टीम ने लक्ष्य को 21.4 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर ही प्राप्त कर लिया. इस टीम की ओर से ललित तांती ने छह चौकों एवं तीन छक्कों की सहायता से 60 रन बनाए . निकेत सिंह ने सात चौकों की मदद से 36 रन तथा सौरभ कुमार ने 20 नाबाद रन बनाए. नेशनल क्रिकेट क्लब की ओर से शमशेर अली, आयुष आर्या एवं मुस्तफा अंसारी ने एक-एक विकेट अपने नाम किए.



26 नबंवर को पहले सेमीफाईनल मैच में प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा का मुकाबला स्टूडेंट क्लब चाईबासा से होगा.



प्रशिक्षु अधिकारियों का अभिवादन करतीं राष्ट्रपति मुर्मू

# आम लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान करें : राष्ट्रपति

**भाषा। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि आम लोगों के लिए लाभकारी नए उपाय अपनाने के अलावा उनकी शिकायतों पर तुरंत प्रतिक्रिया देना लोकसेवकों का कर्तव्य है. मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात करने आए प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं पर जनता की प्रतिक्रिया अब एक कुशल और जवाबदेह प्रशासन के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है. उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब लोग सोशल मीडिया पर अपनी शिकायतें तुरंत पोस्ट कर सकते हैं, लोगों तक सेवा प्रदायगी के लिए अद्यतन तरीकों और उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की आवश्यकता कई गुना बढ़ गई है. मुर्मू ने कहा कि ऊर्जावान और जागरूक लोकसेवकों के रूप में, आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देना आपका कर्तव्य है. आपको ऐसे नवीन उपाय करने चाहिए जो अल्पकालिक और दीर्घकालिक रूप से नागरिकों और देश के लिए फायदेमंद हों. प्रशिक्षु अधिकारी गुरुग्राम में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान में सुशासन पर केंद्रित 98वां विशेष फाउंडेशन पाठ्यक्रम कर रहे हैं. इन दिनों सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जनता की प्रतिक्रिया एक कुशल और जवाबदेह प्रशासन के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है.

## आओ जानें

## ब्रिक्स सदस्यता (जीडीपी)

| | |
|---|---|
| ब्राज़ील : | $2.08 ट्रिलियन |
| रूस : | $2.06 ट्रिलियन |
| भारत : | $3.74 ट्रिलियन |
| चीन : | $19.37 ट्रिलियन |
| दक्षिण अफ्रीका : | $399 बिलियन |
| **1 जनवरी, 2024 से ब्रिक्स में शामिल होंगे ये देश** | |
| अर्जेंटीना : | $641 बिलियन |
| मिस्र : | $387 बिलियन |
| इथियोपिया : | $156 बिलियन |
| ईरान : | $367 बिलियन |
| सऊदी अरब : | $1.06 ट्रिलियन |
| यूएई : | $499 बिलियन |
| **कुल :** | $30.76 ट्रिलियन (वैश्विक अर्थव्यवस्था का 30%) |



रेशम उत्पादन कार्यशाला में कार्य करती कर्मचारी

# ओडिशा ने रेशम उत्पादन के लिए अपनाई 'करुणा' पद्धति

**भाषा। भुवनेश्वर**

ओडिशा में पारंपरिक 'पट्टा' साड़ियां बनाने के लिए रेशम के कीड़ों को मारे बिना रेशम निकालने की एक नई विधि अपनाई गई है. हथकरघा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि नए रेशम का नाम 'करुणा सिल्क' रखा गया है, क्योंकि इस प्रक्रिया में रेशम के कीड़ों को नहीं मारकर उनके साथ करुणा दिखाई जाती है.

एक सामान्य शहतूती रेशम साड़ी 10 से 20 हजार रेशम कीड़ों को मारकर बनाई जाती है तथा एक तसर रेशम की साड़ी बनाने में पांच हजार से सात हजार रेशम के कीड़ों को मारा जाता है. हथकरघा, कपड़ा और हस्तशिल्प विभाग के निदेशक शोवन कृष्ण साहू ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नवीन पटनायक हमेशा अहिंसा के विचार को बढ़ावा देते हैं और चाहते हैं कि सभी उत्पादन प्रक्रियाओं में इसका पालन हो. इसलिए हम 'फिलामेंट सिल्क' की पारंपरिक पद्धति को छोड़कर 'करुणा सिल्क' को बढ़ावा देना चाहते हैं. साहू ने कहा कि रेशम के कीड़ों को बचाने की ओडिशा की नई पहल नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट है : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में पांच सैन्य कर्मियों की शहादत पर दुख जताते हुए शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत एकजुट है और मजबूती से खड़ा है. राजौरी जिले के बाजीमल इलाके में बुधवार और बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ 36 घंटे तक चली मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गये.

### बम की चपेट में आये दो मजदूरों, मौत

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में प्रेशर बम की चपेट में आकर लौह अयस्क खदान में कार्यरत दो मजदूरों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमदई लौह अयस्क खदान क्षेत्र में प्रेशर बम की चपेट में आने से मजदूर रितेश गागड़ा (21) व श्रवण (24) की मौत हो गई तथा उमेश राणा घायल हो गया.

### दारोगा ने फांसी लगा कर कर ली आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में एक उपनिरीक्षक ने अपने सरकारी आवास पर फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली. एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना परौर में तैनात उपनिरीक्षक वरुण कुमार ने गुरुवार की रात थाना परिसर में बने अपने सरकारी आवास में पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली. उन्होंने बताया कि आज सुबह जब वह ड्यूटी पर नहीं आए तब सहकर्मियों ने आवास पर जाकर देखा तो घटना का पता चला.

### सड़क दुर्घटना में चार की मौत, कई घायल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सिरसा में एक गांव के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए. ये सभी पंजाब से राजस्थान में स्थित एक मंदिर जा रहे थे. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. नाथूसरी चौपटा के थाना प्रभारी ईश्वर ने बताया कि घटना गुरुवार शाम को हुई जब ट्रैक्टर ट्रॉली का हुक वाहन से निकल गया.

### दिल्ली की हवा फिर से 'गंभीर' श्रेणी में

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तापमान में गिरावट तथा रात के वक्त हवा की गति मंद रहने से प्रदूषकों के एकत्रित होने के कारण शुक्रवार सुबह वायु गुणवत्ता फिर से 'गंभीर' की श्रेणी में पहुंच गई. रविवार को मामूली सुधार के बाद दिल्ली में एक्यूआई के स्तर में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. शुक्रवार सुबह आठ बजे एक्यूआई 401 दर्ज किया गया. 24 घंटे का औसत एक्यूआई प्रतिदिन शाम चार बजे दर्ज किया जाता है.

### पश्चिम एशिया में फिल्म उत्सवों का आयोजन

**मराकेश।** इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध और इलाके में व्याप्त तनाव के बीच पश्चिम एशिया में फिल्म उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है. गाजा में युद्ध के बावजूद मराकेश अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. वहीं अगले सप्ताह सऊदी अरब रेड सी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा. मोरक्को के राजकुमार मौले राचिड ने मराकेश को शांति का गढ़ बताया है जो लोगों को करीब लाता है. फिल्म उत्सव की शुरुआत शुक्रवार को लिंकलैटर की एक्शन-कॉमेडी 'हिटमैन' के साथ हुई.

## ऑगर मशीन से ड्रिलिंग कर मलबे के बीच में पाइप डालने का काम फिर शुरू

# सुरंग में फंसे मजदूर अबतक सुरक्षित

**भाषा। उत्तरकाशी**

उत्तराखंड में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में बचाव अभियान के दौरान आई बाधा को दूर कर लिया गया है. मलबे में फिर से ड्रिलिंग का काम शुरू कर दिया गया है ताकि पिछले 12 दिन से अंदर फंसे श्रमिकों को बाहर निकाला जा सके. एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार देर रात ऑगर मशीन के नीचे बने प्लेटफार्म में दिख रही दरारों को ठीक कर लिया गया है. प्रधानमंत्री कार्यालय के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने सिलक्यारा में संवाददाताओं को बताया कि मशीन के प्लेटफार्म को ठीक कर लिया गया है और ऑगर से ड्रिलिंग कर मलबे के बीच में पाइप डालने का काम शुरू हो गया है. उन्होंने कहा कि हमें अभी 12-14 मीटर और जाना है. मुझे उम्मीद है कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो शुक्रवार शाम तक अभियान समाप्त हो सकता है.

**दरार के बाद ड्रिलिंग रोकी गई थी :** मशीन के प्लेटफॉर्म में दरारें दिखाई देने के बाद ड्रिलिंग रोक दी गई थी. ग्राउंड पेनीट्रेटिंग रडार द्वारा स्कैन आंकड़ों का हवाला देते हुए खुल्बे ने कहा कि मलबे को 46 मीटर तक भेदा जा चुका है और इसके आगे पांच मीटर तक धातु की कोई अड़चन नहीं है. उन्होंने बताया कि मलबे में डाले गए पाइप के करीब दो मीटर के हिस्से को काटना पड़ा क्योंकि ड्रिलिंग के दौरान आगर मशीन के सामने अवरोध आने के कारण हुए घर्षण की वजह से यह मुड़ गया था. खुल्बे ने कहा कि पाइप को काटे जाने के बाद अब मलबे को भेदी गयी लंबाई कम होकर 46 मीटर रह गयी है.



श्रमिकों के लिए रास्ता तैयार करने के लिए ड्रिलिंग के दौरान सुरक्षाकर्मी और अन्य लोग.

### खास बातें

- मलबे को 46 मीटर तक भेदा जा चुका है
- मलबे में पाइप डालने का काम शुरू

### सुरंग में कैसे फंसे 41 मजदूर?

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रही सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था, जिससे उसमें काम कर रहे 41 श्रमिक फंस गए थे. उन्हें बाहर निकालने के लिए कई एजेंसियां युद्धस्तर पर बचाव एवं राहत अभियान में लगी हुई हैं.

### कार्यों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं सीएम धामी व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह भी बचाव कार्यों की देखरेख के लिए उत्तरकाशी में ही रूके हुए हैं. बुधवार शाम उत्तरकाशी पहुंचे धामी फिलहाल सिलक्यारा के निकट मातली में रह रहे हैं जहां उन्होंने अपना अस्थाई कैंप कार्यालय स्थापित किया है. जनरल सिंह उत्तरकाशी में स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में ठहरे हुए हैं.

### तीसरी बार रोकी गई ड्रिलिंग

ऐसा तीसरी बार हुआ है जब किसी अड़चन की वजह से ड्रिलिंग को रोकना पड़ा है. इससे पहले बुधवार रात को मलबे में लोहे का गर्डर आने के कारण बचाव अभियान प्रभावित हुआ था और कई घंटों की देरी के बाद गुरुवार को ड्रिलिंग शुरू हो पायी थी.

### श्रमिकों की निकासी का पूर्वाभ्यास किया

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने शुक्रवार को पूर्वाभ्यास किया, जिसमें देखा गया कि वह निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए तैयार किए जा रहे रास्ते में अपने पहिए वाले स्ट्रेचर को कैसे ले जाएगा. अभ्यास के दौरान एनडीआरएफ का एक कर्मी रस्सी से बंधे पहिये वाले एक स्ट्रेचर को धकेलते हुए मार्ग से गुजरा और दूसरे छोर पर पहुंचने के बाद उसे वापस खींच लिया गया. पिछले 12 दिनों से अंदर फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए सुरंग में मलबे के बीच से 800 मिलीमीटर व्यास वाले स्टील पाइप का उपयोग करके एक रास्ता बनाया जा रहा है. एनडीआरएफ का एक कर्मी तैयार किये गए रास्ते में गया. वह पहिये वाले स्ट्रेचर पर नीचे की ओर मुंह करके लेटकर अंदर गया. उन्होंने बताया कि इस दौरान पाया गया कि पाइप के अंदर पर्याप्त जगह है और कर्मी को सांस लेने में कोई कठिनाई महसूस नहीं हुई.

# मुंबई हवाई अड्डे टर्मिनल-2 को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल प्रेषक ने मांगे बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर

**भाषा। मुंबई**

मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक ईमेल मिला है जिसमें उसके टर्मिनल दो को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है और ईमेल भेजने वाले ने ऐसा न करने के एवज में बिटकॉइन में दस लाख अमेरिकी डॉलर की मांग की है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को गुरुवार को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसके बाद सहार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई. हवाई अड्डे का संचालन मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) द्वारा किया जाता है. अधिकारी ने कहा कि ईमेल गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजकर छह मिनट पर हवाई अड्डे के 'फीडबैक इनबॉक्स' में प्राप्त हुआ था. यह एमआईएएल कंपनी के फीडबैक ईमेल पर आया था. संदेश भेजने वाले ने हवाई अड्डे के टर्मिनल दो पर विस्फोट न करने के लिए 48 घंटों के भीतर बिटकॉइन में 10 लाख अमेरिकी डॉलर की मांग की है. ईमेल में लिखा है कि यह आपके हवाई अड्डे के लिए अंतिम चेतावनी है.

## कर्मियों व संसाधनों की कमी के कारण अफगानिस्तान ने उठाया कदम

# दूतावास बंद करेगा अफगानिस्तान

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत में अफगानिस्तान के दूतावास ने भारत सरकार की ओर से लगातार चुनौतियां पेश किये जाने का दावा करते हुए अपना काम-काज स्थायी रूप से बंद करने की शुक्रवार को घोषणा की. अफगानिस्तान के दूतावास ने 30 सितंबर को घोषणा की थी कि वह एक अक्टूबर से अपना काम-काज बंद रहा है. उस समय मिशन ने भारत सरकार से समर्थन नहीं मिलने, अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने और कर्मियों एवं संसाधनों की कमी के कारण यह कदम उठाए जाने की बात कही थी.

**परिचालन बंद करने के बाद लिया निर्णय :** दूतावास ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि वह भारत सरकार द्वारा लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के कारण नई दिल्ली स्थित अपने राजनयिक मिशन को 23 नवंबर से स्थायी रूप से बंद करने की, खेद के साथ घोषणा करता है. यह निर्णय दूतावास द्वारा 30 सितंबर 2023 को परिचालन बंद करने के बाद लिया गया है. वह कदम इस उम्मीद में उठाया गया था कि नई दिल्ली स्थित अफगानिस्तान के दूतावास का काम सामान्य रूप से जारी रखने के लिए भारत सरकार के रुख में अनुकूल बदलाव आएगा.

### भारत ने तालिबान प्रशासन को मान्यता नहीं दी

भारत में अफगानिस्तानी दूतावास का नेतृत्व राजदूत फरीद मामुंदजई ने किया. मामुंदजई को अफगानिस्तान में पूर्ववर्ती अशरफ गनी सरकार ने नियुक्त किया था और अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने के बाद भी वह अफगान राजदूत के रूप में काम कर रहे थे. तालिबान द्वारा अप्रैल-मई में मामुंदजई की जगह मिशन का नेतृत्व करने के लिए अस्थायी राजदूत की नियुक्ति की खबरें आई थीं. इसके बाद दूतावास ने एक बयान जारी कर कहा था कि उसके नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं हुआ है. भारत ने तालिबान प्रशासन को अभी तक मान्यता नहीं दी है और वह काबुल में असल समावेशी सरकार के गठन की वकालत कर रहा है.

### फिल्ममेकर राजकुमार कोहली का निधन

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर राज कुमार कोहली का निधन हो गया है. 93 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा. मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ. वह एक्टर और 'बिग बॉस' फेम अरमान कोहली के पिता थे. अरमान के करीबी दोस्त विजय ग्रोवर ने इस खबर की पुष्टि की और बताया कि राज कुमार का अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा. बताया जा रहा है कि राज कुमार शुक्रवार सुबह नहाने के लिए बाथरूम गए थे, लेकिन जब वह काफी देर तक बार नहीं आए तो उनके बेटे अरमान दरवाजा तोड़कर अंदर गए. जहां उनके पिता बेसुध पड़े मिले. उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रशेखर राव पर साधा निशाना, कहा-

# केसीआर ने किया बड़ा घोटाला

**भाषा। हैदराबाद**

विधानसभा चुनाव से पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर हमला तेज करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आई तो घोटालों की जांच की जाएगी और दोषी लोगों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा.

शाह ने आरमुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने हजारों करोड़ रुपये का घोटाला किया है और उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि इस बारे में उनके खिलाफ कुछ नहीं होगा.



उन्होंने कहा कि केसीआर ने हजारों करोड़ रुपये के घोटाले किए हैं. केसीआर को लगता है कि कुछ नहीं होगा. केसीआर, गहरी नींद में न सोएं. आपका समय खत्म हो गया है. जो भी घोटाले हुए हैं, भाजपा सरकार उनकी जांच कराएगी और भ्रष्टाचार करने वालों को सलाखों के पीछे भेजेगी. शाह ने कहा कि केसीआर सरकार ने भ्रष्टाचार में कोई कसर नहीं छोड़ी. उन्होंने कुछ कथित घोटालों के रूप में 'मियापुर भूमि घोटाला', 'कविता जी का शराब घोटाला' (मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी और विधान परिषद सदस्य कविता), 'आउटर रिंग रोड घोटाले' का जिक्र किया. उन्होंने दोहराया कि भाजपा राज्य में यदि सत्ता में आई तो मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत कोटा समाप्त कर देगी और ओबीसी तथा अनुसूचित जनजाति को लाभ प्रदान करेगी. साथ ही अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुफ्त दर्शन की व्यवस्था करेगी.

### खास बातें

- भाजपा सरकार केसीआर के सभी घोटालों की जांच कराएगी
- भ्रष्टाचार करने वालों को सलाखों के पीछे भेजेगी भाजपा

## सम्मेलन | थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में तीसरे विश्व हिंदू कांग्रेस में बोले मोहन भागवत-

# भारत दिखाएगा दुनिया को प्रसन्नता व संतोष का मार्ग

**भाषा। बैंकॉक**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के साथ प्रयोगों के बाद लड़खड़ा रही दुनिया को प्रसन्नता और संतोष का मार्ग भारत दिखाएगा. थाइलैंड की राजधानी में तीसरी विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भागवत ने दुनियाभर के हिंदुओं से अपील की कि वे एक दूसरे से जुड़ें और मिलकर दुनिया से कड़ी जोड़ें. उन्होंने दुनियाभर से आए विचारकों, कार्यकर्ताओं, नेताओं और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हर हिंदू तक पहुंचना होगा, संपर्क साधना होगा. सभी हिंदू मिलकर दुनिया में सभी से संपर्क साधेंगे. हिंदू अधिक से अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं और दुनिया के साथ जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है. भागवत ने कहा कि दुनिया, खासतौर पर कोविड महामारी के बाद यह मान चुकी है और आम-सहमति से यह बात सोच रही है कि भारत प्रसन्नता और संतोष का मार्ग दिखाएगा.

### खास बातें

- लोग एक दूसरे से मिलकर दुनिया से कड़ी जोड़ें
- दुनिया के साथ जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है



### भारत नि:स्वार्थ सेवा के मामले में अग्रणी

संघ प्रमुख ने कहा कि हम नि:स्वार्थ सेवा के मामले में दुनिया में अग्रणी हैं. यह हमारी परंपराओं और मूल्यों में है. इसलिए लोगों तक पहुंचिए और दिल जीतिए. इस तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों को दुनियाभर में हिंदुओं के समक्ष आ रहीं चुनौतियों पर विचार-विमर्श का अवसर मिलेगा. भागवत ने कहा कि हिंदुओं को 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना का प्रसार करने में अहम भूमिका निभानी होगी. उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें साथ आना होगा, साथ रहना होगा और साथ में काम करना होगा.

### दुनिया के लिए सभी को योगदान देना होगा

भागवत ने कहा कि सभी को कुछ योगदान देना होगा. हमने अपनी विशेषता पहचान ली है. हमारे अंदर सभी के प्रति सम्मान है. हमारे पूर्वजों ने इसे पहचाना था लेकिन हम इस कौशल को भूल गए और टुकड़ों में बांट दिए गए और अधीन हो गए. अब हमें एक साथ आना होगा. उन्होंने कहा कि आक्रोश, घृणा, घृणा भरे भाषण, द्वेष और अहंकार लोगों को साथ में आने से रोकते हैं और समाज या संगठन को तोड़ देते हैं. वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद ने शंख बजाकर सम्मेलन की शुरुआत की. इसमें 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं.

# 'व्यास जी का तहखाना' मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर को

**भाषा। वाराणसी**

वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी परिसर में स्थित 'व्यास जी का तहखाना' की चाबी जिलाधिकारी को 'सौंपने' से संबंधित मामले की सुनवाई शुक्रवार को कचहरी परिसर में शोक के कारण नहीं कर सकी और अब इसके लिए अगली तारीख 29 नवंबर तय की गई है.

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर स्थित 'व्यास जी का तहखाना' को जिलाधिकारी को सौंपने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी. यादव ने बताया कि जिला जज ए के विश्वेश ने इस मामले में सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख तय की है. यादव ने अपनी याचिका में कहा है कि अधिकारियों ने 1993 में 'व्यास जी का तहखाना' के नाम से जाने जाने वाले तहखाने पर ताला लगाकर बैरिकेड लगा दिये थे. लेकिन इससे पहले तहखाने का इस्तेमाल पुजारी सोमनाथ व्यास द्वारा पूजा के लिए किया जाता था. यादव ने इसके पहले अनुरोध किया था कि तहखाने में रखी सामग्री के साथ छेड़छाड़ की आशंका के कारण तहखाने की चाबी जिला मजिस्ट्रेट को सौंप दी जाए.

### ज्ञानवापी विवाद

- अधिकारियों ने तहखाने पर बैरिकेड लगा दिये थे
- जिला जज एके विश्वेश ने इस मामले में तय की तारीख



25 नवंबर को होने वाले चुनाव को संपन्न कराने के लिए जयपुर में ईवीएम के साथ चुनावकर्मी.

## राजस्थान में विस चुनाव के लिए मतदान आज, तैयारियां पूरी

**भाषा। जयपुर**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शनिवार को होगा. इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. राज्य में 200 में से 199 सीटों पर मतदान हो रहा है, जहां 5.25 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे. अधिकारियों के अनुसार मतदान करवाने के लिए पौने तीन लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं.

राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस व मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी में माना जा रहा है, जहां इन दोनों पार्टियों के नेताओं का आक्रामक चुनाव प्रचार गुरुवार शाम थम गया. राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीटें हैं. करणपुर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार और मौजूदा विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव स्थगित किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि इन 199 सीटों पर 1862 उम्मीदवार मैदान में हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 5,25,38,105 है. इनमें 18-30 आयु वर्ग के 1,70,99,334 युवा मतदाता शामिल हैं.

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदान शनिवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. राज्य में कुल 36,101 स्थानों पर कुल 51,507 मतदान केंद्र बनाए गए हैं.



राजस्थान के भरतपुर में चुनाव कराने के लिए निकले मतदानकर्मी. फोटो : पीटीआई

## बीआरएस सरकार का अंत होने वाला है: प्रियंका गांधी



**भाषा। हैदराबाद**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के शासन का अंत होने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के युवाओं, महिलाओं और किसानों के साथ घोर अन्याय हो रहा है. वाड्रा ने यहां से लगभग 120 किलोमीटर दूर पालकुर्थी में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तेलंगाना में महिलाओं को हिंसक अपराधों का सामना करना पड़ता है और राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास तेलंगाना के लिए एक योजना है और राज्य के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए उन्हें मजबूत बनाने का एक दृष्टिकोण है। उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने का भी आरोप लगाया. कांग्रेस नेता ने कहा, 'युवाओं, महिलाओं और किसानों के साथ अन्याय हो रहा है. पिछले 10 वर्ष से शासन कर रही केसीआर (मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव) सरकार के शासन का अंत करीब है. उन्होंने मुख्यमंत्री राव की सरकार पर युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि बेरोजगारी के मामले में तेलंगाना देश में शीर्ष पर है. उन्हें रोजगार नहीं मिलता. परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं. भ्रष्टाचार है, तो ऐसे में युवाओं को क्या उम्मीद होगी?

### कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताने की अपील, गहलोत ने वीडियो साझा किया

## पायलट ने पुरानी बातें भुलाने को कहा

**भाषा। जयपुर**



राजस्थान में मतदान से एक दिन पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किया. इस वीडियो में पायलट लोगों से पुरानी बातें भुलाकर कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों को जिताने की अपील कर रहे हैं. यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर गुर्जरों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए सीधा हमला बोला था. राज्य में 200 विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर शनिवार को मतदान होना है, जहां सत्तारूढ़ कांग्रेस व मुख्य विपक्षी दल भाजपा में सीधा मुकाबला माना जा रहा है.

गहलोत ने पायलट का 1.51 मिनट का वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा है, 'कांग्रेस के युवा नेता सचिन पायलट जी की राजस्थान के लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील.' वीडियो में पायलट लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील करते हुए कह रहे हैं कि मतदाताओं के फीडबैक, जनता की प्रतिक्रिया और रुझान से साफ है कि आने वाले समय में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है.

उन्होंने लोगों से कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जिताने की अपील की है. वीडियो में उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'पिछले कुछ हफ्तों में हम सब लोग पार्टी के लिए प्रचार करने अलग अलग जगह गए. जो प्रतिक्रिया, फीडबैक मिला है और मतदाताओं का जो रूझान है उसे देखकर स्पष्ट है कि आने वाले समय में सरकार कांग्रेस पार्टी की बनने जा रही है.

उन्होंने कहा, तीस साल की जो परंपरा है कि पांच साल भाजपा, पांच साल कांग्रेस उस रिवाज में परिवर्तन आएगा और एक बार पुनः सभी लोग कांग्रेस पार्टी को अपना आशीर्वाद देंगे. पायलट के अनुसार, चुनाव प्रचार के लिए सैकड़ों सभाएं कीं लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहां हम चाहकर भी नहीं पहुंच सके. इसलिए मेरी आपसे विनम्र अपील है कि प्रदेश की विकास की गति को बनाए रखने के लिए, सबको साथ लेकर चलने की जो रीति नीति कांग्रेस की है उसको बनाए रखने के लिए ये जरूरी है कि हम सारी बातें भुलाकर 'हाथ' के निशान पर बटन दबाकर कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजश्री दिलाएं. पायलट ने कहा, मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में आप सब लोग अपने अपने कांग्रेस उम्मीदवारों को आशीर्वाद प्रदान करें.

उन्होंने लोगों से 25 नवंबर को भारी मात्रा में मतदान कर कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताने की अपील की. उन्होंने कहा, यह जीत कांग्रेस की जीत होगी, जनता की जीत होगी और आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हमने जो योजनाएं चालू की हैं उनको रोकने की भाजपा की सोच को हम कामयाब नहीं होने देंगे.

**खास बातें**

- सचिन पायलट ने सोशल मीडिया पर वीडियो डाला
- पीएम नरेंद्र मोदी के बयानों का जवाब भी दिया

## तेलंगाना में बेरोजगारी दर सबसे अधिक : जयराम रमेश

**भाषा। हैदराबाद**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर तेलंगाना में है. खम्मम में पत्रकारों से बात करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि तेलंगाना बनाने का एक प्रमुख कारण युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करना था. लेकिन, हम 10 साल बाद (तेलंगाना के गठन के) क्या देखते हैं? देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर तेलंगाना में है. युवा बेरोजगार हैं. पूरे भारत में ये (बेरोजगारी दर) 10 फीसदी है, जबकि तेलंगाना में 15 फीसदी है.

उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना में युवाओं द्वारा आत्महत्या करने के मामले भी अधिक हैं. रमेश ने राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए इसे लेकर बीआरएस सरकार की आलोचना की. कांग्रेस नेता ने कहा कि तेलंगाना के गठन का एक अन्य प्रमुख कारण यह भी था कि विभिन्न क्षेत्रों में सभी निवेश और सरकारी संस्थान हैदराबाद में स्थित थे जबकि ऐसा सोचा गया था कि तेलंगाना के गठन के साथ खम्मम, करीमनगर जैसे कस्बों और जिलों में निवेश आकर्षित होगा. उन्होंने दावा किया कि स्थिति वही की वही है, जो 10 साल पहले थी. रमेश ने कहा कि मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के बेटे और मंत्री के.टी. रामाराव का कहना है कि वह ब्रांड हैदराबाद बनाएंगे. उन्होंने कहा कि पिछली यूपीए सरकार का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने ब्रांड हैदराबाद के साथ-साथ ब्रांड तेलंगाना बनाने के लिए तेलंगाना का गठन किया था.

**खास बातें**

- राज्य गठन के 10 साल बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ
- राज्य गठन में सोनिया गांधी ने खुद किया था प्रयास

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# गेमिंग की पढ़ाई कर विद्यार्थी संवार सकते हैं अपना कॅरियर

**गेमिंग कोर्स का मुख्य उद्देश्य गेम्स बनाना, उन्हें डेवलप करना, ग्राफिक डिजाइनिंग करना, गेम स्टोरी लिखना, गेम प्रोग्राम तैयार करना आदि है. अच्छा गेम डिजाइनर बनने के लिए आप इसमें डिप्लोमा, बैचलर्स या पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स का विकल्प चुन सकते हैं.**

### गेमिंग में कॅरियर स्कोप

गेमिंग, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सबसे बड़ा वर्ग है. भारतीय गेमिंग बिज़नेस वर्तमान में लगभग 2,000 करोड़ से अधिक का है. भारत की 130 करोड़ की आबादी के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, जिनमें 2/3 लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं. इस विशेष बढ़त के साथ, भारत में दुनिया का सबसे बड़ा गेमिंग मार्केट प्लेस बनने की क्षमता है. नौकरी के ढेर सारे विकल्पों के साथ, यह एक अच्छा करियर स्कोप है. यह तकनीकी और क्रिएटिविटी का एक अद्भुत मिश्रण है. जहां तक आंकड़ों का सवाल है, गेमिंग दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले बिज़नेस में से एक है.

### गेमिंग में कॅरियर कैसे बनाएं

आप निरंतर प्रैक्टिस करते रहें. आप किसी गेमिंग कोर्स का भी चयन कर सकते हैं. यह इस क्षेत्र में आपके करियर के लिए काफी अच्छा सिद्ध हो सकता है. वर्तमान में विभिन्न ऑनलाइन गेम्स की भारी मांग है. पबजी, मोबा, एफपीएस, बैटल रॉयल जैसे कई लोकप्रिय गेम्स इसके अच्छे उदाहरण हैं.

### गेमिंग में टॉप सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सेज

- डिप्लोमा इन गेम डेवलपमेंट
- प्लोमा इन गेम प्रोग्रामिंग
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन गेम आर्ट एंड 3डी गेम कोंटेंक्ट सर्टिफिकेट
- एडवांस डिप्लोमा इन गेम प्रोग्रामिंग
- एडवांस डिप्लोमा इन गेम डिजाइंन एंड डेवलममेंट एप्लिकेशन
- डिप्लोमा इन प्रडक्शन गेमिंग
- सर्टिफिकेट इन गेमिंग
- सर्टिफिकेट इन गेम इंजीनियरिंग
- सर्टिफिकेट कोर्स इन गेमआर्ट्स एंड डिडाइन
- डिप्लोमा इन एमिनेशन, गेमिंग, एंड स्पेसीअल इफेक्ट
- डिप्लोमा इन गेम डिजाइन

### गेमिंग में टॉप पोस्टग्रेजुएट कोर्सेज

- एमए गेम्स एंटरप्राआइजेज
- मास्टर्स इन गेम डेवलपमेंट
- एमएससी गेम साइंस एंड डिजाइंनिंग
- एमएससी कंप्यूटर साइंस गेम्स टेक्नॉलोजी
- इंटरग्रेटेड एमएससी. इन मलटीमिडिया एंड एनिमेशन विथ गेम आर्ट्स एंड डिजाइनिंग
- एमएससी. इन गेम डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट




### गेमिंग में टॉप अंडरग्रेजुएट कोर्सेज़

- फाउंडेशन डिग्री इन गेम आर्ट्स एंड डिजाइनिंग
- एसोसिएट ऑफ अप्लाइड आर्ट्स एंड साइंस गेम आर्ट्स एंड डिजाइनिंग
- बीएसी गेम डेवलोममेंट
- बीए गेम डिजाइनिंग
- बीए गेम एंटरप्राइजेज
- बैचलर ऑफ मीडिया सर्टिफिकेट ऑफ मीडिया प्रोडक्शन (गेम डेवलपमेंट)
- बीएससी कंप्यूटर साइंस गेम सोफ्टवेयर डेवलपमेंट
- बीएससी इन गेमिंग
- बैचलर इन मीडिया एनिमेशन एंड डिजाइनिंग
- बीएससी एनिमेशन एंड गेमिंग
- बीटेक इन कंप्यूटर साइंस एंड गेम डेवलपमेंट
- बीए इन एनिमेशन एंड कंप्यूटर ग्राफिक्स

### गेमिंग कोर्सेज के लिए दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज

- ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथर्न कैलिफोर्निया
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ प्लायमाउथ
- आरएमआईटी यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लिमरिक
- न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथ ऑस्ट्रेलिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ अल्बर्टा
- मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी
- वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी

### कोर्सेज़ के लिए टॉप यूनिवर्सिटीज

- भारती विद्यापीठ विश्वविद्यालय, पुणे
- आईपिक्सो एनिमेशन कॉलेज, बैंगलोर
- एनिमास्टर अकादमी – एनिमेशन में उत्कृष्टता के लिए कॉलेज, बेंगलुरु
- एनिमेशन और गेमिंग अकादमी, नोएडा
- माया एकेडमी ऑफ एडवांस्ड सिनेमैटिक, मुंबई
- एरिना एनिमेशन, नई दिल्ली
- ज़ी इंस्टिट्यूट ऑफ़ क्रिएटिव आर्ट्स, बेंगलुरु
- एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ गेमिंग एंड एनिमेशन, बेंगलुरु
- ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ़ गेमिंग एंड एनीमेशन
- ईडन एनिमेशन एंड गेमिंग एकेडमी, बीकानेर

### गेमिंग में टॉप कॅरियर विकल्प

**गेमिंग में करियर केवल गेम खेलने और चैंपियनशिप बैटल्स तक ही सीमित नहीं है. इसमें चुनने के लिए विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे आप इस गेमिंग इंडस्ट्री का हिस्सा बन सकते हैं. आइए इसके अंतर्गत कुछ टॉप करियर विकल्प के बारे में विस्तार से जानते हैं:**

**गेम एनिमेटर**

यदि आप मोबाइल में गेम खेलना पसंद करते हैं तो आप PUBG के बारे में तो जानते ही होंगे. PUBG की ग्राफ़िक्स कितनी रियल और अच्छी लगती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन ग्राफ़िक्स के पीछे कौन हैं, एक गेम एनिमेटर. गेम एनिमेटर ही हैं जो गेम के करैक्टर और ऑब्जेक्ट के एनीमेशन का कार्य करते हैं, दूसरे शब्दों में कहें तो उनमें जान डाल देते हैं. वे आर्ट के साथ टेक्नोलॉजी को जोड़ते हैं और वीडियो गेम के लिए इंटरैक्टिव एनिमेटेड वातावरण और चित्र बनाते हैं. गेम एनिमेटर गेमिंग में करियर के लिए सबसे बेस्ट विकल्प में शामिल है.

**गेम प्रोड्यूसर**

एक वीडियो गेम प्रोड्यूसर पूरे गेम डेवलपमेंट साइकिल की योजना बनाने, कोऑर्डिनेशन और सुपरविजन में शामिल होता है. वे प्रोडक्ट के पार्ट एडिटर, पार्ट प्रोड्यूसर, पार्ट मैनेजर होते हैं. वे बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट के शेड्यूलिंग, बजट, डेवलपमेंट, एडिटिंग और लाइसेंसिंग का कार्य करते हैं. आप गेम प्रोड्यूसर के रूप में अपना करियर चुन सकते हैं.

**ऑडियो इंजीनियर**

वीडियो गेम का ओवरऑल अपीयरेंस और एक्सपीरियंस ऑडियो क्वालिटी पर निर्भर करता है. आप गेमिंग में करियर के लिए वीडियो गेम ऑडियो/साउंड इंजीनियर के रूप में इस इंडस्ट्री में अपना करियर बना सकते हैं. जिसमें आप गेम प्रोड्यूसर के निर्देशों के अनुसार गेमिंग एक्सपीरियंस को बढ़ाने के लिए पूरे गेम के साउंडट्रैक, वातावरण, वॉइस ओवर, बैकग्राउंड म्यूज़िक इत्यादि पर काम करेंगे.

**क्रिएटिव डायरेक्टर**

वीडियो गेम क्रिएटिव डायरेक्टर, गेम के एक्सपीरियंस के लिए जिम्मेदार होते हैं. गेम कांसेप्ट से लेकर इसकी एंडिंग तक गेम क्रिएटिव डायरेक्टर, गेम के सभी पहलुओं का मैनेजमेंट करते हैं. एक क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में आप गेमप्ले, ऑडियो और विजुअल स्टाइल, स्टोरी और नैरेटिव साथ ही साथ मार्केटिंग एलिमेंट्स पर भी काम करेंगे. बहुत से लोग जो गेमिंग में एक सफल करियर बनाना चाहते हैं और इस इंडस्ट्री से जुड़े रहना चाहते हैं, वे अक्सर एक क्रिएटिव डायरेक्टर बनने की इच्छा रखते हैं.

**गेम डिजाइनर**

गेम डिजाइनर की भूमिका वीडियो गेम को डिज़ाइन करने में शामिल नैरेटिव विशेषता, डिज़ाइन स्टोरी लाइन, कैरेक्टर बायो और अन्य तत्वों को बनाना है. वे विजुअल गेम पहलुओं जैसे कि करैक्टर, ग्राफ़िक्स, टूल और हथियार के लिए आर्टवर्क को डिज़ाइन करते हैं.

**गेम प्रोग्रामर**

वीडियो गेम प्रोग्रामर, वीडियो गेम के लिए कोड बेस के डेवलपमेंट में शामिल होते हैं. वे मुख्य रूप से गेम डेवलपमेंट टूल और गेमिंग प्रोग्राम पर काम करते हैं. एक गेम प्रोग्रामर के रूप में, आप विशेष रूप से गेम प्रोग्रामिंग पर काम करेंगे जिसके लिए कोडिंग और सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग में स्पेशलाइजेशन की आवश्यकता होती है. इस गेमिंग क्षेत्र में करियर की तलाश करने वालों के लिए यह सबसे पसंदीदा विकल्प में से एक है.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)